gradeup

मासिक जी.के. डाइजेस्ट

अगस्त 2021

मंथली डाइजेस्ट
अगस्त -2021

प्रिय पाठकों,
यह मंथली डाइजेस्ट अपडेट " अगस्त -2021" में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। इस फ़ाइल आगामी **बैंकिंग, एसएससी, रेलवे परीक्षा** और **साक्षात्कार** के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. ई-वाउचर-आधारित डिजिटल भुगतान समाधान 'e-RUPI' **भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI)** द्वारा विकसित किया गया है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉन्च किया है।
नोट: e-RUPI पहल सरकार तथा लाभार्थी के बीच संपर्क बिंदुओं को सीमित करने के लिए वर्षों में शुरू किए गए कार्यक्रमों में से एक होगी और "यह सुनिश्चित करेगी कि लाभ लक्षित तथा क्षरणरोधी तरीके से निर्दिष्ट लाभार्थियों तक पहुंचें"। e-RUPI डिजिटल भुगतान के लिए एक नकदरहित तथा संपर्क रहित साधन है। यह QR कोड या SMS स्ट्रिंग पर आधारित ई-वाउचर के रूप में कार्य करता है, जिसे लाभार्थियों के मोबाइल फोन पर भेजा जाता है। e-RUPI बिना किसी भौतिक इंटरफेस के डिजिटल तरीके से लाभार्थियों तथा सेवा प्रदाताओं के साथ सेवा प्रायोजकों को जोड़ता है।
2. हाल ही में जारी 2021 फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची में **वालमार्ट** पहले स्थान पर रही।
नोट: चाइना नेशनल पेट्रोलियम चौथे और साइनोपेक ग्रुप पांचवें स्थान पर था। अरबपति मुकेश अंबानी का तेल-दूरसंचार समूह रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड 2021 की फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची में 59 स्थान फिसलकर 155वें स्थान पर आ गया। कोविड-19 महामारी के चलते राजस्व में गिरावट के कारण रिलायंस रैंकिंग में नीचे चली गई।
3. हाल ही में जारी 2021 फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची में **स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL)** शामिल नहीं हैं।
नोट: चाइना नेशनल पेट्रोलियम चौथे और साइनोपेक ग्रुप पांचवें स्थान पर था। अरबपति मुकेश अंबानी का तेल-दूरसंचार समूह रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड 2021 की फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची में 59 स्थान फिसलकर 155वें स्थान पर आ गया। कोविड-19 महामारी के चलते राजस्व में गिरावट के कारण रिलायंस रैंकिंग में नीचे चली गई।
4. **भारतीय स्टेट बैंक** ने ग्राहकों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए अपने डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म में 'सिम बाइंडिंग' सुविधा शुरू की है।
नोट: इसके तहत YONO तथा YONO Lite ऐप केवल उन्हीं डिवाइस पर काम करेंगे, जिनमें बैंकों में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबरों के सिम हैं। उद्देश्य: ग्राहकों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करना और उन्हें सुविधाजनक एवं सुरक्षित ऑनलाइन बैंकिंग का अनुभव देना।
5. फाइनेंशियल टाइम्स प्रकाशन, द बैंकर ने अपने 2021 इनोवेशन इन डिजिटल बैंकिंग अवार्ड्स में **डीबीएस बैंक** को मोस्ट इनोवेटिव इन डिजिटल बैंकिंग के लिए वैश्विक विजेता के रूप में सम्मानित किया।
नोट: उन्हें एशिया-प्रशांत विजेता के रूप में भी सम्मानित किया गया और अपने सिक्योर एक्सेस और रिमोट वर्किंग सॉल्यूशन के लिए साइबर सुरक्षा श्रेणी में पुरस्कार जीता। बैंकर्स का इनोवेशन इन डिजिटल

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

बैंकिंग अवॉर्ड: यह दुनिया के सबसे अभिनव बैंकों को उनकी डिजिटल बैंकिंग पहल, डिजिटल परिवर्तन हेतु कार्यनीति एवं समग्र प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित करता है।

6. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा **इंडसइंड बैंक** को सरकारी कामों से संबंधित लेनदेन की सुविधा हेतु 'एजेंसी बैंक' के रूप में कार्य करने के लिए सूची में शामिल किया गया है।

   नोट: एक एजेंसी बैंक बनने के बाद, इंडसइंड सभी प्रकार के सरकारी कामों से संबंधित लेनदेन करने के लिए पात्र हो जाएगा। बैंक अपने सामान्य बैंकिंग कार्यों के अलावा, केंद्र तथा राज्य सरकार की ओर से सामान्य बैंकिंग कार्य कर सकता है। यह राज्य/केंद्र सरकार की ओर से CBDT, CCBIC और GST के तहत राजस्व प्राप्तियों से संबंधित लेनदेन देख सकता है।

7. **HDFC बैंक** ने दुकानदारों तथा व्यापारियों को उनकी नकदी की मुश्किलों को दूर करने में सहायता हेतु छोटे खुदरा विक्रेताओं के लिए एक ओवरड्राफ्ट सुविधा 'दुकानदार ओवरड्राफ्ट योजना' शुरू की है।

   नोट: इसे कॉमन सर्विस सेंटर्स स्पेशल पर्पज व्हीकल (CSC SPV) के साथ साझेदारी में लॉन्च किया गया है। पात्रता: कम से कम 3 वर्षों से काम करने वाले खुदरा विक्रेता। लाभार्थियों को किसी भी बैंक से छह महीने का बैंक विवरण देना होगा।

8. वैश्विक चलनिधि को बढ़ाने में सहायता हेतु अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा **650 बिलियन डॉलर** धनराशि स्वीकृत की गई है।

   नोट: उद्देश्य: सदस्य देशों, विशेष रूप से उभरते तथा विकासशील देशों की सहायता करना, जो कोरोना वायरस महामारी और इसके कारण हुई आर्थिक मंदी से जूझ रहे हैं। आवंटन 23 अगस्त, 2021 से प्रभावी होगा। नए बनाए गए SDR सदस्य देशों को उनके मौजूदा कोटे के अनुपात में कोष में जमा किए जाएंगे।

9. भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन विधेयक), 2021 के अनुसार, प्री-पैकेज्ड इन्सॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन शुरू करने की न्यूनतम सीमा को बढ़ाकर **1 करोड़ रुपये** कर दिया गया है।

   नोट: विधेयक अप्रैल में लागू IBC संशोधन अध्यादेश, 2021 को बदलने का प्रयास करता है, जिसने सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमों (MSME) के लिए एक करोड़ रुपये तक की डिफॉल्ट राशि के साथ एक इन्सॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन मैकेनिज़्म के रूप में प्री-पैक पेश किया। विधेयक के उद्देश्य तथा कारण विवरण के अनुसार, यह प्री-पैकेज्ड इन्सॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रक्रिया शुरू करने के साथ-साथ एक ही कॉरपोरेट देनदार के खिलाफ लंबित इन्सॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रक्रिया तथा प्री-पैकेज्ड इन्सॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रक्रिया शुरू करने के लिए समकालिक आवेदनों के निपटान के प्रावधान हेतु अधिकतम 1 करोड़ रुपये की न्यूनतम सीमा निर्दिष्ट करने का प्रयास करता है।

10. **विश्व बैंक** ने भारत में दीर्घकालिक बांध सुरक्षा कार्यक्रम और भारत के मौजूदा बांधों के बेहतर कार्य-निष्पादन के लिए द्वितीय बांध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना (DRIP-2) समझौते के रूप में भारत में 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर की परियोजना को मंजूरी दी।

    नोट: समझौता विश्व बैंक, भारत सरकार, केंद्रीय जल आयोग (CWC) और 10 भागीदार राज्यों के सरकारी प्रतिनिधियों के बीच किया गया था। कार्यान्वयन एजेंसी: CWC राज्य स्तर पर, राज्यों में लगभग 120 बांध बनाए जाएंगे।

11. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने **भुगतान बैंक** को निवेश बैंकरों का कार्य करने की अनुमति दी है ताकि निवेशकों को विभिन्न भुगतान माध्यमों, बाजार नियामक का उपयोग करके सार्वजनिक तथा आधिकारिक निर्गमों में भाग लेने में आसान पहुंच प्रदान की जा सके।

    नोट: गैर-अनुसूचित भुगतान बैंक, जिन्हें भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) से पूर्वानुमति प्राप्त है, किसी निर्गम (BTI) के लिए बैंकर के रूप में कार्य करने के पात्र होंगे। यह BTI नियमों में निर्धारित शर्तों की पूर्ति के अधीन है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

इसके अलावा, BTI के रूप में पंजीकृत भुगतान बैंकों को स्व-प्रमाणित सिंडिकेट बैंकों के रूप में कार्य करने की भी अनुमति होगी, बशर्ते कि इस संबंध में SEBI द्वारा समय-समय पर निर्धारित मानदंडों को पूरा किया जाए।

12. RBI द्वारा अगस्त 2021 में जारी द्विमासिक मौद्रिक नीति के अनुसार वित्त वर्ष 2022 के लिए सकल घरेलू उत्पाद विकास दर का पूर्वानुमान **9.5%** है।
नोट: RBI ने वित्त वर्ष 2022 के लिए GDP विकास दर पूर्वानुमान 9.5% पर अपरिवर्तित रखा है। RBI सरकारी प्रतिभूति अधिग्रहण कार्यक्रम (GSAP) के तहत 12 अगस्त और 26 अगस्त को 25,000 करोड़ रुपये की दो नीलामियां आयोजित करेगी। 2021-22 के दौरान CPI मुद्रास्फीति 5.7% पर अनुमानित है - इसमें व्यापक रूप से संतुलित जोखिम के साथ 2021-22 की दूसरी तिमाही में 5.9%, तीसरी तिमारी में 5.3% और चौथी तिमाही में 5.8% है।

13. सरकार ने देश में मौजूदा बांध अवसंरचना को सुरक्षित बनाने के लिए **विश्व बैंक** के साथ 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण समझौता किया है।
नोट: केंद्रीय जल आयोग के साथ-साथ 10 भागीदार राज्यों के सरकारी प्रतिनिधि भी ऋण समझौते का हिस्सा हैं। 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर की दीर्घकालिक परियोजना बांध सुरक्षा कार्यक्रम और भारत के विभिन्न राज्यों में मौजूदा बांधों की सुरक्षा तथा कार्य-निष्पादन में सुधार के लिए है।

14. ग्रामीण बाजार में गैर-जीवन बीमा निवेश बढ़ाने के लिए **SBI जनरल इंश्योरेंस** ने सहीपे के प्रमोटर मणिपाल बिजनेस सॉल्यूशंस के साथ साझेदारी की घोषणा की है।
नोट: बीमाकर्ता ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इस साझेदारी के माध्यम से, SBI जनरल साहीपे के ग्राहकों को अनेक गैर-जीवन बीमा समाधान प्रदान करेगी। यह समझौता ग्रामीण क्षेत्रों तक कंपनी की पहुंच बढ़ाने के प्रयास का समर्थन करने के लिए सही कदम है।

15. बहुपक्षीय वित्तपोषण एजेंसी एशियाई विकास बैंक (ADB) ने **झारखंड** पर जल आपूर्ति अवसंरचना के वित्तपोषण हेतु 831 करोड़ रुपये (112 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक के ऋण को मंजूरी दी है।
नोट: ADB ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह परियोजना राज्य के चार शहरों को कवर करेगी। यह परियोजना बेहतर गुणवत्ता युक्त शहरी अवसंरचना के माध्यम से झारखंड के शहरी निवासियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए झारखंड विजन एंड एक्शन प्लान 2021 का समर्थन करती है।

16. **सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक (SSFB)** ने ग्राहकों को कोविड -19 महामारी के बीच अपनी संपत्ति बढ़ाने और अपने परिवार के स्वास्थ्य की देखभाल में सहायता हेतु 'स्वास्थ्य एवं कल्याण बचत खाता' शुरू किया है।
नोट: खाता आकर्षक ब्याज दर प्रदान करता है और चार सदस्यों के परिवार के लिए तीन प्रमुख लाभों - 25 लाख रुपये का टॉप-अप स्वास्थ्य बीमा, वार्षिक स्वास्थ्य देखभाल पैकेज और कॉल करने पर आपातकालीन एम्बुलेंस चिकित्सा सेवाओं के साथ आता है। खाता खोलने के बाद एक वर्ष के लिए टॉप-अप स्वास्थ्य बीमा और स्वास्थ्य देखभाल पैकेज निःशुल्क हैं। निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा देश भर में 102 स्थानों पर 20 किमी की दूरी तक मार्च, 2022 के अंत तक उपलब्ध होगी।

17. राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (NFDB) ने **पंजाब नेशनल बैंक** के माध्यम से वित्तीय सहायता विस्तार के लिए बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन किया है।
नोट: सरकार ने 2018-19 में मत्स्यपालन एवं जल-कृषि अवसंरचना कोष (FIDF) बनाया और इसे 7,522.48 करोड़ रुपये की निधि के साथ लागू किया जा रहा है, जिसमें 5,266.40 करोड़ रुपये NABARD, NCDC तथा सभी अनुसूचित बैंकों जैसी नोडल ऋणदाता संस्थाओं (NLE) द्वारा जुटाए जाएंगे।

18. **SBI जनरल इंश्योरेंस** जनरल इंश्योरेंस कंपनी ने ग्रामीण बाजार में अपनी गैर-जीवन बीमा पैठ बढ़ाने हेतु

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

फिनटेक प्लेटफॉर्म साहीपे के ग्राहकों तक पहुंच के लिए मणिपाल बिजनेस सॉल्यूशंस के साथ भागीदारी की है।

नोट: मणिपाल बिजनेस सॉल्यूशंस साहीपे का प्रमोटर है, जो देश के अर्ध-शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न व्यावसायिक संस्थाओं को डिजिटल तथा वित्तीय सेवाएं प्रदान करता है। इसके तहत, SBI जनरल साहीपे ग्राहकों को अनेक गैर-जीवन बीमा समाधान प्रदान करेगा। यह पहल देश में अपने वितरण पदचिह्न को मजबूत करने तथा भारत के लिए सबसे विश्वसनीय सामान्य बीमाकर्ता बनने में SBI जनरल की कार्यनीति का हिस्सा है।

19. **ICICI प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस** ने ग्राहकों को एकीकृत भुगतान इंटरफेस (UPI) AUTOPAY सुविधा प्रदान करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के साथ भागीदारी की है।

नोट: यह ग्राहकों को अपने घरों से बीमा पॉलिसी खरीद तथा प्रीमियम भुगतान डिजिटल रूप से करने की अनुमति देगा, यह सुविधा कोविड-19 महामारी के बीच प्रासंगिक है। इस साझेदारी के साथ, ICICI प्रूडेंशियल लाइफ UPI AUTOPAY सुविधा प्रदान करने वाली पहली ऐसी जीवन बीमा कंपनी बन गई है। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए, ग्राहक जीवन बीमा पॉलिसी खरीदते समय अपने बैंक खातों को UPI AUTOPAY से लिंक कर सकते हैं और प्रीमियम का भुगतान कर सकते हैं।

20. फेसबुक इंक के नेतृत्व में निवेशकों से 6.70 बिलियन रुपये (90 मिलियन डॉलर) जुटाने के बाद भारत की पहली क्रिप्टोकरेंसी यूनिकॉर्न **CoinDCX।**

नोट: नवीनतम निधीकरण में कंपनी का मूल्य 1.1 बिलियन डॉलर आंका गया है। अन्य निवेशकों में मौजूदा साझेदार कॉइनबेस वेंचर्स, पॉलीचैन कैपिटल, ब्लॉक.वन और जंप कैपिटल शामिल हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 30 वर्षीय इंजीनियर ने 2018 में CoinDCX की स्थापना से पहले ब्लॉकचेन और क्रिप्टोकरेंसी के बारे में अध्ययन के लिए रोजाना कई घंटे का समय दिया है।

21. **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया** ने सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम (MSME) उधारकर्ताओं को प्रतिस्पर्धी दरों पर प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के तहत स्वर्ण आभूषणों के सामने ऋण प्रदान करने के लिए धनवर्षा फिनवेस्ट लिमिटेड (DFL) के साथ एक रणनीतिक को-लेंडिंग साझेदारी की है।

नोट: इस साझेदारी के तहत, DFL संयुक्त रूप से तैयार किए गए ऋण मापदंडों तथा पात्रता मानदंड के अनुसार स्वर्ण आभूषणों पर ऋण प्रदान करेगा और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक की स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, CBoI पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों के तहत अपने बही खातों में 80 प्रतिशत स्वर्ण ऋण लाएगा। DFL पूरे ऋण काल में ऋण खाते में मदद करेगा।

22. एशियाई विकास बैंक ने **महाराष्ट्र** में ग्रामीण सड़कों के लिए अतिरिक्त 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है।

नोट: अगस्त 2019 में स्वीकृत जारी परियोजना, पूरे महाराष्ट्र में 2,100 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों की दशा तथा सुरक्षा में सुधार और देखरेख कर रही है। बहुपक्षीय वित्त पोषण एजेंसी ने कहा कि अतिरिक्त वित्तपोषण से 34 जिलों में कुल 2,900 किलोमीटर लंबाई के लिए अतिरिक्त 1,100 ग्रामीण सड़कों तथा 230 पुलों का सुधार होगा।

23. स्टार्टअप्स को विशेष ऋण देने के लिए **इंडियन बैंक** ने IIMB की इन्क्यूबेशन शाखा NSRCEL के साथ करार किया है।

नोट: NSRCEL को स्टार्ट-अप, उद्योग सलाहकारों और मूल संस्थानों, IIM बैंगलोर के प्रख्यात शिक्षाविदों तथा ऐसे शोधकर्ताओं के पालन-पोषण के लिए जाना जाता है जो सिद्धांत तथा अभ्यास के निरंतर पारस्परिक प्रभाव पर फलते-फूलते हैं। IIMB प्रौद्योगिकी तथा ज्ञान आधारित उपक्रमों को भी बढ़ावा देता है। स्टार्टअप को

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

विस्तार तथा विकास के लिए धन की आवश्यकता होती है। उनके सामने सबसे आम समस्याओं में से एक धनात्मक नकदी प्रवाह बनाए रखना है।

24. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 1 अक्टूबर, 2021 से नकदी से खाली हाने वाले ATM पर **10000 रुपये** की राशि का मौद्रिक शुल्क वसूलने का फैसला किया है।

नोट: इसलिए, यह निर्णय लिया गया है कि बैंक/व्हाइट लेबल ATM ऑपरेटर (WLAO) ATM में नकदी की उपलब्धता की निगरानी के लिए अपने सिस्टम/तंत्र को मजबूत करेंगे और नकदी खाली होने से बचने के लिए समय पर नकदी आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। इस संबंध में किसी भी गैर-अनुपालन को गंभीरता से लिया जाएगा और मौद्रिक दंड लगाया जाएगा। 'ATM की पुनःपूर्ति न करने के लिए जुर्माने की योजना' शुरू करते हुए, केंद्रीय बैंक ने कहा कि एक महीने में 10 घंटे से अधिक समय तक नकदी खाली होने की स्थिति में प्रति ATM 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

25. फॉरेन, कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट, यूके (FCDO UK) के साथ साझेदारी में **SIDBI** ने 'स्वावलंबन चैलेंज फंड' (SCF) लॉन्च किया है।

नोट: एक चैलेंज फंड संगठनों के बीच प्रतिस्पर्धा का उपयोग करके विशिष्ट उद्देश्यों के लिए धन आवंटन हेतु एक निधि सहायता तंत्र है। मान लीजिए कि कोई सुझाव है जिसे संचालित करने या बढ़ाने की आवश्यकता है, लेकिन निधि एक समस्या है, तो चैलेंज फंड सुझाव को निर्धारित विषय में प्रस्तुत करने, इसे लागू करने और मान्य करने के लिए समाधान मंच प्रदान करता है। बाद में अन्य दाता/वित्तपोषक सहायता का लाभ उठाकर इसे बढ़ाया जा सकता है।

26. भारतीय रिजर्व बैंक ने दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) के तहत स्वयं सहायता समूहों (SHG) को संपार्श्विक मुक्त ऋण की सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर **20 लाख रुपये** कर दी है।

नोट: आमतौर पर, वाणिज्यिक बैंक SHG को ऋण प्रदान करते हैं। 10 लाख तक के SHG ऋण के लिए कोई संपार्श्विक और कोई अतिरिक्त राशि नहीं ली जाएगी। SHG के 10 लाख से 20 लाख तक के ऋण के लिए कोई संपार्श्विक शुल्क नहीं लिया जाएगा और SHG के बचत बैंक खाते के खिलाफ कोई ग्रहणाधिकार नहीं होगा।

27. भारतीय नौसेना ने नौसेना के सेवारत कर्मियों और सेवानिवृत्त सैनिकों हेतु एक प्रीमियम बैंकिंग समाधान 'ऑनर फर्स्ट' शुरू करने के लिए **IDFC फर्स्ट बैंक** के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किया है।

नोट: ऑनर फर्स्ट डिफेंस अकाउंट को विशेष रूप से सशस्त्र बलों और इसके सेवानिवृत्त सैनिकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। ऑनर फर्स्ट के खाताधारक को सेवानिवृत्त सैनिकों की एक विशेष टीम द्वारा सहायता मिलेगी। ऑनर फर्स्ट डिफेंस अकाउंट कई तरह के विशेषाधिकारों और सुविधाओं के साथ आता है जैसे जीरो बैलेंस सैलरी अकाउंट जो 5 प्रतिशत तक वार्षिक ब्याज देता है और एक नेटबैंकिंग तथा मोबाइल ऐप जो बेहतर यूजर इंटरफेस और अनुभव प्रदान करता है।

28. निम्न आय वर्ग के उद्यमियों को ऋण मंजूर करने के लिए **SIDBI** ने 'डिजिटल प्रयास' नामक एक ऐप-आधारित डिजिटल-लेंडिंग प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है।

नोट: दिन पूरा होने तक ऋण स्वीकृत किया जाएगा। SIDBI ने शहरी क्षेत्रों में आकांक्षी युवाओं की जरूरतें पूरी करने के लिए बिगबास्केट के साथ करार किया है तथा यह बिगबास्केट के वितरण भागीदारों के साथ प्रस्थापित हो जाएगा और पर्यावरण के अनुकूल ई-बाइक और ई-वैन की खरीद के लिए सस्ती ब्याज दर पर ऋण प्रदान करेगा।

29. **RBL बैंक** ने Amazon.com कंपनी अमेजन वेब सर्विसेज (AWS) को अपना पसंदीदा क्लाउड प्रदाता चुना है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: RBL बैंक ने Amazon.com कंपनी अमेजन वेब सर्विसेज (AWS) को अपने पसंदीदा क्लाउड प्रदाता के रूप में चुना है। AWS RBL बैंक को अपने AI-संचालित बैंकिंग समाधानों को मजबूत करने और बैंक में डिजिटल परिवर्तन संचालन में मदद करता है, जिससे बैंक की नवीन पेशकशों की अहमियत बढ़ती है, लागत बचत होती है और जोखिम नियंत्रण सख्त होता है।

30. **भारतीय स्टेट बैंक** ने संयुक्त देयता समूहों के वित्तपोषण के लिए NABARD और जम्मू-कश्मीर ग्रामीण बैंक (JKGB) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

    नोट: MoU का उद्देश्य 1000 संयुक्त देयता समूहों (JLG) को वित्तपोषित करना और काश्तकारों, मौखिक पट्टेदारों, बटाईदारों, छोटे तथा सीमांत किसानों (SF/MF) आदि के लिए ऋण प्रवाह को बढ़ाना है। JLG वित्तपोषण पर समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया और NABARD जम्मू-कश्मीर क्षेत्रीय कार्यालय, SBI और JKGB के बीच आदान-प्रदान किया गया।

31. अगस्त 2021 में, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने **को-ऑपरेटिव राबोबैंक यू.ए.** पर 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

    नोट: बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के कुछ प्रावधानों और 'आरक्षित निधियों के हस्तांतरण' से संबंधित निर्देशों के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया है। इसी से संबंधित जोखिम मूल्यांकन रिपोर्ट की जांच में बैंकिंग विनियमन अधिनियम के प्रावधानों और RBI द्वारा जारी निर्देशों के उल्लंघन का खुलासा हुआ।

32. एक करोड़ फास्टैग जारी करने की उपलब्धि हासिल करने वाला भारत का पहला बैंक **पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड** है।

    नोट: फास्टैग जारीकर्ता बैंक के रूप में इसकी 28 प्रतिशत हिस्सेदारी है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के आंकड़ों के अनुसार, जून 2021 के अंत तक सभी बैंकों द्वारा कुल लगभग 3.47 करोड़ फास्टैग जारी किए गए थे। PPBL नेशनल इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन (NETC) कार्यक्रम के तहत भारत का सबसे बड़ा टोल प्लाजा अधिग्राहक भी है।

33. पंजाब राज्य सरकार ने **HDFC बैंक** के साथ साझेदारी करके गांवों में जलापूर्ति बिलों का ऑनलाइन भुगतान शुरू किया है।

    नोट: इसकी जानकारी पंजाब की जलापूर्ति तथा स्वच्छता मंत्री रजिया सुल्ताना ने दी, जिन्होंने साहिबजादा अजीत सिंह (SAS) नगर (मोहाली) जिले के गांवों में जलापूर्ति बिलों के ऑनलाइन भुगतान हेतु ऑनलाइन बिलिंग और राजस्व निगरानी प्रणाली (RMS) शुरू की। यह प्रणाली HDFC (हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड) बैंक के सहयोग से लागू की जा रही है, जिसने एक तकनीकी तथा बैंकिंग प्लेटफॉर्म प्रदान किया है।

34. **इंडियन बैंक** ने पश्चिम बंगाल में एक प्रमुख व्यवसाय परामर्श कार्यक्रम "MSME प्रेरणा" शुरू किया है।

    नोट: MSME प्रेरणा मूल्य एवं क्षमता अनुकूलन द्वारा व्यवसाय को अधिक कुशलता से संचालित करने में MSME उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए पूर्णथा एंड कंपनी के सहयोग से शुरू किया गया एक अनूठा और अभिनव व्यवसाय परामर्श कार्यक्रम है। कार्यक्रम राज्य की स्थानीय भाषा 'बांग्ला' में होगा। "MSME प्रेरणा" केंद्र तथा राज्य सरकारों और अन्य नियामकों की विभिन्न पहलों पर जागरूकता फैलाने के अलावा MSME उद्यमियों की प्रबंधकीय तथा वित्तीय क्षमताओं को विकसित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

35. भारतीय रिजर्व बैंक ने महाराष्ट्र में स्थित करनाला नगरी सहकारी बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द किया।

    नोट: बैंक को बंद करने और बैंक के लिए एक परिसमापक नियुक्त करने का आदेश जारी किया गया है। RBI ने सूचित किया है कि 95% जमाकर्ताओं को उनकी पूर्ण जमा राशि प्राप्त होगी। परिसमापन पर, प्रत्येक जमाकर्ता अपनी जमा राशि पर 5 लाख रुपये

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

की मौद्रिक सीमा तक जमा राशि बीमा क्लेम प्राप्त करने का हकदार होगा।

36. रुपे तथा RBL बैंक के साथ साझेदारी में डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म **क्रेडिटबी** ने रुपे प्लेटफॉर्म पर एक वर्चुअल प्रीपेड कार्ड लॉन्च किया है।

नोट: यह असेवित और अल्पसेवित बैंकिंग ग्राहकों को अनेक पुनर्भुगतान विकल्पों के साथ अल्पकालिक चलनिधि पहुंच प्रदान करेगा। क्रेडिटबी कार्ड की विशेषताएं: कार्ड के अंतर्गत, ग्राहक 10,000 रुपये तक की क्रेडिट सीमा का लाभ उठा सकते हैं, जिसे 45 दिनों के भीतर एकल बिल चक्र में चुकाना होगा।

37. **DBS बैंक इंडिया** ने शिपिंग उद्योग में फ्रेट फारवर्डरों को ऋण समाधान प्रदान करने हेतु 'ODeX पे लेटर सॉल्यूशंस' पेश करने के लिए ODeX इंडिया सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की है।

नोट: ODeX ग्राहकों को अपने सभी महासागरीय पोत-परिवहन लेनदेन के लिए व्यापक भुगतान पहुंच तथा वित्तीय समाधान प्राप्ति में सक्षम बनाना। ODeX पे लेटर सॉल्यूशंस, फ्रेट फारवर्डरों को सीधे शिप लाइनर्स को भुगतान करने की सुविधा देगा। 3 करोड़ रुपये से 200 करोड़ रुपये के टर्नओवर और समान उद्योग में 5 वर्ष से अधिक समय पूरा कर चुके व्यवसाय DBS बैंक से 50 लाख रुपये तक का प्रतिभूति-रहित ऋण प्राप्त करने के पात्र हैं।

38. **कोटक महिंद्रा बैंक** ने विफल ऋण पुनर्भुगतान के लिए DIY पुनर्भुगतान मंच लॉन्च किया है।

नोट: कोटक महिंद्रा बैंक ने क्रेडिटास सॉल्यूशंस के साथ मिलकर विफल ऋण पुनर्भुगतान के लिए एक सुरक्षित, डू इट योरसेल्फ डिजिटल रीपेमेंट प्लेटफॉर्म शुरू किया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा मशीन लर्निंग द्वारा संचालित, 'नियो कलेक्शंस' प्लेटफॉर्म एक व्यक्तिगत और अहस्तक्षेपी अनुभव प्रदान करता है जो ग्राहकों को अंत:प्रज्ञ पुनर्भुगतान प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी बकाया राशि का प्रबंधन करने में सक्षम बनाता है। सही ग्राहक खंड को लक्षित करने के लिए डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करते हुए, 'नियो कलेक्शंस' प्लेटफॉर्म प्रत्येक ग्राहक से जुड़ने के लिए अत्यंत वैयक्तिक परिदृश्य बनाता है।

39. **कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक** ने 'किसान पंजीकरण एवं एकीकृत लाभार्थी सूचना प्रणाली' (FRUITS) पोर्टल लॉन्च किया है।

नोट: कर्नाटक सरकार के सहयोग से कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक (KVGB) जिसका मुख्यालय धारवाड़ में है, ने 'किसान पंजीकरण एवं एकीकृत लाभार्थी सूचना प्रणाली' (FRUITS) पोर्टल लॉन्च किया है। कर्नाटक सरकार की इस नवीनतम पहल में, सभी किसानों को पंजीकृत किया जाएगा और उन्हें एक FRUITS ID (FID) नंबर दिया जाएगा। इस नंबर का उपयोग करके, वित्तीय तथा ऋणदाता संस्थाएं किसानों के भूमि विवरण के साथ-साथ उनकी उधार राशियों के बारे में जान सकती हैं और उनकी आवश्यकताओं के आधार पर उन्हें उधार देने पर त्वरित निर्णय ले सकती हैं।

40. भारत ने **बेंगलुरु** में मेट्रो रेल नेटवर्क का विस्तार करने के लिए एशियाई विकास बैंक (ADB) के साथ 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किया है।

नोट: इस संबंध में भारत सरकार तथा ADB के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह परियोजना 30 स्टेशनों के साथ सेंट्रल सिल्क बोर्ड और केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच बाहरी रिंग रोड और राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के समांतर दो नई मेट्रो लाइनों (ज्यादातर ऊंची) का निर्माण करेगी।

41. **निर्यात-उन्मुख कंपनियों और स्टार्टअप** के लिए एक महत्वाकांक्षी 'उभरते सितारे फंड' शुरू किया गया है।

नोट: फंड की स्थापना एक्ज़िम बैंक और SIDBI द्वारा की गई है। इसे लखनऊ, उत्तर प्रदेश में लॉन्च किया जाएगा। पिछले वर्ष अपने बजट भाषण में, सीतारमण ने उल्लेख किया था कि अर्थव्यवस्था के पहियों को गतिमान रखने के लिए MSME महत्वपूर्ण हैं। वे

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

रोजगार, नवाचार भी उत्पन्न करते हैं और जोखिम भी लेते हैं।

42. इंडिया रेटिंग्स (Ind-Ra) के अनुसार वित्त वर्ष 2022 के लिए भारतीय GDP की विकास दर **9.4%** होगी।
नोट: पहली तिमाही में यह 15.3 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 8.3 प्रतिशत और वर्ष की शेष दो तिमाहियों में से प्रत्येक में यह 7.8 प्रतिशत होगी। एजेंसी के अनुमान बताते हैं कि चालू वित्त वर्ष में मार्च तक 88 प्रतिशत से अधिक वयस्क आबादी के पूर्ण टीकाकरण के साथ-साथ शेष को एक खुराक देने के लिए अब से प्रतिदिन 5.2 मिलियन लोगों का टीकाकरण जरूरी होगी।

43. हुरुन ग्लोबल 500 मोस्ट वैल्यूएबल कंपनी लिस्ट 2021 के अनुसार **एप्पल** को 2,443 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी घोषित किया गया है।
नोट: एप्पल के बाद माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन का स्थान है। भारत: रिलायंस इंडस्ट्रीज (188 बिलियन अमेरिकी डॉलर) 57वें स्थान पर है और सूची में शीर्ष भारतीय कंपनी है। इस सूची में विप्रो, HCL और एशियन पेंट्स के साथ कुल 12 भारतीय कंपनियां हैं।

44. ऑनलाइन लेंडिंग प्लेटफॉर्म इंडिफी के साथ साझेदारी में सोशल मीडिया कंपनी **फेसबुक** ने भारत में स्माल बिजनेस लोन पहल शुरू की है।
नोट: भारत पहला देश है जहां फेसबुक यह कार्यक्रम शुरू कर रहा है। उद्देश्य: स्वतंत्र ऋण देने वाले भागीदारों के माध्यम से क्रेडिट/ऋण तक त्वरित पहुंच प्राप्त करने के लिए फेसबुक पर विज्ञापन देने वाले लघु एवं मध्यम व्यवसायों (SMB) की मदद करना। यह लघु व्यवसायों के लिए व्यवसायिक ऋण प्राप्ति को आसान बना देगा, और भारतीय MSME क्षेत्र के भीतर ऋण अंतराल को कम करेगा।

45. NPCI इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (NIPL) ने UAE में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) की भुगतान प्रणाली सुविधा शुरू करने के लिए **मशरेक बैंक** के साथ करार किया है।
नोट: इस कदम से उन भारतीय पर्यटकों को लाभ होगा जो व्यापार या खाली समय बिताने के उद्देश्य से UAE जाते हैं, वे अब UAE में दुकानों तथा मर्चेंट स्टोर्स में अपनी खरीदारी के लिए **UPI**-आधारित मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके भुगतान कर पाएंगे। मशरेक बैंक UAE में सबसे पुराना निजी स्वामित्व वाला बैंक है।

46. USAID और यूएस इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन (DFC) संयुक्त रूप से **कोटक महिंद्रा बैंक** को 50 मिलियन डॉलर के ऋण पोर्टफोलियो गारंटी देंगे, जिससे भारत में महिला उधारकर्ताओं, और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME) की वित्तीय पहुंच में वृद्धि होगी।
नोट: यह कोविड -19 महामारी की पृष्ठभूमि के खिलाफ आता है, अमेरिकी दूतावास के एक बयान में कहा गया है कि साझेदारी से महामारी से प्रभावित MSME को अपने व्यवसायों के पुनर्निर्माण और उसे बढ़ाने के लिए आसानी से ऋण प्राप्त करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के तहत, कोटक महिंद्रा बैंक ए MSME और माइक्रोफाइनेंस (MFI) क्षेत्र में काम करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC) को ऋण प्रदान करेगा।

47. NTPC लिमिटेड ने **विशाखापत्तनम** में अपने सिम्हाद्री थर्मल पावर स्टेशन के जलाशय पर 25 मेगावाट की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर पीवी परियोजना शुरू की है।
नोट: यह 2018 में भारत सरकार द्वारा अधिसूचित फ्लेक्सिबिलाइजेशन स्कीम के तहत स्थापित होने वाली पहली सौर परियोजना भी है। फ्लोटिंग सोलर स्थापना में एक अनूठी एंकरिंग डिज़ाइन है और यह 75 एकड़ के जलाशय में फैला हुआ है।

48. अंतर-सरकारी बैंक **विश्व बैंक** ने साइबर सुरक्षा विकास एजेंडा को व्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

एक नया 'साइबर सुरक्षा मल्टी-डोनर ट्रस्ट फंड' लॉन्च किया है।

नोट: नए फंड को व्यापक डिजिटल डेवलपमेंट पार्टनरशिप (DDP) एकछत्रीय कार्यक्रम के तहत एक संबद्ध ट्रस्ट फंड के रूप में विकसित किया गया है। विश्व बैंक ने फंड लॉन्च करने के लिए चार देशों, एस्टोनिया, जापान, जर्मनी और नीदरलैंड के साथ भागीदारी की है।

49. **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक** ने एक मेगा ब्रांड अभियान 'बदलाव हमसे है' का अनावरण किया है।

नोट: एयू बैंक की स्थापना के बाद से यह पहला एकीकृत विपणन संचार अभियान है, जो एक रचनात्मक प्रयास है, यह नवाचार के लिए बैंक के जुनून को प्रदर्शित करेगा। इस अभियान के एक भाग के रूप में, एयू मूर्त पेशकशों के माध्यम से 'बदलाव' के प्रस्ताव को जीवंत करने के लिए मासिक ब्याज, सर्वत्र बैंकिंग, वीडियो बैंकिंग, UPI QR और नए युग के क्रेडिट कार्ड जैसे उत्पादों और कार्यप्रणाली पर अनेक विज्ञापन फिल्में जारी करेगा।

50. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक **इंडियन बैंक** ने पैरालंपिक खेलों, टोक्यो 2020 से पहले एक बैंकिंग भागीदार बनने के लिए भारतीय पैरालंपिक समिति के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: पैरालंपिक खेल 24 अगस्त, 2021 से शुरू होंगे। एक वर्ष तक चलने वाली साझेदारी में, बैंक पैरालंपिक एथलीटों को घरेलू क्षेत्र के साथ-साथ वैश्विक मंचों पर प्रतिष्ठित खेल प्रतिस्पर्धाओं की तैयारी के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।

51. चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान ऋण तथा बचत जमा वृद्धि के मामले में **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** शीर्ष प्रदर्शनकर्ता के रूप में सामने आया है।

नोट: BoM के प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, ऋणदाता जिसका मुख्यालय पुणे में है, ने अप्रैल-जून 2021-22 की अवधि में 14.46 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,10,592 लाख करोड़ रुपये सकल अग्रिम राशि दर्ज की। इसके बाद पंजाब एंड सिंध बैंक था जिसने जून 2021 के अंत में 67,933 करोड़ रुपये के कुल ऋण के साथ अग्रिम राशि में 10.13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

52. पे नियरबाय ने अपने 1.5 मिलियन से अधिक के खुदरा नेटवर्क के लिए SoftPoS और mPoS लॉन्च करने के लिए वीज़ा और **RBL बैंक** के साथ भागीदारी की है।

नोट: इन विकल्पों के शामिल होने के साथ, पे नियरबाय ने कहा कि यह खुदरा विक्रेताओं के लिए एक सर्वसमावेशी डिजिटल पैकेज लॉन्च करने वाली पहली कंपनी है जो रूप-गुणक अज्ञेयवादी है और अंतिम उपभोक्ताओं तक एक विस्तृत विकल्प प्रदान करती है। इसका उन्नत डिजिटल भुगतान पैकेज अब मोबाइल टोकन के माध्यम से QR कोड भुगतान, UPI भुगतान, आधार पे, SMS भुगतान और कार्ड भुगतान का समर्थन करता है।

53. USAID और यूएस इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन (DFC) महिला उधारकर्ताओं तथा भारत में MSME तक वित्तीय पहुंच बढ़ाने में सहायता हेतु संयुक्त रूप से **कोटक महिंद्रा बैंक** को 50 मिलियन डॉलर की ऋण पोर्टफोलियो गारंटी प्रायोजित करेंगे।

नोट: मेरिकी दूतावास के एक बयान में कहा गया कि यह कदम कोविड -19 महामारी की पृष्ठभूमि को देखते हुए उठाया गया है, इसके अलावा कहा गया कि महामारी से प्रभावित MSME को साझेदारी से अपने व्यवसायों को नए सिरे से शुरू करने और बढ़ाने के लिए आसानी से ऋण प्राप्त करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के तहत, कोटक महिंद्रा बैंक NBFC और माइक्रोफाइनेंस (MFI) क्षेत्र में काम करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC) को ऋण प्रदान करेगा।

54. पेट्रोलियम कंपनी **भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन** ने अपने ग्राहकों को निर्बाध स्वयंसेवा अनुभव और प्रश्नों/समस्याओं के तीव्र समाधान हेतु एक मंच प्रदान

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

करने के लिए एक AI-सक्षम चैटबॉट 'URJA' लॉन्च किया है।

नोट: यह भारत में तेल तथा गैस उद्योग में पहला AI चैटबॉट है। इसे BPCL के प्रॉजेक्ट अनुभव के तहत लॉन्च किया गया है और वर्तमान में यह **13 भाषाओं** में सक्षम है।

55. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने डीलरों द्वारा छूट बाधित करने के लिए **मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड** पर 200 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

नोट: CCI ने छूट नियंत्रण नीति को लागू करके यात्री वाहन खंड में पुनर्विक्रय मूल्य समर्थन के प्रतिस्पर्धा-विरोधी आचरण में लिप्त होने के चलते कंपनी के खिलाफ आदेश पारित किया।

56. **HDFC बैंक** ने अपने नेटवर्क को साझा करने और संपूर्ण भारत में उपभोक्ताओं तथा व्यापारियों के लिए डिजिटल ऋण एवं भुगतान समाधान प्रदान करने के लिए पेटीएम के साथ भागीदारी की है।

नोट: साझेदारी के तहत, HDFC बैंक भुगतान भागीदार के रूप में कार्य करेगा, जबकि पेटीएम वितरण तथा सॉफ्टवेयर भागीदार होगा। पेटीएम और HDFC बैंक द्वारा संयुक्त रूप से खुदारा क्षेत्र में एक को-ब्रांडेड प्वाइंट ऑफ सेल (POS) उत्पाद लॉन्च किया गया। यह उत्पाद पेटीएम द्वारा अपने ग्राहकों को पेश किया जाएगा।

57. **सिटी बैंक एनए** को अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) से भारत के GIFT IFSC में अपतटीय लेनदेन करने के लिए एक बैंकिंग इकाई खोलने की मंजूरी मिली।

नोट: 2020 में, सिटी बैंक को एक बैंकिंग इकाई शुरू करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) से सैद्धांतिक मंजूरी मिली, जिसके बाद उसे परिचालन शुरू करने के लिए IFSCA से अंतिम मंजूरी का इंतजार था। हाल ही में, ड्यूश बैंक GIFT IFSC में अपनी IFSC बैंकिंग इकाई स्थापित करने वाला पहला जर्मन बैंक बन गया।

58. **भारतपे** ने '12% क्लब' नामक पीयर-टू-पीयर (P2P) लेंडिंग ऐप लॉन्च किया, जो उपभोक्ताओं को निवेश करने और 12% वार्षिक ब्याज अर्जित करने या समान दर पर कर्ज लेने की अनुमति देगा।

नोट: भारतपे ने इस ऐप तथा ऋण व्यवस्था के लिए लेनदेनक्लब के साथ साझेदारी की है। इसके तहत उपभोक्ता धन उधार देकर अपनी बचत को कभी भी निवेश कर सकते हैं। इसके अलावा, उपभोक्ता 12% क्लब ऐप पर 3 महीने की अवधि के लिए 10 लाख रुपये तक के जमानत-मुक्त ऋण का लाभ उठा सकते हैं।

59. 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बाजार पूंजीकरण (m-cap) तक पहुंचने वाली चौथी भारतीय कंपनी **इंफोसिस** है।

नोट: इंफोसिस से पहले, TCS, रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा HDFC बैंक 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बाजार पूंजीकरण को पार करने वाली पहली तीन कंपनियां हैं। नवीनतम बाजार पूंजीकरण डेटा के अनुसार, RIL 13.7 ट्रिलियन रुपये की सर्वाधिक मूल्य वाली कंपनी है, इसके बाद TCS 13.4 ट्रिलियन रुपये और HDFC बैंक 8.42 ट्रिलियन रुपये हैं।

60. **बजाज फिनसर्व लिमिटेड** को म्यूचुअल फंड (MF) कारोबार शुरू करने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) से सैद्धांतिक मंजूरी मिली है।

नोट: सेबी के विनियमों के अनुसार, कंपनी अब MF को प्रायोजित करने के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से (अर्थात स्वयं या अपनी सहायक कंपनी के माध्यम से) एक एसेट मैनेजमेंट कंपनी (AMC) और ट्रस्टी कंपनी स्थापित करेगी। दिसंबर 2020 में, सेबी ने MF व्यापार नियमों में ढील दी है और ऐसे प्रायोजक जो आवेदन करते समय लाभप्रदता मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें भी MF प्रायोजित करने के योग्य माना जाएगा।

61. केंद्र सरकार ने भारतीय बैंक संघ (IBA) के परिवार पेंशन को अंतिम आहरित वेतन के 30% प्रतिशत तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: इसके बाद परिवार पेंशन 30,000 रुपये से 35,000 रुपये प्रति बैंक कर्मचारी परिवार तक हो जाएगी। सरकार ने NPS के तहत नियोक्ताओं के योगदान को मौजूदा 10% से बढ़ाकर 14% करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

62. भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) ने एक मोबाइल ऐप ANANDA लॉन्च किया है। ANANDA में D का अर्थ **Digital** है।

नोट: ऐप आत्मनिर्भर एजेंट्स न्यू बिजनेस डिजिटल एप्लिकेशन या ANANDA का नवीनतम विस्तार है, जो नई व्यावसायिक प्रक्रियाओं के लिए कागजरहित समाधान है जिसे बीमा कंपनी ने पिछले वर्ष पेश किया था। यह डिजिटल एप्लिकेशन एजेंट या मध्यस्थ की मदद से पेपरलेस मॉड्यूल द्वारा बीमा पॉलिसी प्राप्त करने की प्रक्रिया में मदद करेगा।

63. **HDFC बैंक** अपने 1 बिलियन डॉलर के विदेशी मुद्रा अतिरिक्त टियर- I (AI-1) बांड को सूचीबद्ध करने वाला पहला भारतीय बैंक है।

नोट: इंडिया INX का प्राथमिक बाजार मंच ग्लोबल सिक्योरिटीज मार्केट 2018 में स्थापना के बाद से महत्वपूर्ण लाभ अर्जित कर चुका है और इसके अब तक 55 बिलियन डॉलर से अधिक मीडियम टर्म नोट्स और 28 बिलियन डॉलर से अधिक की बांड लिस्टिंग हैं। BSE की अंतर्राष्ट्रीय शाखा 'इंडिया INX' ने 16 जनवरी 2017 को व्यापारिक गतिविधि शुरू की और यह GIFT IFSC में स्थापित भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय एक्सचेंज है।

64. हुरुन ग्लोबल 500 मोस्ट वैल्यूएबल कंपनी लिस्ट 2021 के अनुसार **एप्पल** कंपनी को 2,443 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी घोषित किया है।

नोट: एप्पल के बाद माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन का स्थान है। भारत: रिलायंस इंडस्ट्रीज (188 बिलियन अमेरिकी डॉलर) 57वें स्थान पर है और सूची में शीर्ष भारतीय कंपनी है। इस सूची में विप्रो, HCL और एशियन पेंट्स के साथ कुल 12 भारतीय कंपनियां हैं।

65. सोशल मीडिया कंपनी **फेसबुक** ने ऑनलाइन ऋण देने वाले प्लेटफॉर्म इंडिफी के साथ मिलकर भारत में स्मॉल बिजनेस लोन पहल शुरू की है।

नोट: भारत पहला देश है जहां फेसबुक यह कार्यक्रम शुरू कर रहा है। उद्देश्य: स्वतंत्र ऋण देने वाले भागीदारों के माध्यम से क्रेडिट/ऋण तक त्वरित पहुंच प्राप्त करने के लिए फेसबुक पर विज्ञापन देने वाले लघु एवं मध्यम व्यवसायों (SMB) की मदद करना।

66. NPCI इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (NIPL) ने UAE में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (**UPI**) भुगतान प्रणाली सुविधा शुरू करने के लिए **मशरेक बैंक** के साथ करार किया है।

नोट: इस कदम से उन भारतीय पर्यटकों को लाभ होगा जो व्यापार या खाली समय बिताने के उद्देश्य से UAE जाते हैं, वे अब UAE में दुकानों तथा मर्चेंट स्टोर्स में अपनी खरीदारी के लिए **UPI**-आधारित मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके भुगतान कर पाएंगे। मशरेक बैंक UAE में सबसे पुराना निजी स्वामित्व वाला बैंक है।

67. वित्त मंत्रालय के अनुसार, अगस्त 2021 तक, प्रधान मंत्री जन धन योजना (PMJDY) के तहत बैंक खातों की संख्या बढ़कर **43 करोड़** हो गई है।

नोट: यह सरकार की प्रमुख वित्तीय समावेशन योजना है जिसके कार्यान्वयन के सात वर्ष पूरे हो गए हैं। PMJDY की घोषणा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त, 2014 को अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में की थी और साथ ही वित्तीय समावेशन बढ़ाने के लिए 28 अगस्त को शुरू की गई थी।

68. भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत-नेपाल विप्रेषण सुविधा योजना के तहत निधि अंतरण की सीमा 50,000 रुपये प्रति लेनदेन से बढ़ाकर **2 लाख रुपये** कर दी गई है।

नोट: पहले, एक वर्ष में 12 लेन-देन की अधिकतम सीमा थी। अब यह सीमा भी हटा दी गई है। हालांकि,

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

भारत-नेपाल विप्रेषण सुविधा के तहत नकद-आधारित अंतरण के लिए, 50,000 रुपये की प्रति लेन-देन की सीमा अभी भी एक वर्ष में अधिकतम 12 अंतरण के साथ मौजूद रहेगी।

69. भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने **फोनपे** को इंश्योरेंस ब्रोकिंग लाइसेंस जारी किया है।

नोट: पिछले वर्ष, फोनपे ने एक सीमित बीमा 'कॉर्पोरेट एजेंट' लाइसेंस के साथ बीमा क्षेत्र में प्रवेश किया, जिसने कंपनी को प्रति श्रेणी केवल तीन बीमा कंपनियों के साथ साझेदारी करने तक सीमित कर दिया। अब, इस नए 'डायरेक्ट ब्रोकिंग' लाइसेंस के साथ, फोनपे भारत में सभी बीमा कंपनियों के बीमा उत्पादों को वितरित कर सकता है।

70. पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (PFRDA) ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के लिए प्रवेश आयु को बढ़ाकर **70 वर्ष** कर दिया है।

नोट: इससे पहले NPS में निवेश करने की पात्रता आयु 18-65 वर्ष थी जिसे अब संशोधित करके 18-70 वर्ष कर दिया गया है। संशोधित मानदंडों के अनुसार, कोई भी भारतीय नागरिक (आवासी या गैर-आवासी) और भारत के प्रवासी नागरिक (OCI) 65 से 70 वर्ष के बीच NPS में शामिल हो सकते हैं और 75 वर्ष तक अपने NPS खाते को शुरू या स्थगित कर सकते हैं।

71. **IDBI बैंक** बोर्ड ने एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (ARCIL) में अपनी पूरी 19.18% हिस्सेदारी बेचने की मंजूरी दे दी है।

नोट: बोर्ड ने IDBI बैंक के ARCIL के 6,23,23,800 पूर्ण चुकता इक्विटी शेयरों की बिक्री के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।ARCIL: भारत में कार्यरत सबसे पुरानी ARC संस्था और इसकी स्थापना 2002 में हुई थी।

श्रद्धांजलियां

1. प्रसिद्ध महिला मान कौर का हाल ही में निधन हो गया वह एक अनुभवी **एथलीट** थी।

नोट: कुछ महीने पहले उनमें कैंसर की पुष्टि हुई थी। उन्हें 'चंडीगढ़ की आश्चर्य' कहा जाता था। वह पटियाला, पंजाब से थीं और उन्होंने 93 वर्ष की आयु में एक एथलीट के तौर पर शुरुआत की।

2. शास्त्रीय प्रतिपादक नेल्लीयोड्ु वासुदेवन नंबूथिरी **कथकली** नृत्य शैली से संबंधित हैं जिनका हाल ही में निधन हो गया।

नोट: वे 81 वर्ष के थे और कुछ समय से कैंसर से जूझ रहे थे। शास्त्रीय नृत्य नाटक में नकारात्मक 'चुवन्ना थाडि' (लाल दाढ़ी) पात्रों के निरूपण के लिए प्रसिद्ध श्री वासुदेवन "वट्टमुडी" और "पेनकारी" की भूमिका निभाने में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

3. पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित पद्मा सचदेव का हाल ही में निधन हो गया, वह **डोगरी** भाषा की पहली आधुनिक महिला कवयित्री थीं।

नोट: सचदेव (81) का जन्म 1940 में जम्मू के पुरमंडल क्षेत्र में संस्कृत विद्वान प्रोफेसर जय देव बदू के घर हुआ था। उन्होंने डोगरी तथा हिंदी में कई पुस्तकें लिखीं, और उनके काव्य संग्रह, जिनमें 'मेरी कविता मेरे गीत' शामिल हैं, ने उन्हें 1971 में साहित्य अकादमी पुरस्कार दिलाया।

4. प्रसिद्ध व्यक्ति राशिद ईरानी का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **फिल्म समीक्षक** थे।

नोट: ईरानी, जिन्होंने टाइम्स ऑफ इंडिया, हिंदुस्तान टाइम्स जैसे राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों और वेबसाइट Scroll.in के लिए कई लेख लिखे थे, मुंबई प्रेस क्लब फिल्म सोसाइटी के एक स्तंभ थे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

5. प्रसिद्ध खिलाड़ी सुब्रमण्यम शंकर नारायण का हाल ही में निधन हो गया, वह **फुटबॉल** से संबंधित थे।
नोट: वह 1956 और 1960 के ओलंपिक में खेले। उन्हें एस.एस. बाबू नारायण के नाम से जाना जाता था और उन्होंने 1956 (मेलबोर्न) और 1960 (रोम) ओलंपिक खेलों में एक गोलकीपर के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वह 1964 में महाराष्ट्र के संतोष ट्रॉफी विजय अभियान का भी हिस्सा थे।
6. प्रसिद्ध व्यक्ति कासरगोड पटनाशेट्टी गोपाल राव का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **नौसैनिक** थे।
नोट: वह 1971 युद्ध के नायक और भारत के दूसरे सर्वोच्च सैन्य पुरस्कार महावीर चक्र के प्राप्तकर्ता थे। वह दो अर्नाला-श्रेणी के एंटी-सबमरीन कॉर्वेट INS किल्टन और INS कच्छल के कमांडर थे, जो उस टास्क ग्रुप का हिस्सा थे जिसने 4 दिसंबर, 1971 (नौसेना दिवस) पर ऑपरेशन ट्राइडेंट के दौरान कराची हार्बर पर हमला किया था। उन्हें 21 अप्रैल 1950 को भारतीय नौसेना में कमीशन दिया गया था।
7. प्रसिद्ध व्यक्ति पी.एस. बनर्जी का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **कार्टूनिस्ट, मूर्तिकार और लोक गायक** थे।
नोट: कोल्लम जिले के सस्थमकोटा के निवासी, बनर्जी का कोविड-19 के बाद की जटिलताओं का इलाज चल रहा था। ललितकला अकादमी फैलोशिप प्राप्त करने वाले, बनर्जी वेंगनूर और कोडुमन में अपनी अय्यंकाली और बुद्ध मूर्तियों के लिए प्रसिद्ध थे। लोकप्रिय 'थारका पेनेल' सहित कई लोक गीतों के गायन के लिए प्रसिद्ध बनर्जी राजधानी में एक आईटी फर्म में ग्राफिक डिजाइनर के रूप में काम कर रहे थे।
8. प्रसिद्ध व्यक्ति अनुपम श्याम ओझा का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **अभिनेता** थे।
नोट: उन्हें टीवी शो 'मन की आवाज़: प्रतिज्ञा' में उनके काम के लिए जाना जाता है जहां उन्होंने ठाकुर सज्जन सिंह की भूमिका निभाई थी। उन्होंने स्लमडॉग मिलियनेयर, बैंडिट क्वीन, दिल से, लगान और 'हजारों ख़्वाइशें ऐसी' में भी अभिनय किया। प्रतिज्ञा 2 की शूटिंग के दौरान अभिनेता का सप्ताह में तीन बार डायलिसिस हो रहा था।
9. प्रसिद्ध व्यक्ति बालाजी तांबे का हाल ही में निधन हो गया, वे अनुभवी **आयुर्वेदाचार्य** थे।
नोट: लोनावाला के पास एक समग्र आरोग्य केंद्र 'आत्मसंतुलन गांव' के संस्थापक, डॉ. तांबे ने आध्यात्मिकता, योग और आयुर्वेद पर कई पुस्तकें लिखी थीं। उनके परिवार में पत्नी, दो पुत्र और बहुएं तथा चार पोतियां हैं।
10. अनुभवी फुटबॉलर गेर्ड मूलर **जर्मनी** से संबंधित थे जिनका हाल ही में निधन हो गया।
नोट: उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वेस्ट जर्मनी का प्रतिनिधित्व किया, 62 मैचों में 68 गोल किए, और क्लब स्तर पर, उन्होंने बेयर्न म्यूनिख के लिए खेलते हुए 427 बुंडेसलीगा गेम्स में रिकॉर्ड 365 गोल किए। उन्हें उनके स्कोरिंग-कौशल के लिए 'बॉम्बर डेर नेशन' (राष्ट्र का बॉम्बर) या डेर बॉम्बर उपनाम दिया गया था।
11. प्रसिद्ध खिलाड़ी चिन्मय चटर्जी का हाल ही में निधन हो गया, वह **फुटबॉल के** खेल से जुड़े थे।
नोट: वह 1970-80 के दशक में अपनी युवा अवस्था में तीन मैदान हैवीवेट के लिए खेले और 1978 के बैंकाक एशियाई खेलों में भारतीय टीम के सदस्य थे, जहां वे क्वार्टर फाइनल लीग में चौथे स्थान पर रहे। वह अपने घरेलू करियर के दौरान मोहन बागान, ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग के लिए खेले। उन्होंने चार बार संतोष ट्रॉफी में बंगाल का प्रतिनिधित्व भी किया।
12. उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, कल्याण सिंह जिनका हाल ही में निधन हो गया, वे **राजस्थान और हिमाचल प्रदेश** राज्य के पूर्व राज्यपाल थे।
नोट: उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह का निधन हो गया। उन्होंने दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री - जून 1991 से दिसंबर 1992 और सितंबर 1997 से

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नवंबर 1999 तक - के पद पर कार्य किया और बाबरी मस्जिद गिरने के दौरान उप्र के मुख्यमंत्री रहे।

13. प्रसिद्ध खिलाड़ी सैयद शाहिद हाकिम फुटबॉल के खेल से संबंधित हैं जिनका हाल ही में निधन हो गया।

नोट: वह महान फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम के पुत्र हैं। उन्होंने महिंद्रा एंड महिंद्रा (अब महिंद्रा यूनाइटेड), सलगांवकर और हिंदुस्तान एफसी और बंगाल मुंबई एफसी (2004-2005) सहित कई टीमों के कोच के रूप में काम किया है।

14. प्रसिद्ध खिलाड़ी ओ. चंद्रशेखरन, जिन्हें ओलंपियन चंद्रशेखरन के नाम से जाना जाता है, का हाल ही में निधन हो गया, **फुटबॉल के** खेल से संबंधित थे।

नोट: वह लगभग एक दशक से मनोभ्रंश से पीड़ित थे। डिफेंडर के रूप में खेलने वाले चंद्रशेखरन 1960 के रोम ओलंपिक (जिसमें देश ने फुटबॉल में पिछली बार भाग लिया था) में खेलने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे।

15. प्रसिद्ध व्यक्ति पं. शुभंकर बनर्जी का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **तबलावादक** थे।

नोट: बनर्जी, जिन्होंने पंडित रविशंकर, उस्ताद अमजद अली खान से लेकर पंडित हरिप्रसाद चौरसिया, पंडित शिव कुमार शर्मा तक सभी दिग्गज शास्त्रीय कलाकारों के साथ जुगलबंदी की थी, उन्हें 20 जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वह महीनों से ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे। वह पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रदत्त संगीत सम्मान और संगीत महा सम्मान प्राप्तकर्ता थे।

16. प्रसिद्ध व्यक्ति नौशाद का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **शेफ** थे।

नोट: नौशाद को पाक कला की दुनिया में उनके पिता लाए, जिनका तिरुवल्ला में कैटरिंग का व्यवसाय था। अपना होटल मैनेजमेंट कोर्स पूरा करने के बाद, वह एक शेफ बन गए और टेलीविजन पर कुकिंग शो करके सुर्खियों में आ गए।

17. प्रसिद्ध व्यक्ति बुद्धदेव गुहा का हाल ही में निधन हो गया, वह **बंगाली** भाषा के प्रसिद्ध लेखक थे, जिन्होंने मधुकरी (हनी गैदरर) सहित कई लोकप्रिय पुस्तकें लिखीं।

नोट: उनके उपन्यासों और लघु कथाओं को आलोचकों द्वारा अत्यधिक प्रशंसित किया गया, जिससे उन्हें आनंद पुरस्कार और शरत पुरस्कार सहित कई पुरस्कार जीतने में मदद मिली। वह एक प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक और कुशल चित्रकार भी थे। मधुकरी के अलावा, गुहा की कुछ उल्लेखनीय कृतियों में कोएलर काछे, सोबिनॉय निबेदन और बाबा होवा शामिल हैं।

महत्वपूर्ण दिवस

1. भारत में मुस्लिम महिला अधिकार दिवस हर वर्ष **1 अगस्त** को मनाया जाता है।

नोट: इसे पहली बार 2020 में मनाया गया था। सरकार ने 1 अगस्त 2019 को तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर इसे आपराधिक बना दिया। कानून को औपचारिक रूप से मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम 2019 कहा जाता है।

2. हर वर्ष 1 अगस्त से 7 अगस्त तक अगस्त के पहले सप्ताह में मनाए जाने वाले विश्व स्तनपान सप्ताह 2021 का विषय **Protect Breastfeeding: A Shared Responsibility** है।

नोट: माताओं तथा शिशुओं के लिए स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष 1 अगस्त से 7 अगस्त तक पहले सप्ताह में विश्व स्तनपान सप्ताह (WBW) मनाया जाता है। इस सप्ताह का आयोजन WABA, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और संयुक्त राष्ट्र बाल आपातकालीन कोष (UNICEF) द्वारा किया जाता है। इसे 1991 में शुरू किया गया था।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

3. वर्ल्ड लंग कैंसर डे हर वर्ष **1 अगस्त** को मनाया जाता है।

नोट: यह पहली बार 2012 में फोरम ऑफ इंटरनेशनल रेस्पिरेटरी सोसाइटीज द्वारा इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ लंग कैंसर और अमेरिकन कॉलेज ऑफ चेस्ट फिजिशियन के सहयोग से आयोजित किया गया था। IASLC: सबसे बड़ा संगठन जो केवल फेफड़ों के कैंसर से संबंधित है।

4. हिरोशिमा दिवस हर वर्ष **6 अगस्त** को मनाया जाता है।

नोट: यह भयानक घटना 6 अगस्त 1945 को हुई, जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा शहर पर "लिटिल बॉय" नामक एक परमाणु बम गिराया। यह बम हमला 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध का अंत करने के लिए किया गया था। यह दिवस शांति को बढ़ावा देने और परमाणु ऊर्जा एवं परमाणु हथियारों के खतरे के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है।

5. राष्ट्रीय हथकरघा दिवस हर वर्ष **7 अगस्त** को मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस स्वदेशी आंदोलन को याद करने और हमारे देश के समृद्ध वस्त्रों तथा रंगीन बुनाई के सम्मान में मनाया जाता है। भारतीय हथकरघा उद्योग की विरासत को प्रदर्शित करने और देश भर के बुनकरों को सम्मानित करने के लिए पूरा देश इस दिवस को मनाएगा। यह पहली बार 2015 में भारत सरकार द्वारा मनाया गया था। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में हथकरघा के योगदान पर ध्यान केंद्रित करने और बुनकरों की आय बढ़ाने का प्रयास करता है।

6. विश्व के आदिवासियों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर वर्ष **9 अगस्त** को मनाया जाता है।

नोट: इस दिवस को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1982 में संयुक्त राष्ट्र में स्वदेशी आबादी के कार्य समूह के उद्घाटन सत्र के दिवस के रूप में दिसंबर 1994 को मान्यता दी गई थी। विषय 2021: Leaving no one behind: Indigenous peoples and the call for a new social contract

7. हर वर्ष, भारत छोड़ो दिवस (या अगस्त क्रांति दिवस) **8 अगस्त** को मनाया जाता है।

नोट: 2021 में, हम भारत छोड़ो दिवस की 79वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। भारत छोड़ो आंदोलन जिसे क्विट इंडिया मूवमेंट और अगस्त क्रांति आंदोलन के रूप में भी जाना जाता है, भारत में ब्रिटिश शासन को समाप्त करने की मांग के लिए गांधीजी द्वारा भारत के लोगों से किया गया एक 'करो या मरो' का आह्वान था।

8. विश्व शेर दिवस हर वर्ष **10 अगस्त** को मनाया जाता है।

नोट: तीन उद्देश्य:

1) शेरों की दशा और वनों में प्रजातियों के सामने आने वाली अन्य समस्याओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
2) इसके प्राकृतिक आवास की रक्षा के तरीके खोजना और राष्ट्रीय उद्यानों जैसे अधिक आवास बनाना।
3) इन जंगली बिल्लियों के समीप निवास करने वाले लोगों को खतरों और स्वयं को उससे बचाने के बारे में शिक्षित करना।

- विश्व शेर दिवस 2013 से दुनिया भर में मनाया जाता है।
- इस दिवस की स्थापना बिग कैट इनिशिएटिव के डेरेक तथा बेवर्ली जोबर्ट और नेशनल ज्योग्राफिक ने एक साझेदारी में की थी।

9. अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 2021 का विषय **Transforming Food Systems: Youth Innovation for Human and Planetary Health** है।

नोट: अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस हर वर्ष 12 अगस्त को मनाया जाता है, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा को लिस्बन में युवाओं के लिए उत्तरदयी मंत्रियों के विश्व सम्मेलन द्वारा अनुशंसित किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पहली बार 1999 में मनाया गया था। इस

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

दिवस का आयोजन संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक कार्य विभाग द्वारा खाद्य एवं कृषि संगठन और बच्चों एवं युवाओं के प्रमुख समूह के सहयोग से किया जाता है।

10. विश्व हाथी दिवस हर वर्ष **12 अगस्त** को मनाया जाता है।

नोट: यह आधिकारिक तौर पर पहली बार 2012 में मनाया गया था। इस दिवस की स्थापना कनाडा की पेट्रीसिया सिम्स और थाईलैंड की एच.एम. क्वीन सिरिकिट की पहल, एलीफेंट रीइंट्रोडक्शन फाउंडेशन ऑफ थाईलैंड द्वारा की गई थी।

11. विश्व अंगदान दिवस हर वर्ष **13 अगस्त** को मनाया जाता है।

नोट: अंगदान दिवस सभी को आगे आने और अपने कीमती अंगों को दान करने का संकल्प लेने का अवसर प्रदान करता है, क्योंकि एक अंग दाता आठ लोगों की जान बचा सकता है। सफल अंग प्रत्यारोपण पहली बार 1954 में संयुक्त राज्य अमेरिका में किया गया था।

12. विश्व मानवतावादी दिवस 2021 का विषय **The Human Race** है।

नोट: विश्व मानवतावादी दिवस प्रतिवर्ष 19 अगस्त, 2021 को उन लोगों के सम्मान में मनाया जाता है जो दुनिया भर में मानवीय उद्देश्यों के लिए काम कर रहे हैं। यह दिवस उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मनाया जाता है जिन्होंने मानवीय कारणों के लिए काम करते हुए अपनी जान गंवा दी और जो जरूरतमंद लोगों को सुरक्षा तथा प्राण रक्षक सहायता प्रदान कर रहे हैं।

13. अक्षय ऊर्जा दिवस हर वर्ष भारत में नवीकरणीय ऊर्जा के विकास तथा अभिग्रहण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए **20 अगस्त** को मनाया जाता है।

नोट: अक्षय ऊर्जा दिवस की शुरुआत 2004 में भारतीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत मंत्रालय द्वारा की गई थी। बायोगैस, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जलविद्युत ऊर्जा जैसी ऊर्जा अक्षय ऊर्जा के कुछ उदाहरण हैं।

14. पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में सद्भावना दिवस हर वर्ष **20 अगस्त** को मनाया जाता है।

नोट: इस वर्ष 20 अगस्त 2021 को हम पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 77वीं जयंती मनाने जा रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने उनकी मृत्यु के एक वर्ष बाद 1992 में राजीव गांधी सद्भावना पुरस्कार की स्थापना की।

15. विश्व मच्छर दिवस 2021 का विषय **Reaching the zero-malaria target** है।

नोट: यह दिवस मलेरिया के कारण होने वाली बीमारियों से लड़ने में स्वास्थ्य अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों और अन्य लोगों के प्रयासों को विशिष्ट रूप से दर्शाने के लिए मनाया जाता है। विश्व मच्छर दिवस पर हर वर्ष मच्छरों से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूकता उत्पन्न की जाती है। इस वर्ष कोरोना वायरस महामारी के बीच, विश्व मच्छर दिवस 2021 का विषय "Reaching the zero-malaria target" है।

16. विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस हर वर्ष **21 अगस्त** को मनाया जाता है।

नोट: यह आधिकारिक तौर पर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन द्वारा 1988 में वृद्धजनों तथा उनके मुद्दों के प्रति एक दिन समर्पित करने हेतु स्थापित किया गया था। इस दिवस की घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 14 दिसंबर 1990 को की गई थी।

17. आतंकवाद पीड़ितों का अंतर्राष्ट्रीय स्मरण एवं श्रद्धांजलि दिवस हर वर्ष **21 अगस्त** को मनाया जाता है।

नोट: इस दिवस को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 2017 में अंगीकृत किया गया था। यह पहली बार 2018 में मनाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय दिवस का विषय 'Connections' है।

18. विश्व संस्कृत दिवस 2021 **22 अगस्त** को मनाया गया।

नोट: इस हिंद-आर्य भाषा को एक पारंपरिक भाषा के रूप में घोषित किया गया है जो अपने वैज्ञानिक अभिप्राय के

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

लिए अभिज्ञात है और दुनिया भर में अत्यधिक मांग में है।

19. अंतर्राष्ट्रीय दास व्यापार तथा उसके उन्मूलन का स्मरण दिवस हर वर्ष **23 अगस्त** को मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस सभी लोगों की स्मृति में दास व्यापार की त्रासदी के अंकन हेतु मनाया जाता है। यह उन पुरुषों तथा महिलाओं की स्मृति का सम्मान करने का दिवस है, जिन्होंने 1791 में सेंट-डोमिंगु में विद्रोह किया और दासता तथा अपमानवीकरण के अंत का मार्ग प्रशस्त किया।

20. धर्म या आस्था के आधार पर हिंसक कार्य पीड़ितों के स्मरण का अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर वर्ष **22 अगस्त** को मनाया जाता है।

नोट: पोलैंड के प्रस्ताव पर 28 मई 2019 को 73वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस दिवस को अपनाया गया था। उद्देश्य: धर्म या आस्था के आधार पर या उसके नाम पर हिंसक कार्य पीड़ितों और उत्तरजीवियों को याद करना।

21. इंटरनेशनल डॉग डे हर वर्ष **26 अगस्त** को मनाया जाता है।

नोट: इस दिवस की शुरुआत अमेरिका में 2004 में पालतू तथा पारिवारिक जीवन शैली विशेषज्ञ, पशु रक्षा समर्थक, संरक्षणकर्ता और डॉग ट्रेनर कोलीन पेज द्वारा इंटरनेशनल डॉग डे के रूप में की गई थी। 26 अगस्त को इस दिवस के रूप में चुना गया था, क्योंकि इस दिन पेज के परिवार ने अपने पहले कुत्ते "शेल्टी" को एक एनिमल शेल्टर से गोद लिया था जब वह महज 10 वर्ष की थीं।

22. विश्व जल सप्ताह 2021 का विषय **Building Resilience Faster** है जो 23 से 27 अगस्त तक पूरी तरह से डिजिटल प्रारूप में आयोजित किया गया।

नोट: विश्व जल सप्ताह के 2021 संस्करण का आयोजन 23 से 27 अगस्त तक पूरी तरह से डिजिटल प्रारूप में किया गया है। विश्व जल सप्ताह जल संबंधी वैश्विक मुद्दों और अंतर्राष्ट्रीय विकास से संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए स्टॉकहोम इंटरनेशनल वाटर इंस्टीट्यूट (SIWI) द्वारा आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है।

23. अंतर्राष्ट्रीय परमाणु परीक्षण निषेध दिवस विश्व स्तर पर **29 अगस्त** को मनाया जाता है।

नोट: इस दिवस का उद्देश्य परमाणु हथियार परीक्षण विस्फोटों या किसी अन्य परमाणु विस्फोट के प्रभावों और परमाणु-हथियार मुक्त दुनिया के लक्ष्य को प्राप्त करने के साधन के रूप में उनके अंत की आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैलाना है।

24. भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस हर वर्ष **29 अगस्त को** मनाया जाता है।

नोट: पहला राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त 2012 को मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया गया, जो भारत की हॉकी टीम के स्टार खिलाड़ी थे।

25. भारत में, राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस हर वर्ष **30 अगस्त** को मनाया जाता है।

नोट: उद्योग दिवस मौजूदा लघु, मध्यम और बड़े पैमाने के उद्यमों को संतुलित विकास प्रदान करने और राज्य की वित्तीय स्थिति को बढ़ावा देने के लिए नए उद्योग स्थापित करने में सहायता प्रदान करने का एक माध्यम है।

26. इंटरनेशनल डे ऑफ द डिसएप्पीयरेंस हर वर्ष **30 अगस्त** को मनाया जाता है।

नोट: इस दिवस को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 दिसंबर 2010 को अपनाया गया था और पहली बार 2011 में मनाया गया था। जबरन गुम किए जाना एक वैश्विक समस्या बन गई है और यह दुनिया के किसी विशिष्ट क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नई नियुक्तियां

1. सेना प्रमुख सीनियर जनरल मिन आंग हलिंग के नेतृत्व में म्यांमार की कार्यवाहक सरकार ने **2023 तक** चुनाव कराने की घोषणा की।
   नोट: हलिंग ने 2023 तक चुनाव कराने का वादा भी किया। स्टेट काउंसलर आंग सान सू की के नेतृत्व वाली सरकार को हटाने के बाद फरवरी में जनरल हलिंग ने म्यांमार में सत्ता संभाली। म्यांमार में सैन्य सरकार के खिलाफ फरवरी से नियमित विरोध प्रदर्शन हुए हैं।
2. इतालवी लक्जरी ब्रांड बुल्गारी का वैश्विक ब्रांड एंबेसडर **प्रियंका चोपड़ा** को नियुक्त किया गया है।
   नोट: अपनी नई भूमिका में, प्रियंका महिला सशक्तिकरण, विविधता और समावेशन के विषयों पर विशेष ध्यान देने के साथ, दुनिया भर में ब्रांड को बढ़ाने में रोमन हाई ज्वैलरी हाउस का समर्थन करेगी। बुल्गारी अपने रत्न आभूषण, घड़ियां, फ्रैग्रेन्स, एक्सेसरीज़ और चमड़े के सामान के लिए प्रसिद्ध है। प्रियंका चोपड़ा जोनस एक वैश्विक यूनिसेफ सद्भावना राजदूत भी हैं, और लाखों युवा महिलाओं के लिए शक्ति तथा सामर्थ्य के प्रतीक के रूप में सेवा करके प्रतिष्ठित डैनी केय ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड प्राप्त कर चुकी हैं।
3. 25वां लेखा महानियंत्रक (CGA) **दीपक दास** को नियुक्त किया गया है।
   नोट: उन्होंने सोमा रॉय बर्मन की जगह ली। उन्होंने मंत्रालयों में विभिन्न स्तरों पर विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। वह सरकारी लेखा एवं वित्त संस्थान के निदेशक भी रहे हैं। उन्होंने CBDT में प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक के रूप में कार्य किया है।
4. निकोल पशिनियन को अर्मेनिया का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है।
   नोट: निकोल पशिनियन (46 वर्षीय) को 2 अगस्त, 2021 से राष्ट्रपति आर्मेन सरकिसियन ने आर्मेनिया के प्रधानमंत्री के रूप में आधिकारिक तौर पर पुनर्नियुक्त किया गया। वह सिविल कॉन्ट्रैक्ट पार्टी के नेता हैं और जिसने जून 2021 में हुए संसदीय चुनावों में लगभग 71 सीटों पर बहुमत हासिल किया। उन्हें पहली बार 2018 में आर्मेनिया का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था।
5. **इब्राहिम रईसी** ने ईरान के आठवें राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण किया।
   नोट: उन्होंने उदारवादी राष्ट्रपति हसन रूहानी की जगह ली, जिन्हें ईरानी संविधान ने लगातार तीसरी बार दौड़ में शामिल होने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने जून में 61.95% मतों के साथ ईरानी राष्ट्रपति चुनाव जीता। इब्राहिम रईसी पदभार ग्रहण करने से पहले ही 2019 में अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित किए जाने वाले पहले ईरानी राष्ट्रपति हैं।
6. IPO से गुजरने वाली भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) की प्रबंध निदेशक का कार्यभार **मिनी आईपे ने संभाला।**
   नोट: आईपे वाणिज्य में परास्नातक हैं और 1986 में सीधी भर्ती अधिकारी के रूप में LIC में शामिल हुईं। उन्हें LIC में विभिन्न पदों पर काम करने का अनुभव है। LIC 31 लाख करोड़ रुपये की बैलेंस शीट वाला भारत का दूसरा सबसे बड़ा वित्तीय सेवा संस्थान है, जो 39.51 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति वाले देश के सबसे बड़े बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के बाद है।
7. 105 वर्ष पुराने भारतीय प्राणि सर्वेक्षण (ZSI) की निदेशक **धृति बनर्जी** को नियुक्त किया गया है।
   नोट: कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने भारतीय प्राणि सर्वेक्षण (ZSI) की वैज्ञानिक डॉ. धृति बनर्जी की निदेशक के रूप में नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दी। 51 वर्षीय धृति का एक वैज्ञानिक के रूप में एक शानदार करियर रहा है, जो वर्गिकी, प्राणिभूगोल, आकारिकी तथा आण्विक वर्गीकरण पद्धति में शोध कर रही हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

8. मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति द्वारा कैबिनेट सचिव के रूप में **राजीव गौबा** का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया।
नोट: वह झारखंड कैडर के 1982 बैच के IAS अधिकारी हैं और उन्हें अगस्त 2019 में दो वर्ष के लिए देश के शीर्ष नौकरशाह पद पर नियुक्त किया गया था। इससे पहले श्री गौबा अगस्त 2017 से अगस्त 2019 तक केंद्रीय गृह सचिव थे उनकी सेवा अवधि 30 अगस्त, 2021 को समाप्त होनी थी।
9. राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) के अध्यक्ष के रूप में **रेखा शर्मा को** पुनर्नियुक्त किया गया है।
नोट: उनकी नियुक्ति को भारत के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया गया है। उन्होंने 7 अगस्त, 2018 को NCW अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया और अगस्त 2015 से एक सदस्य के रूप में आयोग से जुड़ी हुई हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के तहत जनवरी 1992 में राष्ट्रीय महिला आयोग को वैधानिक संस्था के रूप में स्थापित किया गया था।
10. **महेंद्र सिंह धोनी** ने होम इंटीरियर ब्रांड होमलेन के साथ इक्विटी पार्टनर और ब्रांड एंबेसडर के रूप में तीन वर्ष की रणनीतिक साझेदारी की है।
नोट: साझेदारी के हिस्से के रूप में, धोनी होमलेन में इक्विटी स्वामी और कंपनी के पहले ब्रांड एंबेसडर होंगे। आगामी क्रिकेट तथा पर्वों के मौसम के साथ, होमलेन और एम.एस. धोनी साथ मिलकर एक नए अभियान पर काम कर रहे हैं जो नए IPL सीजन के दौरान जारी किया जाएगा। जैसा कि होमलेन नए बाजारों में विस्तार कर रहा है और मौजूदा 16 शहरों में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रहा है, एम.एस. धोनी के साथ इसका रणनीतिक सहयोग कंपनी को उच्च दृश्यता बनाने और अपने उपभोक्ताओं से जुड़ने में सक्षम बनाएगा।
11. डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी के खिलाफ लोगों को आगाह करने के लिए RBI के जन जागरूकता अभियान के लिए **नीरज चोपड़ा को** नियुक्त किया है।
नोट: केंद्रीय बैंक ने लोगों से थोड़ा सतर्क रहने को कहा है क्योंकि ऐसा करने से उन्हें बहुत सी परेशानियों से बचाया जा सकता है। "@RBIKehta Hai...Along with @Neeraj_chopra1 थोड़ी सी सावधानी बहुत सारी परेशानी को दूर कर देती है। कभी भी पिन, ओटीपी या बैंक खाता विवरण साझा करने के अनुरोध का जवाब न दें। कार्ड चोरी होने, खो जाने या किसी प्रकार का संकट होने पर अपना कार्ड ब्लॉक कर दें।
12. वैश्विक अभियान इंडिंग वायलेंस अगेंस्ट चिल्ड्रेन (EVAC) के लिए यूनिसेफ का सेलिब्रिटी एडवोकेट **आयुष्मान खुराना को** नियुक्त किया गया है, जो भारत में बच्चों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता फैलाएंगे।
नोट: अभिनेता बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए फेसबुक इंडिया और यूनिसेफ इंडिया की एक वर्ष की संयुक्त पहल प्रारंभ कर रहे हैं। फेसबुक और यूनिसेफ के बीच साझेदारी बच्चों और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए विभिन्न क्षेत्रों और क्षेत्रों के हितधारकों के एक साथ आने का एक शक्तिशाली उदाहरण है।
13. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) भारत बिलपे लिमिटेड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) **नूपुर चतुर्वेदी** नियुक्त किया गया।
नोट: वह भारत बिल भुगतान प्रणाली (BBPS) प्लेटफॉर्म को बढ़ाने और इसे सभी बिल भुगतानों का सबसे पसंदीदा समाधान बनाने के लिए RBI के दृष्टिकोण पर काम करेंगी। NPCI भारत बिलपे लिमिटेड (NBBL): यह NPCI के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और 1 अप्रैल 2021 से शुरू हुई है।
14. राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (NPPA) के नए अध्यक्ष के रूप में **कमलेश कुमार पंत** नियुक्त किया गया।
नोट: उन्होंने IAS अधिकारी शुभ्रा सिंह की जगह ली, जो नवंबर 2018 से औषधि मूल्य नियामक की प्रमुख थीं। NPPA: सरकारी नियामक एजेंसी जो 1997 से भारत में फार्मास्युटिकल दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करती है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

15. वर्तमान गृह सचिव **अजय भल्ला** का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया है।

नोट: वह असम-मेघालय कैडर के 1984 बैच के IAS अधिकारी हैं और 22 अगस्त, 2021 को सेवानिवृत्त होने वाले थे। अजय भल्ला को दिया गया यह दूसरा विस्तार है। उन्होंने अगस्त 2019 में गृह सचिव के रूप में राजीव गौबा की जगह ली थी।

16. जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड का ब्रांड एंबेसडर **कुमार राम नारायण कार्तिकेयन** को नियुक्त किया गया है।

नोट: जेके टायर्स के ब्रांड एंबेसडर के रूप में, वह ब्रांड का चेहरा होंगे और उद्योग में नवाचार तथा उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए कंपनी के प्रयासों पर ध्यान देंगे। नारायण कार्तिकेयन तमिलनाडु के कोयंबटूर के निवासी हैं। वह F1 रेसिंग में भाग लेने वाले पहले भारतीय रेसिंग ड्राइवर थे, उन्होंने 2005 में जॉर्डन टीम के लिए F1 रेसर के रूप में पदार्पण किया।

17. **गंगा प्रसाद** को मणिपुर के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया है।

नोट: उन्हें मणिपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पी.वी. संजय कुमार द्वारा पद की शपथ दिलाई गई। वह डॉ. नजमा हेपतुल्ला की अनुपस्थिति के दौरान अपने स्वयं के कर्तव्यों के अलावा, मणिपुर के राज्यपाल का कार्यभार संभालेंगे।

18. **बी.डी. मिश्रा** को मिजोरम का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

नोट: अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल ब्रिगेडियर (डॉ.) बी.डी. मिश्रा (सेवानिवृत्त) को मिजोरम के राज्यपाल के रूप में अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

19. **नादिर गोदरेज** को 1 अक्टूबर 2021 से गोदरेज इंडस्ट्रीज का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

नोट: वह वर्तमान में गोदरेज इंडस्ट्रीज (GIL) के प्रबंध निदेशक हैं। वह आदि गोदरेज की जगह लेंगे, जो गोदरेज ग्रुप के अध्यक्ष पद पर बने रखेंगे। गोदरेज इंडस्ट्रीज (GIL) गोदरेज ग्रुप की नियंत्रक कंपनी है।

20. हकैंडे हिचिलेमा (59 वर्षीय) को **जाम्बिया** का नया राष्ट्रपति निर्वाचित किया गया है।

नोट: उन्होंने एडगर लुंगु के 1,814,201 मतों के मुकाबले 2,810,757 मत (59%) हासिल किए थे। उन्होंने 2006 से यूनाइटेड पार्टी फॉर नेशनल डेवलपमेंट का नेतृत्व किया है। जाम्बिया मध्य, दक्षिणी और पूर्वी अफ्रीका के दोराहे पर स्थित एक स्थलरुद्ध देश है।

21. जियो MAMI मुंबई फिल्म फेस्टिवल का अध्यक्ष **प्रियंका चोपड़ा** नियुक्त किया गया।

नोट: मुंबई एकेडमी ऑफ मूविंग इमेज (MAMI) ने आगामी वर्ष, संस्करण और नेतृत्व परिवर्तन के लिए अपनी योजनाओं का अनावरण किया। चोपड़ा जोनास को MAMI के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी द्वारा सर्वसम्मति से नामित किया गया था जिसमें नीता एम. अंबानी (सह-अध्यक्ष), अनुपमा चोपड़ा (महोत्सव निदेशक), अजय बिजली, आनंद जी. महिंद्रा, फरहान अख्तर, ईशा अंबानी, कबीर खान, कौस्तुभ धावसे, किरण राव, राणा दग्गुबाती, रितेश देशमुख, रोहन सिप्पी, सिद्धार्थ रॉय कपूर, विक्रमादित्य मोटवानी, विशाल भारद्वाज और जोया अख्तर शामिल हैं।

22. एमवे इंडिया का ब्रांड एंबेसडर **मीराबाई चानू को** नियुक्त किया गया।

नोट: चानू के साथ जुड़ना विशेष रूप से देश में महिलाओं और युवाओं के प्रयोजनार्थ एमवे के स्वास्थ्य तथा पोषण श्रेणी को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने के अनुरूप है।

23. इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ (IEG) सोसाइटी का अध्यक्ष **एन.के. सिंह** को नियुक्त किया गया है।

नोट: वह भारत के पूर्व प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की जगह लेंगे, जो इस महीने की शुरुआत में IEG सोसाइटी के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हुए थे। भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के पूर्व महानिदेशक तरुण दास बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में वर्तमान अध्यक्ष हैं और प्रोफेसर अजीत मिश्रा संस्थान के निदेशक हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

24. **सुनील सेठी** की अध्यक्षता में सरकार ने तीन वर्ष के भीतर हथकरघा उत्पादन को दोगुना करने तथा निर्यात को चौगुना करने के लिए समिति गठित की है।
नोट: इसकी अध्यक्षता फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुनील सेठी करेंगे। यह समिति गठन के दिन से 45 दिनों के अंदर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। यह बुनकरों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से उत्पादन को दोगुना करने और हथकरघा उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्यनीति एवं नीतिगत ढांचे के बारे में सुझाव देगी।

25. **शांति लाल जैन** को 1 सितंबर, 2021 से इंडियन बैंक का प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया है।
नोट: उनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। वह पद्मजा चुंदुरु की जगह लेंगे, जो 31 अगस्त 2021 को सेवानिवृत्त होने वाली हैं। वह वर्तमान में बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यकारी निदेशक (ED) हैं।

26. इस्माइल साबरी याकूब को **मलेशिया** का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है।
नोट: वह प्रधानमंत्री के रूप में मुहीद्दीन यासीन की जगह लेंगे, जिन्होंने संसद के निचले सदन में बहुमत खोने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया था। याकूब की नियुक्ति मलेशिया के किंग सुल्तान अब्दुल्ला सुल्तान अहमद शाह ने की।

27. केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) द्वारा बैंकिंग एवं वित्तीय धोखाधड़ी सलाहकार बोर्ड (ABBFF) के अध्यक्ष के रूप में **टी.एम. भसीन** को पुनर्नियुक्त किया गया है।
नोट: 50 करोड़ रुपये से अधिक की बैंक धोखाधड़ी की जांच करने और कार्यवाही की सिफारिश करने के लिए समिति का गठन किया गया था। पूर्व सतर्कता आयुक्त (CVC) श्री भसीन अब 21 अगस्त, 2021 से अगले दो वर्षों की अवधि के लिए बोर्ड के अध्यक्ष बने रहेंगे।

28. **ला. गणेशन** को मणिपुर का 17वां राज्यपाल किसे नियुक्त किया गया है।
नोट: उन्होंने नजमा हेपतुल्ला की जगह ली, जो इस महीने की शुरुआत में सेवानिवृत्त हुई थीं। इससे पहले, सिक्किम के राज्यपाल, गंगा प्रसाद ने मणिपुर के प्रभारी राज्यपाल के रूप में कार्य किया।

29. टेलीविजन निगरानी एजेंसी ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (BARC), भारत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में **नकुल चोपड़ा** को नियुक्त किया गया है।
नोट: वह सुनील लुल्ला की जगह लेंगे, जिन्होंने एक उद्यमी के रूप में अपनी महत्वाकांक्षा को सफल बनाने की दृष्टि से इस्तीफा दे दिया। BARC एक संयुक्त औद्योगिक संस्था है जो ब्रॉडकास्टर्स (IBF), विज्ञापनदाताओं (ISA) और विज्ञापन तथा मीडिया एजेंसियों (AAAI) का प्रतिनिधित्व करती है, इसका मुख्यालय मुंबई में है।

30. प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा सहकारिता मंत्रालय में संयुक्त सचिव **अभय कुमार सिंह** को नियुक्त किया गया है।
नोट: उन्हें नव सृजित पद हेतु 7 वर्ष के संयुक्त कार्यकाल के लिए नियुक्त किया गया। सहकारिता मंत्रालय: सहकारी गतिविधियों को मजबूत करने के उद्देश्य से एक अलग प्रशासनिक, विधिक तथा नीतिगत ढांचा प्रदान करने के लिए जुलाई 2021 में इसका गठन किया गया था।

31. ICICI बैंक के प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में **संदीप बख्शी** को पुनर्नियुक्त किया गया है।
नोट: इससे पूर्व, वह ICICI बैंक के पूर्णकालिक निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी (COO) थे। वह अक्टूबर 2018 से ICICI के MD तथा CEO के पद पर कार्यरत थे।

32. उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के अंतरिम CEO के रूप में **कैरल फर्टाडो** को नियुक्त किया गया है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: वह वर्तमान में उज्जीवन फाइनेंशियल सर्विसेज की CEO के पद पर कार्यरत हैं। उनकी नियुक्ति भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमोदन के अधीन है।

33. 20 अगस्त 2021 से भारतीय रिजर्व बैंक का कार्यकारी निदेशक (ED) ***अजय कुमार*** को नियुक्त किया गया है।
नोट: ED के पद पर पदोन्नत होने से पहले, वह RBI के नई दिल्ली स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय निदेशक थे। उन्होंने विदेशी मुद्रा, बैंकिंग पर्यवेक्षण, वित्तीय समावेशन, प्रबंधन मुद्रा, आदि जैसे क्षेत्रों में तीन दशकों तक RBI की सेवा की है।

34. अतुल कुमार गोयल को **यूको बैंक** के MD तथा CEO हैं, जिनका कार्यकाल दो वर्ष बढ़ा दिया गया है।
नोट: बैंक ने एक नियामक फाइलिंग में कहा, कि केंद्र सरकार ने 26 अगस्त की एक अधिसूचना के माध्यम से, यूको बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (MD तथा CEO) के रूप में अतुल कुमार गोयल के पद की अवधि को दो वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक बढ़ा दिया है। गोयल का मौजूदा कार्यकाल 1 नवंबर, 2021 को समाप्त होना था।

35. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (NFSM) में प्रबंध निदेशक के रूप में **प्रमोद कुमार मेहरदा को** नियुक्त किया गया है।
नोट: वे कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड (ASRB) के सचिव पद पर भी कार्य करेंगे। इससे पहले, मेहरदा ने राज्यपाल के सचिव और ओडिशा सरकार में स्वास्थ्य सचिव के रूप में कार्य किया था।

36. स्कूली बच्चों के लिए दिल्ली सरकार की 'देश के मेंटोर' पहल का ब्रांड एंबेसडर **सोनू सूद को** नियुक्त किया गया है।
नोट: कार्यक्रम में सरकारी स्कूल के एक से दस छात्रों को ऐसे सफल नागरिकों द्वारा सलाह दी जाएगी जो अपने संबंधित क्षेत्रों में निपुण हैं। मेंटोर छात्रों का फोन पर मार्गदर्शन करने के लिए हर सप्ताह 10 मिनट का समय निकालेंगे।

37. स्टॉप टीबी पार्टनरशिप बोर्ड के अध्यक्ष पद पर **मनसुख मंडाविया** को नियुक्त किया गया है।
नोट: उन्होंने पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, हर्षवर्धन की जगह ली। भारत का लक्ष्य 2025 तक टीबी को समाप्त करना है जबकि संयुक्त राष्ट्र का लक्ष्य 2030 तक टीबी को समाप्त करना है।

38. 30 अगस्त, 2021 से हांगकांग एंड शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन (HSBC) की एशिया इकाई के स्वतंत्र निदेशक के रूप में **रजनीश कुमार** को नियुक्त किया गया है।
नोट: उन्हें HSBC एशिया की ऑडिट कमेटी तथा रिस्क कमेटी के सदस्य के रूप में भी नियुक्त किया गया। रजनीश कुमार SBI में 40 वर्ष के करियर के बाद अक्टूबर 2020 में SBI अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हुए। वह वर्तमान में भारत के लाइटहाउस कम्युनिटीज फाउंडेशन के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. प्रौद्योगिकी कंपनी, **इंटेल** ने भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूल बातें सिखाने के लिए CBSE तथा शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से अपनी नई नि:शुल्क पहल 'AI फॉर ऑल' शुरू की है।
नोट: यह 4 घंटे का स्वचालित कार्यक्रम है जिसमें कोई भी नि:शुल्क भाग ले सकता है। इसके साथ, इंटेल की योजना 1 वर्ष में 1 मिलियन से अधिक व्यक्तियों को शिक्षित करने की है। नि:शुल्क कोर्स को दो भागों में विभाजित किया गया है जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जागरूकता और इसके अनुप्रयोगों के बारे में बात बताएंगे।

2. कोविड-19 के खिलाफ अपने लोगों का 100% टीकाकरण करने वाला भारत का पहला शहर **भुवनेश्वर** है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: इसके अतिरिक्त, लगभग 1 लाख प्रवासी कामगारों को भी कोविड वैक्सीन की पहली खुराक दी गई है। भुवनेश्वर नगर निगम ने 31 जुलाई 2021 तक विशिष्ट समय सीमा के भीतर टीकाकरण प्रक्रिया को पूरा करने हेतु विभिन्न श्रेणियों के लोगों के लिए मानक निर्धारित किए थे। टीकाकरण कराने वालों में 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 9 लाख लोग शामिल हैं।

3. केंद्र सरकार 4,077 करोड़ रुपये से अधिक के कुल बजट पर **5 वर्षों** के लिए डीप ओशन मिशन लागू करेगी।

   नोट: मिशन के सभी घटक 2021 में शुरू होंगे। गहरे समुद्र में खनिज संसाधनों और समुद्री जैव विविधता की खोज के लिए तीन लोगों को समुद्र में छह हजार मीटर की गहराई तक ले जाने के लिए एक मानवयुक्त निमज्जक विकसित किया जाएगा।

4. **संजीव सिंह** भारतीय पैरालंपिक दल के थीम सॉन्ग 'कर दे कमाल तू' के गायक और संगीतकार हैं।

   नोट: गाने का नाम 'कर दे कमाल तू' है। गाने के गायक तथा संगीतकार संजीव सिंह (लखनऊ के दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी) हैं। टोक्यो में पैरालंपिक खेल 24 अगस्त, 2021 से शुरू होंगे और भारत से 9 खेलों में 54 पैरा-खिलाड़ी भाग लेंगे।

5. QS बेस्ट स्टूडेंट सिटीज 2022 रैंकिंग के अनुसार दो भारतीय शहरों - मुंबई और बेंगलुरु की रैंक क्रमशः **106वीं और 110वीं** है।

   नोट: वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषक QS क्वाक्वेरेली साइमंड्स द्वारा जारी रैंकिंग के नौवें संस्करण में मुंबई 29 स्थान, जबकि बेंगलुरु 21 स्थान नीचे खिसक गए। हालांकि, कार्यप्रणाली के रूप में विभिन्न मापनों के बीच, मुंबई 'अफोर्डेबिलिटी' संकेतक में 27 स्थानों की बढ़त प्राप्त करते हुए वैश्विक स्तर पर 21वें स्थान पर रही। दूसरी ओर, इसी संकेतक में तीन स्थान खोने के बावजूद, बेंगलुरू को वैश्विक स्तर पर अफोर्डेबिलिटी मापन में सातवें स्थान पर रखा गया।

6. केंद्र सरकार ने **31 मार्च 2023 तक** फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के लिए केंद्र प्रायोजित योजना को मंजूरी दी है।

   नोट: 1,023 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट को दो वर्ष का विस्तार दिया गया है। परिव्यय में केंद्र का हिस्सा निर्भया कोष से दिया जाएगा। यह यौन अपराधों के पीड़ितों को न्याय, असहाय पीड़ितों को त्वरित न्याय और न्यायिक प्रणाली में बाधाएं हटाकर उन्हें न्याय तक त्वरित पहुंच प्रदान करेगा।

7. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्कूली शिक्षा के लिए समग्र शिक्षा योजना को अगले **5 वर्ष** तक जारी रखने को मंजूरी दे दी है।

   नोट: सभी बालिका छात्रावासों में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के लिए मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण, इंसिनरेटर और सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीनों का प्रावधान, मौजूदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नए विषयों को जोड़ना, प्रत्येक शिक्षार्थी के लिए समग्र प्रगति कार्ड, और कक्षा 12 तक के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का विकास संशोधित योजना की पहलों में शामिल है। समग्र शिक्षा योजना 2' के तहत योजना को लागू करने के लिए 2.94 ट्रिलियन रुपये का वित्तीय खर्च बनाया गया है, जिसमें 1.85 ट्रिलियन रुपये का केंद्रीय हिस्सा है।

8. कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA) ने कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए **कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (UAS), बैंगलोर** के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

   नोट: समझौता ज्ञापन सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में अग्रिम सतर्कता के लिए प्रौद्योगिकी का विकास, गुणवत्तापूर्ण निर्यात बढ़ाने के लिए कुशल एवं परिशुद्ध कृषि; निर्यात टोकरी, गंतव्यों में विविधता लाना और उच्च मूल्य वाले कृषि-निर्यात को बढ़ावा देना शामिल है। यह अग्र तथा पश्चानुबंधन को मजबूत करने, अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों और मेलों में भागीदारी, ब्रांडिंग और मार्केटिंग, बाजार आसूचना प्रकोष्ठ की स्थापना, ट्रैसेबिलिटी सिस्टम विकसित करने में भी मदद करेगा।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

9. विदेश मंत्रालय के सहयोग से **TRIFED** दुनिया भर के 100 भारतीय मिशनों / दूतावासों में एक आत्मनिर्भर भारत कॉर्नर स्थापित करने जा रहा है।

नोट: यह कॉर्नर GI टैग प्राप्त, प्राकृतिक तथा जैविक जनजातीय उत्पादों को विदेशों में बढ़ावा देने के लिए एक विशेष मंच होगा। जनजातीय उत्पादों की समृद्धि और विविधता प्रदर्शित करने वाले कैटलॉग और ब्रोचर भी कॉर्नर में प्रदर्शित करने के लिए मिशनों और दूतावासों के साथ साझा किए गए हैं। जिन मिशनों और दूतावासों से संपर्क किया गया, उनमें से 42 जमैका, आयरलैंड, तुर्की, केन्या, मंगोलिया, इज़राइल, फिनलैंड, फ्रांस और कनाडा जैसे देशों से प्रत्यावर्तित हैं।

10. **वर्ष 2031** तक भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता वर्तमान 6,780 मेगावाट से 22,480 मेगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है।

नोट: वर्ष 2020-21 में देश में कुल बिजली उत्पादन में परमाणु ऊर्जा का भाग लगभग 3.1% है। विद्युत उत्पादन में परमाणु ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए सरकार ने एक बड़े परमाणु ऊर्जा क्षमता वृद्धि कार्यक्रम की शुरुआत की है। वर्तमान में 6,780 मेगावाट की कुल क्षमता वाले 22 रिएक्टर चालू हैं।

11. पर्यावरण अनुकूलता के लिए बंदरगाह द्वारा किए गए विभिन्न प्रयासों के रूप में अपने अधिकारियों के लिए ई-कार पेश करने वाला देश का पहला प्रमुख बंदरगाह **तूतीकोरिन बंदरगाह** है।

नोट: इससे पहले चरण में तीन टाटा एक्सप्रेस-टी इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल किया है। इन कारों की आपूर्ति बिजली मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (PSU) के एक संयुक्त उद्यम एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (EESL) द्वारा 6 वर्ष की अवधि के लिए सकार्मिक पट्टे के आधार पर की गई है। 'मैरीटाइम इंडिया विजन 2030' के भाग के रूप में, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय सुरक्षित, संधारणीय और पर्यावरण के अनुकूल समुद्री क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध है।

12. भारत के पहले नेशनल हर्ट फेल्यर बायोबैंक (NHFB) का उद्घाटन **श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी (SCTIMST)** संस्थान में किया गया है जो भविष्य के उपचारों के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में रक्त, बायोप्सी और नैदानिक डेटा एकत्र करेगा।

नोट: भंडारण क्रेदों में माइनस 20 से माइनस 80-डिग्री मैकेनिकल फ्रीजर और एक द्रवित नाइट्रोजन स्टोरेज सिस्टम है जो बायो-सैंपल को माइनस 140 डिग्री पर वर्षों तक संग्रहित कर सकता है। वर्तमान में, लगभग 25,000 बायो-सैंपल को स्टोर करने की सुविधा है। बायो-सैंपल में रक्त, सीरम, ओपन-हार्ट सर्जरी के दौरान प्राप्त ऊतक के नमूने और परिधीय रक्त एककेंद्रक कोशिका (PBMC) और हृद्पात के रोगियों से लिए गए जीनोमिक DNA शामिल हैं। बायोबैंक गतिविधि की निगरानी एक तकनीकी सलाहकार समिति (TAC) द्वारा की जाती है, जिसमें ICMR का एक सदस्य होता है।

13. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार की नि:शुल्क एलपीजी कनेक्शन योजना 'उज्ज्वला योजना' का दूसरा संस्करण **उत्तर प्रदेश** से शुरू किया।

नोट: योजना का दूसरा संस्करण चुनाव से गुजरने वाले उत्तर प्रदेश से शुरू किया जाएगा। उज्ज्वला-2 योजना का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा एक करोड़ अतिरिक्त LPG कनेक्शन देकर किया जाएगा। योजना का पहला संस्करण 2016 में उत्तर प्रदेश से 2017 के विधानसभा चुनावों से पहले शुरू किया गया था।

14. **स्टार्टअप ब्लिंक** ने हेल्थ इनोवेशन एक्सचेंज (HIEx) के साथ 'द स्टार्टअप इकोसिस्टम पॉडकास्ट - द कोविड -19 इनोवेशन रिपोर्ट 2021' लॉन्च की है जिसमें 100 शहरों और 40 देशों की रैंकिंग है।

नोट: रिपोर्ट प्रत्येक स्थान में उप-श्रेणियों (जैसे रोकथाम, उपचार और निदान में नवाचार) पर गहराई से विचार करती है। अमेरिका वैश्विक कोरोना वायरस नवाचार

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

प्रयासों में सबसे आगे है, इसके बाद इजराइल, कनाडा, बेल्जियम, स्विट्जरलैंड और यूके का स्थान है।

15. प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना वर्ष **2016** में शुरू की गई थी, जिसका 2.0 संस्करण अगस्त 2021 में पुन: शुरू किया गया।

नोट: 2016 में शुरू हुई उज्ज्वला 1.0 के दौरान, गरीबी रेखा से नीचे (BPL) के परिवारों की पांच करोड़ महिलाओं को द्रवित पेट्रोलियम गैस (LPG) कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया था। इसके बाद, इस योजना का विस्तार अप्रैल 2018 में सात अन्य श्रेणियों (SC/ST, PMAY, AAY, अति पिछड़ा वर्ग, चाय बागान, वनवासी, द्वीप समूह) की महिला लाभार्थियों को शामिल करने के लिए किया गया था।

16. भारत को खाना पकाने के तेल में आत्मनिर्भर बनाने के लिए हाल ही में शुरू किए गए नेशनल एडिबल ऑयल मिशन-ऑयल पाम (NMEO-OP) में निवेश करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा **11,000 करोड़ रुपये** की राशि की घोषणा की गई है।

नोट: यह भारत को ताड़ के तेल सहित खाना पकाने के तेल में आत्मनिर्भर बनाने के लिए है, क्योंकि उन्होंने आयात पर निर्भरता कम करने पर जोर दिया था। खाद्य तेल पारिस्थितिकी तंत्र में 11,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। भारत विश्व का सबसे बड़ा वनस्पति तेल आयातक है।

17. राष्ट्रमंडल सचिवालय द्वारा जारी 2020 ग्लोबल यूथ डेवलपमेंट इंडेक्स में भारत का स्थान **122वां** है, जो दुनिया भर के 181 देशों में युवाओं की स्थिति को मापता है।

नोट: सिंगापुर पहली बार शीर्ष स्थान पर रहा, उसके बाद स्लोवेनिया, नॉर्वे, माल्टा और डेनमार्क का स्थान है। चाड, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक, साउथ सूडान, अफगानिस्तान और नाइजर क्रमशः सबसे नीचे रहे। युवा शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, समानता और समावेश, शांति एवं सुरक्षा, और राजनीतिक एवं नागरिक भागीदारी के विकास के अनुसार सूचकांक 0.00 (निम्नतम) और 1.00 (उच्चतम) के बीच देशों को रैंक प्रदान करता है।

18. सोशल मीडिया कंपनी, फेसबुक के साथ यूनिसेफ इंडिया ने ऑनलाइन सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने सहित बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के लिए एक वर्ष की संयुक्त पहल शुरू की है।

नोट: साझेदारी बच्चों के लिए ऑनलाइन तथा ऑफलाइन एक सुरक्षित वातावरण बनाने का प्रयास करती है। इसका उद्देश्य बच्चों के लचीलेपन तथा डिजिटल दुनिया तक सुरक्षित पहुंच की क्षमता में सुधार करना, बच्चों के खिलाफ हिंसा और बच्चों, परिवारों और समुदायों पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना, साथ ही हिंसा को बेहतर ढंग से रोकने और प्रतिक्रिया देने के लिए समुदायों तथा अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं के कौशल को बढ़ाना है। साझेदारी में ऑनलाइन सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता और मनोसामाजिक सहायता पर एक राष्ट्रव्यापी सोशल मीडिया अभियान और 1,00,000 स्कूली बच्चों के लिए क्षमता निर्माण शामिल होगा।

19. इंटरनेट नीति के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए विभिन्न प्लेटफार्मों के प्रतिनिधियों को साथ लाने के लिए अक्टूबर 2021 में भारत द्वारा आयोजित किए जाने वाले पहले 'इंडिया इंटरनेट गवर्नेंस फोरम (IIGF)' का विषय **Inclusive Internet for Digital India** है।

नोट: यह 20 से 22 अक्टूबर 2021 तक 3 दिनों के लिए आयोजित किया जाएगा। इंडिया इंटरनेट गवर्नेंस 2021 की समन्वय समिति में अध्यक्ष के रूप में अनिल कुमार जैन, उपाध्यक्ष के रूप में टी.वी. रामचंद्रन, जयजीत भट्टाचार्य, रजत मूना और 12 अन्य सदस्य हैं।

20. भारत ने क्षेत्र में मौसम के पूर्वानुमान में सुधार हेतु मानसून डेटा विश्लेषण और सहयोग पर **अमेरिका** के साथ एक समझौता किया है।

नोट: समझौते पर भारत के राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक जी.ए. रामदास और यूएस असिस्टेंट एडमिनिस्ट्रेटर फॉर रिसर्च तथा नेशनल ओशनिक एंड

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के कार्यकारी प्रमुख वैज्ञानिक क्रेग मैकलीन ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता पृथ्वी अवलोकन तथा पृथ्वी विज्ञान में तकनीकी सहयोग के लिए पिछले अक्टूबर में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और NOAA के बीच हस्ताक्षर किए गए समझौता ज्ञापन का अनुवर्ती है।

21. वर्तमान केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, **वीरेंद्र कुमार** ने PM-DAKSH योजना के अंतर्गत लक्षित समूहों तक कौशल विकास योजनाओं की पहुंच को आसान बनाने के लिए PM-DAKSH पोर्टल और PM-DAKSH मोबाइल ऐप लॉन्च किया है।

नोट: पोर्टल तथा ऐप को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (MoSJ&E) द्वारा नेशनल ई-गवर्नेंस डिवीजन (NeGD) के सहयोग से विकसित किया गया था। PM-DAKSH योजना लक्षित समूह को कौशल प्रदान बनाने के लिए 2020-21 में MoSJ&E द्वारा शुरू की गई राष्ट्रीय कार्य योजना है।

22. सैटेलाइट फोन, जो आम तौर पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा उपयोग किया जाता है, से लैस होने वाला भारत का पहला राष्ट्रीय उद्यान **काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान** है।

नोट: सैटेलाइट फोन अवैध शिकार विरोधी उपायों को बढ़ावा देकर शिकारियों पर और बाढ़ जैसी आपदाओं के दौरान वन कर्मियों को बढ़त देंगे। जनता द्वारा भारत में सैटेलाइट फोन का उपयोग वर्जित है। इसके लिए, असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने काजीरंगा के लिए 16 लाख की अनुमानित लागत से 10 सैटेलाइट फोन खरीदे थे।

23. **संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन** संगठन के सहयोग से, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने उन्नत अपशिष्ट से ऊर्जा बायोमीथेनेशन परियोजनाओं और व्यापार मॉडल के लिए ऋण ब्याज अनुदान योजना शुरू की है।

नोट: औद्योगिक जैविक अपशिष्ट-से-ऊर्जा बायो-मीथेनेशन परियोजनाएं आम तौर पर पूंजी प्रधान तथा दोनों परिचालन लागतों के प्रति वित्तीय रूप से संवेदनशील होती हैं, जिसमें अपशिष्ट उपलब्धता, और राजस्व, विशेष रूप से बायोगैस उपज और इसके उपयोग परिदृश्य शामिल हैं। ऋण योजना लाभार्थियों को ऐसी परियोजनाओं के सामने आने वाले ऋण घटक पर ब्याज के कारण वित्तीय बोझ को कम करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

24. स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत भारतीय शहर इंदौर को भारत का पहला 'वाटर प्लस' शहर घोषित किया गया है।

नोट: स्वच्छता के प्रति अपने दृढ़ संकल्प तथा समर्पण के लिए इंदौर पूरे देश के सामने एक उदाहरण है। यह राज्य को गौरवान्वित करता है। स्वच्छ सर्वेक्षण स्वच्छ भारत मिशन के भाग के रूप में पूरे भारत के शहरों और कस्बों में शुद्धता, स्वच्छता और सफाई व्यवस्था का एक वार्षिक सर्वेक्षण है।

25. अधिसूचित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम, 2021 ने कैंडी स्टिक्स, प्लेट्स, कप और कटलरी सहित अभिज्ञात सिंगल-यूज प्लास्टिक (SUP) वस्तुओं के निर्माण, आयात, संग्रहण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर **1 जुलाई 2022** से प्रतिबंध लगा दिया है।

नोट: 12 अगस्त की अधिसूचना के अनुसार प्लास्टिक कैरी बैग की मोटाई 30 सितंबर, 2021 से 50 माइक्रोन से बढ़ाकर 75 माइक्रोन और 31 दिसंबर, 2022 से 120 माइक्रोन तक की जाएगी। इससे प्लास्टिक कैरी बैग को दोबारा उपयोग करने की भी अनुमति होगी। 30 सितंबर, 2021 से अवयनित प्लास्टिक कैरी बैग 60 ग्राम प्रति वर्ग मीटर (GSM) से कम नहीं होना चाहिए।

26. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **100 लाख करोड़ रुपये** के कुल परिव्यय के साथ 'प्रधानमंत्री गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान' की घोषणा की है।

नोट: यह योजना देश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करेगी और समग्र अवसंरचना विकास में मदद करेगी। यह रोजगार तथा नए अवसर उत्पन्न करेगी और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर लाएगी।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

गतिशक्ति स्थानीय निर्माताओं को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने में मदद करेगी और भविष्य के नए आर्थिक क्षेत्रों की संभावनाओं को भी विकसित करेगी।

27. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष **2047** तक 'ऊर्जा आत्मनिर्भर' बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
नोट: लाल किले की प्राचीर से अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत हर वर्ष ऊर्जा आयात पर 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च करता है। इसके लिए दिशानिर्देश अर्थव्यवस्था में प्राकृतिक गैस के उपयोग को बढ़ाना, देश भर में CNG और पाइप्ड नेचुरल गैस नेटवर्क स्थापित करना, पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल का मिश्रण और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी है।

28. **जितेंद्र सिंह** ने 'इंडिगऊ' चिप जारी की, जो गिर, कांकरेज, साहीवाल, ओंगोल आदि स्वदेशी मवेशियों की नस्लों की शुद्ध किस्मों के संरक्षण के लिए भारत की पहली मवेशी जीनोमिक चिप है।
नोट: इंडिगऊ चिप को राष्ट्रीय पशु जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (NAIB), हैदराबाद के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित किया गया है। यह विशिष्ट गुणों के साथ हमारी अपनी नस्लों के संरक्षण का लक्ष्य हासिल करने में मदद करेगी और 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करेगी।

29. शहरी SHG उत्पादों के विपणन के लिए **आवास तथा शहरी कार्य मंत्रालय** ने ब्रांड तथा लोगो- 'सोन चिरैया' लॉन्च किया है।
नोट: MoHUA के तत्वावधान में DAY-NULM ने शहरी गरीब महिलाओं को पर्याप्त कौशल एवं अवसरों से समर्थ बनाने और दीर्घकालिक सूक्ष्म उद्यमों को बढ़ावा देने में उन्हें सक्षम बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। यह इन महिलाओं के लिए एक सहयोगी तंत्र बनाने के लिए शहरी गरीब परिवारों की महिलाओं को SHG तथा उनके संघों में संगठित करता है। लगभग 60 लाख सदस्यों के साथ विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 5.7 लाख से अधिक SHG का गठन किया गया है। इनमें से कई स्वयं सहायता समूह आजीविका गतिविधियों में संलग्न हैं और हस्तशिल्प, वस्त्र, खिलौने, खाद्य वस्तुओं आदि का उत्पादन करते हैं।

30. **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय** ने संवाद (कमजोर परिस्थितियों तथा संकट में बच्चों के लिए समर्थन, सहायता तथा मानसिक स्वास्थ्य उपाय) का दूसरा चरण लॉन्च किया है।
नोट: SAMVAD बच्चों की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक देखभाल के लिए एक राष्ट्रीय पहल है। नई पहल देश भर के आकांक्षी जिलों में बाल संरक्षण तथा मानसिक स्वास्थ्य को एकीकृत करने के लिए पंचायती राज व्यवस्था के साथ काम शुरू करेगी ताकि जमीनी स्तर पर जागरूकता उत्पन्न करने और सेवा वितरण में सुधार हो सके।

31. **सियाचिन** ग्लेशियर पर अभियान दल के लिए, 75वें स्वतंत्रता दिवस को अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली से 'ऑपरेशन ब्लू फ्रीडम' शुरू किया गया है।
नोट: ऑपरेशन ब्लू फ्रीडम अभियान दल में सियाचिन ग्लेशियर तक पहुंचने के लिए देश भर से विकलांग लोगों की एक टीम शामिल है, जो विकलांग जनों की सबसे बड़ी टीम के रूप में दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में पहुंचकर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाएगी। विकलांग जनों की टीम को 'टीम CLAW' (सशस्त्र सेना के सेवानिवृत्त सैनिकों की टीम) द्वारा प्रशिक्षित किया गया था।

32. **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय** ने सामाजिक रक्षा के क्षेत्र में नि:शुल्क फिल्म रूपी व्याख्यान/कोर्स और ई-अध्ययन सामग्री प्रदान करने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल TAPAS (उत्पादकता तथा सेवाओं को बढ़ावा देने वाला प्रशिक्षण) लॉन्च किया है।
नोट: वर्तमान में TAPAS के अंतर्गत 5 कोर्स हैं: नशीली दवाओं (पदार्थ) के दुरुपयोग की रोकथाम, जराचिकित्सा/वृद्धजन देखभाल, मनोभ्रंश की देखभाल तथा प्रबंधन, ट्रांसजेंडर मुद्दे और सामाजिक सुरक्षा मुद्दों पर व्यापक कोर्स। TAPAS सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्रालय के राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान (NISD) की पहल है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

33. नेशनल ब्यूरो ऑफ प्लांट जेनेटिक रिसोर्सेज (NBPGR), पूसा, नई दिल्ली में दुनिया के दूसरे सबसे बड़े नवीन जीन बैंक का उद्घाटन **नरेंद्र सिंह तोमर** ने किया।

नोट: नेशनल जीन बैंक की स्थापना 1996 में भावी पीढ़ियों के लिए पादप आनुवंशिक संसाधनों (PGR) के बीजों को संरक्षित करने के लिए की गई थी और इसमें बीजों के रूप में लगभग एक मिलियन जननद्रव्य (जर्मप्लाज्म) को संरक्षित करने की क्षमता है। वर्तमान में यह 4.52 लाख जननद्रव्यों का संरक्षण कर रहा है, जिनमें से 2.7 लाख भारतीय जननद्रव्य हैं और शेष अन्य देशों से आयात किए गए हैं। NBPGR स्व-स्थानिक और बाह्य-स्थानिक जननद्रव्य संरक्षण की आवश्यकता की पूर्ति कर रहा है।

34. किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल परिसर के अंदर एक दमकल स्टेशन खोलने वाला भारत का पहला अस्पताल **अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS)** है।

नोट: AIIMS ने दिल्ली फायर सर्विस (DFS) के साथ सहयोग किया है। AIIMS फायर स्टेशन के लिए बुनियादी ढांचा मुहैया कराएगा, जबकि दमकल, उपकरण और जनबल का प्रबंधन DFS द्वारा किया जाएगा।

35. उप-राष्ट्रपति, एम. वेंकैया नायडू ने **बेंगलुरु** में स्थित जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र (JNCASR) के नवाचार एवं विकास केंद्र की आधारशिला रखी।

नोट: JNCASR नवाचार एवं विकास केंद्र: इसे एक ऐसे केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा जहां प्रयोगशाला आविष्कारों को आमाप-वर्धन और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए अग्रेषित किया जाएगा। आविष्कारों के रूपांतरण को सक्षम बनाने के लिए वैज्ञानिकों को अत्याधुनिक प्रसंस्करण एवं प्रोटोटाइप उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

36. हाउसफ्रेश रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में **गाजियाबाद** को दुनिया का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर बताया गया है।

नोट: हाउसफ्रेश द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में, गाजियाबाद को 2020 में दुनिया का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर घोषित किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में बांग्लादेश दुनिया का सबसे प्रदूषित देश था, इसके बाद पाकिस्तान, भारत और मंगोलिया का स्थान है।

37. ब्लॉकचैन डेटा प्लेटफॉर्म चेनालिसिस द्वारा जारी 2021 ग्लोबल क्रिप्टोकरेंसी एडॉप्शन इंडेक्स में भारत की रैंक **दूसरी** है।

नोट: ब्लॉकचेन डेटा प्लेटफॉर्म चेनालिसिस द्वारा जारी 2021 ग्लोबल क्रिप्टो एडॉप्शन इंडेक्स के अनुसार, भारत दुनिया भर में क्रिप्टोकरेंसी अपनाने के मामले में वियतनाम के बाद दूसरे स्थान पर है, लेकिन अमेरिका, यूके और चीन जैसे देशों से आगे है। रिपोर्ट के अनुसार, जून 2020 और जुलाई 2021 के बीच दुनिया भर में क्रिप्टो अपनाने में 880% वृद्धि हुई है।

38. UNICEF में प्रकाशित "द क्लाइमेट क्राइसिस इज ए चाइल्ड राइट्स क्राइसिस: इंट्रोड्यूसिंग द चिल्ड्रन क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स" (CCRI) नामक रिपोर्ट में भारत की रैंक **26वीं** है।

नोट: यह जलवायु तथा पर्यावरणीय आघात जैसे चक्रवात तथा ग्रीष्म लहरों के आधार पर बच्चों की अरक्षितता के साथ-साथ आवश्यक सेवाओं तक पहुंच के आधार पर उन आघातों के प्रति बच्चों की अतिसंवेदनशीलता के आधार पर देशों को रैंक प्रदान करता है। पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और भारत उन चार दक्षिण एशियाई देशों में शामिल हैं, जहां बच्चों पर जलवायु संकट के प्रभावों का अत्यधिक जोखिम है, इनकी रैंक क्रमशः 14वीं, 15वीं, 25वीं और 26वीं है।

39. कुशमैन एंड वेकफील्ड के 2021 ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग रिस्क इंडेक्स के अनुसार दुनिया भर में मैन्युफैक्चरिंग डेस्टिनेशन के रूप में भारत की रैंक **दूसरी** है।

नोट: भारत पर बढ़ते संकेंद्रण का श्रेय भारत की परिचालन स्थितियों और लागत प्रतिस्पर्धात्मकता को दिया जा सकता है। इसके अलावा, बहि:स्रोतन आवश्यकताओं को पूरा करने में देश की प्रमाणित सफलता के फलस्वरूप वर्ष दर वर्ष रैंकिंग में वृद्धि हुई है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

40. भारत सरकार (GoI) द्वारा शुरू किया गया नया भू-स्थानिक नियोजन पोर्टल **युक्तधारा** जो रिमोट सेंसिंग और भौगोलिक सूचना प्रणाली-आधारित डेटा का उपयोग करके नई मनरेगा संपत्तियों को सुविधाजनक बनाने में मदद करेगा।

नोट: पोर्टल केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा लॉन्च किया गया था। यह प्लेटफॉर्म क्षेत्रीय तस्वीरों के साथ विभिन्न राष्ट्रीय ग्रामीण विकास कार्यक्रमों जैसे महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अधिनियम, (मनरेगा), एकीकृत जलसंभर क्षेत्र प्रबंधन कार्यक्रम, प्रति बूंद अधिक फसल और राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत बनाए गए संपत्ति के भंडार, जियोटैग के रूप में काम करेगा।

41. केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने **मणिपुर** राज्य के सात स्वदेशी खाद्य उत्पादों का शुभारंभ किया है।

नोट: खाद्य पदार्थों में काले चावल के लड्डू, काले चावल की फ्रूट एंड नट्स कुकीज, तीखी और मसालेदार भुजिया, कबोक मिश्रण, मणिपुरी कसावा बर्फी, बांस की कली का मुरब्बा और अंजीर के लड्डू शामिल हैं। इन उत्पादों को TQS ग्लोबल, गाजियाबाद के सहयोग से मणिपुर खाद्य उद्योग निगम लिमिटेड (MFICL) की इनक्यूबेशन लैब परियोजना के तहत 10 लाख रुपये के बजट से विकसित किया गया था।

42. इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU) द्वारा जारी सेफ सिटी इंडेक्स 2021 में नई दिल्ली को **48वें** स्थान पर रखा गया है।

नोट: मुंबई 54.4 के स्कोर के साथ 50वें स्थान पर है। सूचकांक पहली बार 2015 में जारी किया गया था।

43. **नीति आयोग** और वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (WRI), भारत ने संयुक्त रूप से NDC-ट्रांसपोर्ट इनिशिएटिव फॉर एशिया (NDC-TIA) परियोजना के भाग के रूप में भारत में 'फोरम फॉर डीकार्बोनाइजिंग ट्रांसपोर्ट' लॉन्च किया है।

नोट: इस परियोजना का उद्देश्य एशिया में GHG उत्सर्जन (परिवहन क्षेत्र) के उच्चतम स्तर को नीचे लाना है (2 डिग्री से नीचे), जिसके कारण संकुलन और वायु प्रदूषण जैसी समस्याएं होती हैं। भारत में एक विशाल तथा विविध परिवहन क्षेत्र है, जो तीसरा सर्वाधिक CO_2 उत्सर्जक क्षेत्र भी है।

44. एक 100 दिवसीय अभियान SUJALAM को आजादी के अमृत महोत्सव समारोह के एक भाग के रूप में **जल शक्ति मंत्रालय**य द्वारा शुरू किया गया है।

नोट: यह ग्रे-वाटर के प्रबंधन में मदद करेगा और जल निकायों के अवरोधन को रोकेगा। यह अभियान भारत के सभी गांवों में अपशिष्ट जल प्रबंधन का कार्य करते हुए अधिक से अधिक ODF प्लस गांवों का निर्माण करने का प्रयास करता है।

45. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सुधार के एजेंडे EASE- 4.0 के चौथे संस्करण का शुभारंभ किया। EASE-4.0 में 'E' का अर्थ **Enhanced** है।

नोट: सुधार एजेंडा तकनीक-सक्षम, सरलीकृत और सहयोगपूर्ण बैंकिंग को अपनाने पर केंद्रित है। EASE 1.0 का पहला संस्करण जनवरी 2018 में लॉन्च किया गया था। EASE 4.0 का उद्देश्य ग्राहक-केंद्रित डिजिटल परिवर्तन के एजेंडे को आगे बढ़ाना और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के काम करने के तरीकों में डिजिटल और डेटा को गहनता से लागू करना है।

46. **कपड़ा मंत्रालय** ने उद्योग में कौशल अंतराल को पूरा करने हेतु क्षेत्र में क्षमता निर्माण के लिए समर्थ योजना शुरू की है।

नोट: प्रत्येक 63 प्रशिक्षण केंद्रों के पहले बैच में 1,565 कारीगरों को लाभान्वित किया गया और दूसरा बैच भी अगस्त 2021 के दौरान पूरा होगा जिससे 1,421 कारीगर लाभान्वित होंगे। समर्थ योजना राज्य सरकार की एजेंसियों, कपड़ा मंत्रालय के क्षेत्रीय संगठनों, विनिर्माण उद्योग, उद्योग संघों तथा MSME संघों के सहयोग से लागू की जा रही है।

47. भारत के 2021 ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का अध्यक्ष होने के चलते राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उत्तरदायी ब्रिक्स उच्च

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

प्रतिनिधियों की 11वीं बैठक की वर्चुअली मेजबानी **अजीत डोभाल** ने की।

नोट: 15वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन सितंबर 2021 में आयोजित होगा। NSA की ब्रिक्स बैठक ने पांच देशों को राजनीतिक सुरक्षा सहयोग मजबूत करने के लिए एक मंच प्रदान किया है।

48. **राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (NIFT), नई दिल्ली** के सहयोग से कपड़ा मंत्रालय ने भारतीयों के लिए माप का एक मानवमितीय डेटाबेस तैयार करने हेतु एक भारत माप सर्वेक्षण 'इंडिया साइज' शुरू किया है।

नोट: यह पहल भारत में रेडी-टू-वियर कपड़ों के लिए एक नया मानक साइज चार्ट पेश करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। नए साइज चार्ट में एक आकार पहचान संख्या होगी। यह शरीर के आकार और प्रकार के प्रतिचित्रण, वर्गीकरण और निर्धारण करके बनाया जाएगा।

49. **नीति आयोग** और अमेरिका स्थित टेक कंपनी सिस्को ने महिला उद्यमिता मंच (WEP) के अगले चरण का शुभारंभ किया है।

नोट: एक बयान में कहा गया, कि नीति आयोग के प्रमुख प्लेटफॉर्म का यह अगला चरण 'WEP Nxt' सिस्को की तकनीक और भारत के स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र के साथ काम करने के अनुभव का लाभ उठाएगा, और देश भर में अधिक महिलाओं के स्वामित्व वाले उद्यमों को सक्षम बनाएगा। WEP अपनी तरह का पहला यूनीफाइड एक्सेस पोर्टल है जो भारत के विभिन्न भागों की महिलाओं को उनकी उद्यमशीलता की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए एक मंच पर लाता है।

50. सरकार ने तीन वर्ष के अंदर हथकरघा उत्पादन को दोगुना करने और निर्यात को चौगुना करने के लिए **सुनील सेठी** की अध्यक्षता में समिति गठित की है।

नोट: इसकी अध्यक्षता फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुनील सेठी करेंगे। यह समिति गठन के दिन से 45 दिनों के अंदर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

51. ब्लॉकचैन डेटा प्लेटफॉर्म चेनालिसिस द्वारा जारी 2021 ग्लोबल क्रिप्टोकरेंसी एडॉप्शन इंडेक्स में भारत की रैंक **दूसरी** है।

नोट: ब्लॉकचेन डेटा प्लेटफॉर्म चेनालिसिस द्वारा जारी 2021 ग्लोबल क्रिप्टो एडॉप्शन इंडेक्स के अनुसार, भारत दुनिया भर में क्रिप्टो अपनाने के मामले में दूसरे स्थान पर है, जो वियतनाम से पीछे लेकिन अमेरिका, ब्रिटेन और चीन जैसे देशों से आगे है। रिपोर्ट के अनुसार, जून 2020 और जुलाई 2021 के बीच दुनिया भर में क्रिप्टो अपनाने में 880% की वृद्धि के बाद ऐसा हुआ है।

52. केंद्रीय पत्तन, पोतपरिवहन तथा जलमार्ग मंत्री, सर्बानंद सोनोवाल ने **गुवाहाटी** में समुद्री अध्ययन पर एक कौशल संस्थान स्थापित करने की घोषणा की है।

नोट: सरकार ने 2016 में 20 जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया। मंत्रालय ने NW 2 (ब्रह्मपुत्र) और NW 16 (बराक) पर काम शुरू किया है तथा विकास के लिए अधिक जलमार्गों पर विचार किया गया है। इस तरह के कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यापार तथा परिवहन के लिए अंतर्देशीय जलमार्गों की वास्तविक और अप्रयुक्त क्षमता का उपयोग करने की दिशा में प्रयास हैं।

53. **आशीष शिराधोनकर** की अध्यक्षता में केंद्र सरकार ने प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष कराधान मामलों से संबंधित अपील दायर करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित बनाने हेतु एक तकनीकी मंच विकसित करने के लिए एक समिति गठित की है।

नोट: आशीष शिराधोनकर प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष कराधान मामलों से संबंधित अपील दायर करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित बनाने हेतु एक तकनीकी मंच विकसित करने के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र में ई-कोर्ट परियोजना का नेतृत्व कर रहे हैं। न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एम.आर. शाह की पीठ को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि समिति

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

तीन महीने में अपना काम पूरा कर लेगी और इसमें राजस्व विभाग, CBDT और CBIT के सदस्य होंगे।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. केंद्र शासित प्रदेश, **लद्दाख** में सीमा सड़क संगठन (BRO) ने 19,300 फीट की ऊंचाई पर उमलिंगला दर्रा में दुनिया की सबसे ऊंची वाहन योग्य सड़क का निर्माण किया है।
   नोट: BRO ने उमलिंगला दर्रे से होकर एक 52-किमी लंबी ब्लैक-टॉप रोड का निर्माण किया है, इसने बोलीविया में ज्वालामुखी उतुरुंकु से 18,953 फीट पर एक सड़क के पूर्व रिकॉर्ड को तोड़ा। उमलिंगला दर्रे की सड़क अब पूर्वी लद्दाख के चुमार सेक्टर के महत्वपूर्ण कस्बों को जोड़ती है।
2. **उत्तराखंड** राज्य सरकार ने भूकंप पूर्व चेतावनी मोबाइल एप्लिकेशन 'भूकम्प अलर्ट' लॉन्च किया है।
   नोट: भूकंप की चेतावनी के बारे में लोगों को सूचित करने के लिए यह भारत का पहला भूकंप पूर्व चेतावनी ऐप है। इसे उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (USDMA) के सहयोग से IIT रुड़की द्वारा विकसित किया गया है। यह भूकंप का पहले ही पता लगा सकता है और जीवन क्षति को रोकने के लिए भूकंप की चेतावनियां तथा आगमन का अपेक्षित समय एवं तीव्रता जारी कर सकता है।
3. **मध्य प्रदेश** राज्य सरकार ने प्रशासन की चार श्रेणियों में पांच स्कोच पुरस्कार 2021 (एक प्लेटिनम, एक स्वर्ण और तीन रजत पुरस्कार) जीते हैं।
   नोट: MSME तथा कपड़ा विभाग ने आगे आकर नेतृत्व किया और शीर्ष दो सहित पांच में से चार पुरस्कार जीते। विभाग की सिंगल-विंडो प्रणाली 'शिल्प साथी' को सर्वोच्च पुरस्कार श्रेणी प्लेटिनम के लिए चुना गया था। एक अन्य MSME परियोजना, शहरी क्षेत्रों के लिए ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से नामांकन प्रमाण पत्र का स्वत: नवीनीकरण, ने स्वर्ण पुरस्कार जीता।
4. व्यापार और उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए मणिपुर की इन्वेस्टमेंट प्रमोशन सोसाइटी ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की इन्वेस्ट इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।
   नोट: समझौता ज्ञापन का उद्देश्य राज्य में व्यापार तथा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख विकास क्षेत्रों में निवेश के अवसरों का लाभ उठाना है। लक्ष्य अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों योजनाओं पर केंद्रित होंगे। यह एक उत्पाद-एक जिला कार्यक्रम को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए राज्य में उद्यम संबंधी प्रणाली को बढ़ाएगा।
5. **हरियाणा** राज्य ने क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (CCTNS) प्रणाली में 100 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल करके इतिहास रचा।
   नोट: यह पहली बार है कि हरियाणा पुलिस ने इस प्रणाली के तहत 100 प्रतिशत अंकों के साथ देश में पहला स्थान हासिल किया है, जबकि गुजरात 99.9 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और हिमाचल प्रदेश 99.6 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।
6. तेलंगाना राज्य सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा संचार (IT,E&C) विभाग ने Xperience-AI समिट में 'AI गेमचेंजर' पुरस्कार जीता है।
   नोट: समिट का आयोजन नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज (NASSCOM) द्वारा किया गया था। NASSCOM AI गेमचेंजर की संकल्पना इस अद्भुत तकनीक के बारे में जागरूकता तथा उत्साह उत्पन्न करने और दूसरों को पारिस्थितिकी तंत्र में सफलताओं का अनुकरण करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए की गई थी।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

7. **गुजरात** राज्य ने ई-नगर मोबाइल एप्लिकेशन और पोर्टल लॉन्च किया है।

   नोट: ई-नगर में संपत्ति कर, पेशेवर कर, जल तथा अपवाह, शिकायतें और शिकायत निवारण, भवन अनुमति, अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं सहित 52 सेवाओं के साथ 10 मॉड्यूल शामिल हैं। गुजरात शहरी विकास मिशन को ई-नगर परियोजना के लिए एक नोडल एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है। 162 नगर पालिकाओं और 8 नगर निगमों सहित कुल 170 स्थानों को ई-नगर परियोजना के अंतर्गत शामिल किया गया है।

8. **दिल्ली** राज्य सरकार ने फेसलेस परिवहन सेवाएं शुरू की हैं जो सभी ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीकरण और परमिट से संबंधित सेवाओं को ऑनलाइन लाएगी।

   नोट: मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आई.पी. एस्टेट ऑफिस में आयोजित एक समारोह में 33 फेसलेस सेवाओं का शुभारंभ किया। चार जोनल कार्यालय अर्थात आईपी एस्टेट, सराय काले खां, जनकपुरी और वसंत विहार बंद रहेंगे। दक्षिण क्षेत्र, राजा गार्डन और द्वारका के मोटर लाइसेंसिंग कार्यालय (MLO) क्रमशः अपने वाहन और सारथी से संबंधित कार्य जारी रखेंगे।

9. **नागालैंड** राज्य सरकार को TRIFED के 34वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पहले वन धन वार्षिक पुरस्कार 2020-21 पर सात राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

   नोट: ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (TRIFED) के 34वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान, नागालैंड को पहले वन धन वार्षिक पुरस्कार 2020-21 पर सात राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। केंद्रीय आदिवासी मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा जूम वेबिनार के माध्यम से पुरस्कार प्रदान किए गए।

10. **महाराष्ट्र** राज्य सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (IT) में उत्कृष्टता के लिए राजीव गांधी पुरस्कार की घोषणा की है।

    नोट: इस पुरस्कार की घोषणा पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती 20 अगस्त को की जाएगी। यह पुरस्कार, जिसकी घोषणा 20 अगस्त को की जाएगी, भारत में प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अग्रणी कार्य के लिए स्वर्गीय श्री राजीव जी को एक श्रद्धांजलि होगी। यह पुरस्कार 30 अक्टूबर से पहले दिया जाएगा।

11. भिंडावास जिसे रामसर स्थल की मान्यता दी गई है, **हरियाणा** राज्य में स्थित है।

    नोट: रामसर स्थलों की सूची में भारत के चार और आर्द्रभूमियों को शामिल किया गया है, जिससे इसे 'अंतर्राष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि' का दर्जा मिला है। ये स्थल हैं:

    - थोल, गुजरात
    - वाधवाना, गुजरात
    - सुल्तानपुर, हरियाणा
    - भिंडावास, हरियाणा

    ➢ इसके साथ, भारत में रामसर स्थलों की कुल संख्या 46 पहुंच गई है, जो 1,083,322 हेक्टेयर पृष्ठीय क्षेत्रफल को कवर करते हैं।

12. इन्वेस्टर्स समिट 2021 **गुजरात** में आयोजित की गई।

    नोट: वाहन स्क्रैप नीति के अंतर्गत वाहन स्क्रैप अवसंरचना की स्थापना हेतु निवेश आकर्षित करने के लिए इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। समिट का आयोजन गांधीनगर में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और गुजरात सरकार द्वारा किया जा रहा है।

13. **असम** राज्य की विधानसभा ने राज्य में मवेशियों की हत्या, उपभोग तथा अभिगमन को विनियमित करने के उद्देश्य से मवेशी संरक्षण विधेयक, 2021 पारित किया है।

    नोट: असम विधानसभा ने राज्य में मवेशियों की हत्या, उपभोग तथा अभिगमन को विनियमित करने के उद्देश्य से मवेशी संरक्षण विधेयक, 2021 पारित किया। असम मवेशी संरक्षण विधेयक, 2021 - गौमांस न खाने वाले समुदायों के क्षेत्रों और मंदिर या सत्र (वैष्णव मठ) के 5

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

किमी के दायरे में आने वाले क्षेत्रों में गोमांस की बिक्री तथा खरीद पर प्रतिबंध लगाता है।

14. **केरल** की राज्य पुलिस ने "देश का अपनी तरह का पहला" ड्रोन फोरेंसिक लैब एंड रिसर्च सेंटर शुरू किया है।
    नोट: यह प्रयोगशाला तथा अनुसंधान केंद्र ड्रोन की उपयोगिता और खतरे दोनों पहलुओं पर विचार करेगा। यह एक सार्वजनिक भागीदारी पहल है। साइबरडोम केरल पुलिस द्वारा स्थापित एक तकनीकी अनुसंधान एवं विकास केंद्र है।

15. सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान **हरियाणा** राज्य में स्थित है जिसे हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय महत्व के रामसर स्थलों में शामिल किया गया है।
    नोट: रामसर सूची का उद्देश्य एक अंतर्राष्ट्रीय आर्द्रभूमि नेटवर्क का संरक्षण करना है जो जैविक विविधता को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। टैग प्राप्त करने वाले आर्द्रभूमि स्थल हरियाणा से भिंडावास वन्यजीव अभयारण्य और सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान; और गुजरात से थोल झील वन्यजीव अभयारण्य और वाधवाना आर्द्रभूमि हैं। जहां हरियाणा में रामसर कन्वेंशन के तहत पहचाने जाने वाले पहले दो आर्द्रभूमि स्थल हैं, वहीं गुजरात के नलसरोवर पक्षी अभयारण्य को 2012 में टैग दिया गया था।

16. **उत्तर प्रदेश** राज्य में अंतर्राष्ट्रीय महत्व के रामसर स्थलों की संख्या सर्वाधिक है।
    नोट: आठ आर्द्रभूमियों के साथ, उत्तर प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय महत्व के रामसर स्थलों की संख्या सर्वाधिक है। केंद्र द्वारा आगरा की कीठम झील को 'रामसर स्थल' घोषित करने के बाद, उत्तर प्रदेश में अब आठ रामसर आर्द्रभूमि हैं।

17. **महाराष्ट्र** राज्य सरकार ने 15 अगस्त से महाराष्ट्र में ई-फसल सर्वेक्षण पहल शुरू की है।
    नोट: इस परियोजना को प्रारंभ में दो जिलों में एक प्रायौगिक परियोजना के रूप में शुरू किया गया था। इसे टाटा ट्रस्ट के साथ राजस्व तथा कृषि विभागों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित किया जाता है। यह किसानों की कठिनाइयों को कम करेगा क्योंकि यह उन्हें बिना किसी परेशानी के फसल संबंधी जानकारी प्रदान करेगा।

18. **ओडिशा और तेलंगाना** राज्य के राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (SPCB) को दिल्ली स्थित गैर-लाभकारी संगठन सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (CSE) द्वारा जारी पारदर्शिता सूचकांक: सार्वजनिक प्रकाशन रिपोर्ट पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों की रेटिंग में प्रथम स्थान दिया गया है।
    नोट: इसका उद्देश्य SPCB/PCC को अपनी जानकारी सार्वजनिक क्षेत्र में प्रकाशित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। रिपोर्ट में 2016-2021 की अवधि के दौरान पूरे भारत से 29 SPCB और 6 प्रदूषण नियंत्रण समितियों (PCC) के डेटा प्रकाशन प्रदर्शन के 25 संकेतकों का आकलन किया गया।

19. **छत्तीसगढ़** राज्य ने 'राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना' शुरू की है।
    नोट: छत्तीसगढ़ सरकार ने 12 लाख भूमिहीन परिवारों को लाभान्वित करने के लिए 200 करोड़ रुपये के प्रावधान के साथ 'राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना' शुरू की है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 28 जुलाई को राज्य विधानमंडल में इस योजना की घोषणा की गई थी। धनराशि वित्तीय वर्ष 2021-2022 के अनुपूरक बजट में शामिल की गई है।

20. **उत्तर प्रदेश** राज्य सरकार ने आतंकवाद विरोधी दस्ते (ATS) कमांडो के लिए प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है।
    नोट: उप्र सरकार ने उप्र में सहारनपुर के देवबंद - जो अपने इस्लामी मदरसे दारुल उलूम के लिए प्रसिद्ध है और चार अन्य स्थानों में आतंकवाद विरोधी दस्ते (ATS) कमांडो के लिए नया प्रशिक्षण तथा संचालन केंद्र स्थापित करने का फैसला किया है। सरकार ने इस उद्देश्य के लिए 2,000 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की है। अन्य रणनीतिक स्थान जहां कमांडो संचालन केंद्र स्थापित किए जाएंगे, उनमें जेवर (गौतम बौद्ध नगर), जहां नया अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बन रहा है और

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

पश्चिम उप्र में मेरठ जिला शामिल है। इसी तरह के केंद्र भारत-नेपाल सीमा पर बहराइच और श्रावस्ती जिलों में खोले जाएंगे।

21. **ओडिशा** राज्य ने सभी को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्मार्ट हेल्थ कार्ड लॉन्च किया है।
नोट: इसके माध्यम से सभी लाभार्थी प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक के उपचार का लाभ उठा सकते हैं और महिलाएं हर वर्ष 10 लाख रुपये तक का लाभ उठा सकती हैं।

22. भारत में सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित हर्बल पार्क का उद्घाटन **उत्तराखंड** राज्य में किया गया।
नोट: इसे केंद्र सरकार की प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (CAMPA) योजना के तहत 3 वर्षों में विकसित किया गया है। यह हर्बल पार्क 11,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और भारत-चीन सीमा के निकट है। माणा: चीन की सीमा से लगे चमोली जिले में आखिरी और बद्रीनाथ मंदिर से सटा भारतीय गांव।

23. **मध्य प्रदेश** राज्य सरकार ने नए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की खोज करने और उन्हें राज्य की 18 खेल अकादमियों में प्रशिक्षित करने के लिए खेल के क्षेत्र में व्यापक टैलेंट सर्च अभियान शुरू किया है।
नोट: मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खेल में रुचि रखने वाले युवाओं से प्रदेश के टैलेंट सर्च अभियान में अपना पंजीकरण कराने की अपील की है। अब तक 50,000 से अधिक खिलाड़ियों ने टैलेंट सर्च में ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन किया है।

24. **मणिपुर** राज्य सरकार ने उन लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री की कोविड-19 प्रभावित आजीविका सहायता योजना शुरू की है, जिन्होंने राज्य में कोविड-19 महामारी से बुरी तरह प्रभावित हुए थे।
नोट: इस योजना का शुभारंभ आज मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने इंफाल में आयोजित एक समारोह में किया। उन्होंने कहा, यह सरकार लोगों के लिए है और उनकी सेवा के लिए सदैव तत्पर है।

25. **दिल्ली** राज्य सरकार ने वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए भारत के पहले स्मॉग टॉवर का उद्घाटन किया है।
नोट: लगभग 1 किमी के दायरे में हवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए स्थापित 20 मीटर से अधिक लंबी संरचना, मानसून के मौसम के बाद "पूर्ण क्षमता से काम करेगी"। इस स्मॉग-टॉवर को 20 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है।

26. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)-2020 को आधिकारिक रूप से लागू करने वाला देश का पहला राज्य **कर्नाटक** है।
नोट: केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राज्य में NEP की शुरुआत वर्चुअल माध्यम में की। प्रदेश के विश्वविद्यालयों द्वारा नई नीति के तहत प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

27. **असम** राज्य में अच्छी फसल के उपलक्ष्य में वांचुवा महोत्सव मनाया जाता है।
नोट: यह गीत, नृत्य, अनुष्ठानों के साथ मनाया जाता है और लोग अपने मूल परिधान में शामिल होते हैं। तिवा जनजाति के लोग प्रचुर मात्रा में फसल को प्रकृति की उच्च शक्ति से जोड़ते हैं। यह सूअरों के कपाल तथा अस्थियों का रूप ग्रहण करता है जो देवताओं की भूमिका निभाते हैं और कई पीढ़ियों तक संरक्षित रहते हैं।

28. अमेरिका स्थित ओहमियम इंटरनेशनल लिमिटेड ने **बेंगलुरु, कर्नाटक** में भारत की पहली ग्रीन हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर निर्माण इकाई शुरू की है।
नोट: यह इकाई भारत में निर्मित प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन (PEM) हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर का निर्माण करेगी। इसकी वार्षिक निर्माण क्षमता लगभग 0.5 GW है।

29. **महाराष्ट्र** राज्य सरकार ने कोविड-19 में अपने पति को खोने वाली महिलाओं की सहायता हेतु एक विशेष मिशन "मिशन वात्सल्य" शुरू किया है।
नोट: मिशन वात्सल्य महिलाओं को एक स्थान पर अनेक सेवाएं तथा लगभग 18 लाभ प्रदान करेगा। नया कार्यक्रम विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों से उन विधवाओं के

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

लिए शुरू किया गया है, जो निर्धन हैं और वंचित वर्गों से आती हैं।

30. भारत में सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित हर्बल पार्क का उद्घाटन **उत्तराखंड** राज्य में किया गया है।
नोट: इसे केंद्र सरकार की प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (CAMPA) योजना के तहत 3 वर्षों में विकसित किया गया है। यह हर्बल पार्क 11,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और भारत-चीन सीमा के समीप है।

31. **मध्य प्रदेश** राज्य सरकार ने नए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की खोज करने और उन्हें राज्य की 18 खेल अकादमियों में प्रशिक्षित करने के लिए खेल के क्षेत्र में व्यापक प्रतिभा खोज अभियान शुरू किया है।
नोट: मुख्यमंत्री ने खेल में रुचि रखने वाले युवाओं से राज्य के प्रतिभा खोज अभियान में अपना पंजीकरण कराने की अपील की है। अब तक 50,000 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभा खोज में ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन किया है।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. **सिक्किम** में भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच एक हॉटलाइन स्थापित की गई है।
   नोट: हॉटलाइन उत्तरी सिक्किम के कोंगरा ला में भारतीय सेना और तिब्बती स्वायत्त क्षेत्र के खंबा द्ज़ोंग में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (PLA) के बीच है।
   हॉटलाइन के उद्घाटन में दोनों पक्षों के ग्राउंड कमांडर शामिल हुए और दोस्ती तथा सद्भाव का संदेश साझा किया गया।
2. अगस्त 2021 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) की अध्यक्षता **भारत** के पास है।
   नोट: भारत अगस्त के लिए एजेंडा तय करेगा और महत्वपूर्ण बैठकों तथा अन्य संबंधित मुद्दों का समायोजन करेगा। भारत अपनी अध्यक्षता के दौरान तीन प्राथमिकता प्राप्त विषयों: समुद्री सुरक्षा, शांति स्थापना और आतंकवाद से मुकाबले पर ध्यान केंद्रित करेगा। भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में जनवरी 2021 में 2 वर्ष के कार्यकाल के लिए 10 आवर्ती अस्थाई सदस्यों में से एक के रूप में शामिल हुआ।
3. 8 जनवरी 2021 को अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) फ्रेमवर्क समझौते में हुए संशोधन, जिससे संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों के लिए इसकी सदस्यता खुल गई, के लागू होने के बाद इस पर हस्ताक्षर करने वाला 5वां देश **जर्मनी** है।
   नोट: ISA की सदस्यता पहले 121 देशों तक सीमित थी, जो आंशिक या पूर्ण रूप से उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में स्थित थे। इससे प्रमुख सौर ऊर्जा अर्थव्यवस्थाओं को गठबंधन में शामिल होने की अनुमति नहीं मिली। ISA पहल 2015 में शुरू की गई थी।
4. सबसे हल्की ट्रेनसेट और पुणे की पहली मेट्रो का अनावरण **इटली** में किया गया है।
   नोट: आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने कहा कि इस वर्ष दिसंबर तक ट्रेन भारत में पहुंच जाएगी। इसका निर्माण पश्चिम बंगाल के टीटागढ़ में स्थित कंपनी टीटागढ़ वैगन्स लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने पुणे मेट्रो के लिए निर्मित अपनी पहली ट्रेन का प्रदर्शन करने के लिए एक वर्चुअल समारोह आयोजित किया। 11,420 करोड़ रुपये की पुणे मेट्रो परियोजनामहाराष्ट्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और महाराष्ट्र सरकार द्वारा 50:50 की हिस्सेदारी के रूप में संयुक्त रूप से क्रियान्वित की जा रही है।
5. अमेरिका ने भारत को हार्पून ज्वाइंट कॉमन टेस्ट सेट (JCTS) और संबंधित उपकरणों की बिक्री को मंज़ूरी दे दी है।
   नोट: यह द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने और भारत-प्रशांत क्षेत्र में एक प्रमुख रक्षा भागीदार की सुरक्षा बेहतर बनाने में मदद करेगा। एक आधिकारिक

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

बयान के अनुसार, पेंटागन की डिफेंस सिक्योरिटी कॉर्पोरेशन एजेंसी (DSCA) ने अमेरिकी कांग्रेस को इस संभावित बिक्री के बारे में सूचित करते हुए आवश्यक प्रमाणन दिया।

6. राष्ट्रमंडल सचिवालय द्वारा जारी दुनिया भर के 181 देशों में युवाओं की स्थिति को मापने वाले 2020 ग्लोबल यूथ डेवलपमेंट इंडेक्स में सिंगापुर पहले स्थान पर है।
   नोट: सिंगापुर पहली बार शीर्ष स्थान पर रहा, उसके बाद स्लोवेनिया, नॉर्वे, माल्टा और डेनमार्क का स्थान है। चाड, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक, साउथ सूडान, अफगानिस्तान और नाइजर क्रमशः सबसे नीचे रहे। युवा शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, समानता और समावेश, शांति एवं सुरक्षा, और राजनीतिक एवं नागरिक भागीदारी के विकास के अनुसार सूचकांक 0.00 (निम्नतम) और 1.00 (उच्चतम) के बीच देशों को रैंक प्रदान करता है।

7. इंटरनेशनल आर्मी गेम्स 2021 का 7वां संस्करण **रूस** में आयोजित किया जाएगा।
   नोट: यह इंटरनेशनल आर्मी गेम्स का सातवां संस्करण है। प्रतियोगिता का आयोजन 2021 खेलों में ग्यारह देशों में किया जाएगा। 2015 से हर वर्ष रूसी रक्षा मंत्रालय द्वारा खेलों का आयोजन किया जाता है।

8. वर्ष 2021 के लिए वर्चुअली आयोजित फोरम ऑफ द इलेक्शन मैनेजमेंट बॉडीज ऑफ साउथ एशिया (FEMBoSA) की 11वीं वार्षिक बैठक की मेजबानी भूटान ने की थी।
   नोट: वर्चुअल माध्यम में आयोजित बैठक की मेजबानी भूटान के चुनाव आयोग द्वारा की गई थी। भारत के साथ अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका के प्रतिनिधिमंडलों ने दिन भर चली बैठक में भाग लिया। FEMBoSA के निवर्तमान अध्यक्ष के रूप में श्री सुशील चंद्रा, CEC ने वर्चुअली FEMBoSA की अध्यक्षता भूटान के मुख्य चुनाव आयुक्त एच.ई. दाशो सोनम टोपगे को सौंपी।

9. चीन ने **वर्ष 2060** तक कार्बन-तटस्थ बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
   नोट: हालांकि, इसने चीन को कार्बन डाइऑक्साइड का सबसे बड़ा उत्सर्जक भी बना दिया। फलस्वरूप, चीन ने 2060 तक कार्बन-तटस्थ बनने का लक्ष्य रखा है। कार्बन तटस्थ का अर्थ है कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में अधिकतम संभावित कटौती करना और जो समाप्त नहीं किया जा सकता है उसे प्रतिसंतुलित करना है। यह कोयले के बजाय सौर ऊर्जा का उपयोग करने जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाकर किया जा सकता है।

10. **राष्ट्रमंडल सचिवालय** ने ग्लोबल यूथ डेवलपमेंट इंडेक्स जारी किया जिसमें भारत 181 देशों के बीच विश्व स्तर पर 122वें स्थान पर था।
   नोट: सिंगापुर पहली बार शीर्ष स्थान पर रहा, उसके बाद स्लोवेनिया, नॉर्वे, माल्टा और डेनमार्क हैं। चाड, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक, साउथ सूडान, अफगानिस्तान और नाइजर क्रमशः सबसे नीचे रहे।

11. **संयुक्त राष्ट्र** संगठन के सहयोग से, भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों की सुरक्षा तथा संरक्षण में सुधार के लिए एक तकनीकी मंच "यूनाइट अवेयर" लॉन्च किया है।
   नोट: प्लेटफॉर्म को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में विदेश मंत्री एस. जयशंकर की उपस्थिति में लॉन्च किया गया था। यूनाइट अवेयर प्लेटफॉर्म का शुभारंभ उस समय हुआ जब भारत ने अगस्त महीने के लिए 15 देशों की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता ग्रहण की।

12. पहला जीवाश्म मुक्त स्टील (ग्रीन स्टील) बनाने वाला दुनिया का पहला देश **स्वीडन** है।
   नोट: इसे हाइब्रिट टेक्नोलॉज़ी द्वारा विकसित किया गया है और इसका पहला वितरण ट्रक-निर्माता Volvo AB को ट्रायल रन के रूप में किया गया। यह पहल 2016 से प्रक्रिया में थी। ग्रीन स्टील का बृहत पैमाने पर उत्पादन 2026 से शुरू होगा।

13. इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (IATA) और **UNCTAD** ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, विशेष रूप से ई-कॉमर्स को सुविधाजनक बनाने के लिए अपना सहयोग विस्तारित किया है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: विस्तारित साझेदारी उनके साथ काम करने के इतिहास को समृद्ध बनाएगी। इसमें UNCTAD की स्वचालित सीमा शुल्क प्रबंधन प्रणाली ASYCUDA World में एयर कार्गो मैसेजिंग मानकों (कार्गो- XML) का सफल एकीकरण शामिल है। ASYCUDA World के नवीनतम संस्करण के नियोजन का चयन करने वाली 100 काउंटियों के लिए, यह एयर कार्गो शिपमेंट के अधिक कुशल प्रसंस्करण को सक्षम बनाता है।

14. ब्रिटिश कंपनी हाउसफ्रेश द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट के अनुसार **होटन** को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बताया गया है।

नोट: उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद को ब्रिटिश कंपनी हाउसफ्रेश द्वारा तैयार रिपोर्ट में 2020 में दुनिया के 50 'सबसे प्रदूषित शहरों' में से दूसरा सबसे प्रदूषित शहर चुना गया।

15. **भारत** अक्टूबर 2022 में 'टूवर्ड्स जियो-इनेबलिंग द ग्लोबल विलेज' विषय के साथ दूसरी यूनाइटेड नेशन्स वर्ल्ड जियोस्पेशल इनफॉर्मेशन कांग्रेस (UNWGIC) की मेजबानी करेगा।

नोट: यह जानकारी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MoST) द्वारा यूनाइटेड नेशन्स कमेटी ऑफ एक्सपर्ट ऑन ग्लोबल जियोस्पेशल इनफॉर्मेशन मैनेजमेंट (UN-GGIM) के 11वें सत्र की तर्ज पर आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदान की गई थी, जो अगस्त 2021 के अंत में आयोजित किया जाएगा। इसका उद्घाटन DST के सचिव आशुतोष शर्मा ने किया।

16. युद्धग्रस्त अफगानिस्तान से भारत द्वारा अपने नागरिकों को निकालने के ऑपरेशन को **ऑपरेशन देवी शक्ति** नाम दिया गया है।

नोट: विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारतीय वायु सेना और एयर इंडिया के प्रयासों को सलाम करते हुए निकासी प्रक्रिया को 'ऑपरेशन देवी शक्ति' कहा है। यह घोषणा 25 भारतीय नागरिकों सहित 78 लोगों को दुशानबे (ताजिकिस्तान) से एयर इंडिया की एक विशेष उड़ान में भारत लाए जाने के बाद की गई थी।

17. इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU) द्वारा जारी सेफ सिटीज इंडेक्स 2021 में 60 वैश्विक शहरों में से **कोपेनहेगन** को दुनिया का सबसे सुरक्षित शहर बताया गया है।

नोट: डेनमार्क की राजधानी ने EIU के द्विवार्षिक सेफ सिटीज इंडेक्स (जिसमें पहली बार पर्यावरण सुरक्षा मापक शामिल थे) के चौथे संस्करण में टोक्यो, सिंगापुर और ओसाका जैसे दौड़ में सबसे आगे पिछले वर्ष के शहरों को पीछे छोड़ दिया। शहरी सुरक्षा के पांच स्तंभों - डिजिटल, स्वास्थ्य, अवसंरचना, व्यक्तिगत और पर्यावरण - के एक अध्ययन में कोपेनहेगन 100 में से 82.4 अंक हासिल करके सूची में सबसे ऊपर है।

18. 20-23 सितंबर, 2021 को जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में आयोजित होने वाले वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के वार्षिक संधारणीय विकास प्रभाव शिखर सम्मेलन 2021 का विषय **Shaping an Equitable, Inclusive and Sustainable Recovery** होगा।

नोट: इस वर्ष का कार्यक्रम समावेशी अर्थव्यवस्थाओं को पुनर्जीवित करने पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करेगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा, शिखर सम्मेलन "Shaping an Equitable, Inclusive and Sustainable Recovery" विषय के अंतर्गत आयोजित करेगी। यह सरकार, व्यवसाय और नागरिक समाज के लगभग सभी नेताओं का स्वागत करेगा जो अधिक संधारणीय और समावेशी भविष्य के लिए कार्य करने और गति प्रदान करने के लिए मिलकर काम करेंगे।

19. विश्व के सबसे बड़े और सबसे ऊंचे ऑब्जर्वेशन व्हील का अनावरण दुबई में किया जाएगा।

नोट: इस ऑब्जर्वेशन व्हील को 'ऐन दुबई' के नाम से जाना जाता है। यह 250 मीटर (820 फीट) ऊंचा है और ब्लूवाटर्स द्वीप पर स्थित है। यह अभूतपूर्व व्हील लास वेगास के वर्तमान में दुनिया के सबसे ऊंचे ऑब्जर्वेशन

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

व्हील, हाई रोलर से 42.5 मीटर (139 फीट) लंबा है, जिसकी माप 167.6 मीटर (550 फीट) है।

20. 27वीं यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (UPU) कांग्रेस **आबिदजान, आयवरी कोस्ट** में आयोजित की गई थी, जिसमें भारत को इसकी प्रशासन परिषद (CA) के लिए चुना गया है।
नोट: 134 मतों के साथ भारत को दक्षिण एशिया और ओशिनिया क्षेत्र से CA निर्वाचन में सर्वाधिक मत मिले। भारत आबिदजान में आयोजित 27वीं UPU कांग्रेस में 156 देशों में से 106 मतों के साथ पोस्टल ऑपरेशंस काउंसिल (POC) के लिए भी चुना गया था।

21. जीवाश्म मुक्त स्टील (ग्रीन स्टील) बनाने वाला दुनिया का पहला देश **स्वीडन है।**
नोट: इसे हाइब्रिट टेक्नोलॉज़ी द्वारा विकसित किया गया है और इसका पहला वितरण ट्रक-निर्माता Volvo AB को ट्रायल रन के रूप में किया गया। यह पहल 2016 से प्रक्रिया में थी। ग्रीन स्टील का बृहत पैमाने पर उत्पादन 2026 से शुरू होगा।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. **साइरस पूनावाला** को 2021 के प्रतिष्ठित लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया है।
   नोट: उन्हें कोविड-19 महामारी के दौरान कोविशील्ड वैक्सीन बनाने के लिए चुना गया है। लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार:
   - इसमें 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और एक मोमेंटो शामिल है।
   - यह 1983 से लोकमान्य तिलक ट्रस्ट द्वारा 1 अगस्त (लोकमान्य तिलक की पुण्यतिथि) को प्रदान किया जाता है।
2. द इंडियन इकोनोमेट्रिक सोसाइटी (TIES) द्वारा पहले प्रोफेसर सी.आर. राव सेंटनेरी (CGM) से **जगदीश भगवती और बी.सी. रंगराजन** को सम्मानित किया गया है।
   नोट: डॉ. भगवती कोलंबिया विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र, विधि एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर हैं और राज सेंटर ऑन इंडियन इकोनॉमिक पॉलिसीज़ के निदेशक हैं। डॉ. रंगराजन प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के पूर्व गवर्नर हैं। इस पुरस्कार की स्थापना TIES द्वारा प्रो. राव के योगदान की स्मृति में की गई है, जो सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष हैं, और गणितीय सांख्यिकी के अगुआ हैं।
3. अरबपति मुकेश अंबानी का तेल-दूरसंचार समूह रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड 2021 फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची में **155वें** स्थान पर है।
   नोट: कोविड-19 महामारी के चलते राजस्व में कमी के कारण रिलायंस की रैंकिंग में गिरावट हुई है। यह 2017 के बाद से सबसे कम रैंकिंग है। वॉलमार्ट 524 बिलियन अमेरिकी डॉलर के राजस्व के साथ फॉर्च्यून सूची में शीर्ष पर बना हुआ है, इसके बाद चीन की स्टेट ग्रिड 384 बिलियन अमरीकी डालर है। 280 बिलियन अमेरिकी डॉलर के राजस्व के साथ, अमेजन चीनी कंपनी की जगह तीसरे स्थान पर आ गया। चाइना नेशनल पेट्रोलियम चौथे और साइनोपेक ग्रुप पांचवें स्थान पर है।
4. **राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार** का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार कर दिया गया है।
   नोट: प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कदम देश भर से प्राप्त कई अनुरोधों पर आधारित था। ध्यानचंद, जिनका जन्मदिन राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है, ने हॉकी में देश के लिए तीन ओलंपिक स्वर्ण जीते। इस पुरस्कार की शुरुआत 1991-92 में हुई थी, इस पुरस्कार में एक पदक, एक प्रमाण पत्र और 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

5. 2021 स्काईट्रैक्स वर्ल्ड एयरपोर्ट अवार्ड्स में **हमद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, कतर** को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा बताया गया है।

नोट: नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (IGI) हवाई अड्डे को 2021 स्काईट्रैक्स अवार्ड्स में 45वें स्थान पर रखा गया है।सूची में अन्य भारतीय हवाई अड्डे:

1) हैदराबाद (रैंक 64)
2) मुंबई (रैंक 65)
3) बेंगलुरु (रैंक 71)

6. 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा **बाबू राम को** अशोक चक्र से सम्मानित किया गया।

नोट: राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने स्वतंत्रता दिवस 2021 के अवसर पर सशस्त्र बलों, पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को 144 वीरता पुरस्कार प्रदान किए हैं। पुरस्कार इस प्रकार हैं:

- अशोक चक्र - बाबू राम (मरणोपरांत)
- कीर्ति चक्र - अल्ताफ हुसैन भट (मरणोपरांत)
- शौर्य चक्र - अरुण कुमार, रवि
- बार टू सेना मेडल (वीरता)
- सेना मेडल (वीरता)
- नौसेना मेडल (वीरता)
- वायुसेना मेडल (वीरता)

7. **त्रिपुरा** राज्य पुलिस की महिला सब-इंस्पेक्टर रीता देबनाथ को वर्ष 2021 के लिए 'केंद्रीय गृह मंत्री के अन्वेषण उत्कृष्टता पदक' से सम्मानित किया गया।

नोट: गृह मंत्रालय द्वारा पुरस्कार विजेताओं की सूची की घोषणा की गई। वर्ष 2021 के लिए 'केंद्रीय गृह मंत्री अन्वेषण उत्कृष्टता पदक' पूरे देश में 152 पुलिस कर्मियों को प्रदान किया गया, जिसमें देश भर की 28 महिला पुलिस अधिकारियों ने पुरस्कार प्राप्त किए।

8. हाल ही में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा दिल्ली में अनुकरणीय नेतृत्वकारी गुण प्रदर्शित करने के लिए राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से **मोहम्मद आजम** को सम्मानित किया गया।

नोट: उन्होंने बताया कि वह अपने जिले के चिंताकुंटा और रेकुरथी गांवों से युवाओं को कौशल प्रदान कर रहे हैं और उनके लिए व्यक्तित्व विकास शिविर आयोजित कर रहे हैं।

9. **भारतीय स्टेट बैंक** को EASE रिफॉर्म्स इंडेक्स अवार्ड 2021 (EASE 3.0 अवार्ड्स) का समग्र विजेता चुना गया है।

नोट: बैंक ऑफ बड़ौदा दूसरे और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया तीसरे स्थान पर है। इंडियन बैंक ने बेसलाइन प्रदर्शन में सर्वोत्तम सुधार के लिए पुरस्कार जीता। SBI, BoB, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक और केनरा बैंक ने PSB सुधार एजेंडा EASE 3.0 के विभिन्न क्षेत्रों में शीर्ष पुरस्कार जीते।

10. कर्नाटक सरकार द्वारा प्रतिष्ठित श्री बसवा अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए **श्री बसवालिंग पट्टादेवरु (भाल्की हिरेमठ के वरिष्ठ द्रष्टा)** को चुना गया।

नोट: कन्नड़ तथा संस्कृति मंत्री वी. सुनील कुमार बेंगलुरु के रवींद्र कलाक्षेत्र में पुरस्कार प्रदान करेंगे। सप्तति वर्षीय द्रष्टा ने बीदर जिले में लिंगायत धार्मिक संस्थान में पांच दशक से अधिक समय बिताया है।

खेल समाचार

1. टोक्यो ओलंपिक में बैडमिंटन महिला एकल मैच में पी.वी. सिंधु ने **ही बिंग जियाओ** को हराकर कांस्य पदक जीता।

नोट: उन्होंने कांस्य पदक मैच में चीन की ही बिंग जियाओ को 21-13 और 21-15 से हराया और दो ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। उन्होंने रियो 2016 में रजत पदक जीता था।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

पहलवान सुशील कुमार दो ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले तथा एकमात्र भारतीय हैं।

2. व्यक्तिगत श्रेणी में दो ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला **पी.वी. सिंधु** है।
नोट: उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में महिला एकल मैच में कांस्य पदक जीता। उन्होंने कांस्य पदक मैच में चीन की ही बिंग जियाओ को 21-13 और 21-15 से हराकर दो ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। उन्होंने रियो 2016 में रजत भी जीता है।

3. भारतीय महिला हॉकी टीम टोक्यो ओलंपिक खेल 2020 के सेमीफाइनल के लिए **पहली बार** क्वालीफाई किया है।
नोट: भारत ने ओलंपिक के सबसे बड़े उलटफेर में तीन बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को एक ही गोल से हरा दिया। भारतीय पुरुष टीम के 49 वर्ष के अंतराल के बाद ओलंपिक सेमीफाइनल में पहुंचने के एक दिन बाद, दुनिया की नवीं महिला हॉकी टीम ने भी शानदार प्रदर्शन के साथ इतिहास के पन्नों में नाम दर्ज कराया। ओलंपिक में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1980 के मास्को खेलों में था जहां वे छह टीमों के बीच चौथे स्थान पर रहे थे।

4. लैमोंट मार्सेल जैकब्स **इटली** से हैं जिन्होंने 9.80 सेकंड में पुरुषों की 100 मीटर पूरी करके स्वर्ण पदक जीता है।
नोट: अमेरिकी फ्रेड केर्ली ने 9.84 सेकंड का समय लेकर रजत जीता। 2016 रियो खेलों में कांस्य पदक विजेता कनाडा के आंद्रे डी ग्रास ने इस वर्ष भी कांस्य पदक जीता था। महिला वर्ग में, जमैका की धाविका एलेन थॉम्पसन-हेराह ने महिलाओं की 100 मीटर दौड़ 10.61 सेकंड में पूरी करके स्वर्ण पदक जीता।

5. ऐलेन थॉम्पसन-हेरा **जमैका** से हैं जिन्होंने महिलाओं की 100 मीटर दौड़ 10.61 सेकंड में पूरी करके स्वर्ण पदक जीता।
नोट: अमेरिकी फ्रेड केर्ली ने 9.84 सेकंड का समय लेकर रजत हासिल किया। 2016 रियो खेलों में कांस्य पदक विजेता कनाडा के आंद्रे डी ग्रास ने इस वर्ष भी कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग में, जमैका की धाविका एलेन थॉम्पसन-हेराह ने महिलाओं की 100 मीटर दौड़ 10.61 सेकंड में पूरी करके स्वर्ण पदक जीता।

6. **युलिमर रोजस** ने महिलाओं की इनडोर ट्रिपल जंप में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतकर एक नया विश्व रिकॉर्ड किसने बनाया।
नोट: रोजस टोक्यो में अपनी छठी और अंतिम छलांग में 15.67 मीटर कूदीं, उन्होंने 1995 में यूक्रेन की इनेसा क्रैवेट्स द्वारा बनाए गए 15.50 मीटर के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को तोड़ दिया। यह टोक्यो ओलंपिक एथलेटिक्स कार्यक्रम का पहला विश्व रिकॉर्ड था। पुर्तगाल की पेट्रीसिया मैमोना ने राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड (15.01 मीटर) के साथ रजत पदक जीता।

7. टोक्यो ओलंपिक 2020 के पुरुष एकल में बैडमिंटन का स्वर्ण पदक **विक्टर एक्सेलसन** ने जीता।
नोट: दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने शुरुआत में ही नियंत्रण बना लिया और अपने प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए चीन के गत चैंपियन चेन लॉन्ग को 21-15, 21-12 से हराया। एक्सेलसन, जिन्होंने 2016 रियो खेलों में कांस्य पदक जीता, वह हमवतन पॉल-एरिक होयर-लार्सन, अटलांटा खेलों के चैंपियन और एशिया के बाहर के अंतिम विजेता के पदचिन्हों पर चलते हैं।

8. टोक्यो ओलंपिक 2020 के महिला एकल में बैडमिंटन स्वर्ण पदक **चेन युफेई** ने जीता।
नोट: उसने ताइवान की ताई त्ज़ु-यिंग को 21-18, 19-21, 21-18 से हराया। ताई त्ज़ु-यिंग ने पी.वी. सिंधु को हराकर गोल्ड मेडल मैच में जगह बनाई थी। पी.वी. सिंधु ने चीन की ही बिंग जियाओ को हराकर कांस्य पदक जीता।

9. हंगेरियन ग्रैंड प्रिक्स 2021 **इस्टेबैन ओकॉन** ने जीती, जो 1 अगस्त, 2021 को हंगरी के मोग्योरोड में हंगेरोरिंग में आयोजित हुई थी।
नोट: यह इस्टेबैन ओकॉन की पहली F1 रेस जीत है। सेबेस्टियन वेट्टेल (एस्टन मार्टिन-मर्सिडीज/जर्मनी) दूसरे स्थान पर रहे, उनके बाद लुईस हैमिल्टन

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

(मर्सिडीज-ग्रेट ब्रिटेन) रहे। इसके साथ ही उन्होंने मैक्स वेर्स्टाप्पेन पर फॉर्मूला वन चैंपियनशिप में बढ़त बना ली। हंगेरियन ग्रैंड प्रिक्स 2021 F-1 चैंपियनशिप का ग्यारहवां राउंड था।

10. **अमेरिका** ने फुटबॉल में 2021 CONCACAF गोल्ड कप जीता।

नोट: यह अमेरिका का सातवां फुटबॉल गोल्ड कप खिताब और 2017 के बाद उनका पहला खिताब है। CONCACAF गोल्ड कप: यह CONCACAF द्वारा आयोजित द्विवार्षिक अंतर्राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल चैंपियनशिप है, जो उत्तरी अमेरिका, मध्य अमेरिका और कैरिबियन में फुटबॉल की शासकीय संस्था है।

11. अलेक्जेंडर ज्वेरेव जर्मनी से संबंधित हैं जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक में पुरुष एकल टेनिस में स्वर्ण पदक जीता।

नोट: इस जीत के साथ, वह एकल ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले पहले जर्मन व्यक्ति बन गए। उन्होंने अभी तक अपने करियर का ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीता है। 1988 के सियोल ओलंपिक में स्टेफी ग्राफ के जीतने के बाद, वह ओलंपिक एकल स्वर्ण जीतने वाले दूसरे जर्मन खिलाड़ी हैं।

12. लवलीन बोरगोहेन **मुक्केबाजी** के खेल से संबंधित हैं जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीता था।

नोट: वह विजेंदर सिंह (2008) और एम.सी. मैरी कॉम (2012) के बाद ओलंपिक में पदक जीतने वाली एकमात्र तीसरी भारतीय मुक्केबाज हैं। उन्होंने 2018 तथा 2019 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। वह असम के गोलाघाट जिले से हैं।

13. भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में **जर्मनी** को हराकर कांस्य पदक जीता।

नोट: 1980 में मास्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद यह हॉकी में भारत का पहला ओलंपिक पदक है। यह टोक्यो में भारत का चौथा पदक है। यह ओलंपिक में भारत का चौथा कांस्य पदक है और पिछली बार 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था।

14. शेहरोज़ काशिफ **पाकिस्तान** से हैं, जो K2 के शिखर पर पहुंचने वाले दुनिया के सबसे युवा पर्वतारोही बन गए है।

नोट: उन्होंने 27 जुलाई, 2021 को बोतलबंद ऑक्सीजन की सहायता से 8,611 मीटर ऊंची चोटी पर चढ़ने की उपलब्धि हासिल की। काशिफ से पहले, महान पर्वतारोही मुहम्मद अली सदपारा के पुत्र साजिद सदपारा 20 वर्ष की आयु में K2 पर चढ़ने वाले सबसे युवा व्यक्ति बने थे।

15. रवि कुमार दहिया **कुश्ती** के खेल से संबंधित हैं जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक 2020 में रजत पदक जीता।

नोट: ROC पहलवान ने दहिया पर 7-4 से जीत दर्ज की। ऐसी उम्मीदें थीं कि 23 वर्षीय दहिया भारत के सबसे युवा ओलंपिक चैंपियन बनेंगे लेकिन रूसी पहलवान ने अच्छा बचाव करते हुए आराम से जीत हासिल की। दहिया की उपलब्धि के बाद भारत ने अब तक पांच पदक (दो रजत और तीन कांस्य) जीते हैं।

16. फाइनल मुकाबले में भारत के रवि कुमार दहिया को हराने के बाद टोक्यो ओलंपिक 2020 में पुरुषों की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल में ओलंपिक स्वर्ण पदक **जवुर यूगेव** ने जीता।

नोट: ROC पहलवान ने दहिया के खिलाफ 7-4 से जीत दर्ज की। ऐसी उम्मीदें थीं कि 23 वर्षीय दहिया भारत के सबसे युवा ओलंपिक चैंपियन बनेंगे लेकिन रूसी पहलवान ने अच्छा बचाव करते हुए आराम से जीत हासिल की। दहिया की उपलब्धि के बाद भारत ने अब तक पांच पदक (दो रजत और तीन कांस्य) जीते हैं।

17. फाइनल 1-1 से बराबरी पर समाप्त होने के बाद पेनल्टी शूटआउट में **बेल्जियम** ने ओलंपिक पुरुष हॉकी खिताब (स्वर्ण पदक) जीता।

नोट: रजत पदक जीतने वाले ऑस्ट्रेलिया ने 2004 में अपना आखिरी ओलंपिक खिताब जीता था। भारत ने

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

जर्मनी पर 5-4 की रोमांचक जीत के बाद कांस्य पदक जीता और देश को 1980 के मास्को खेलों के बाद इस खेल में पहला ओलंपिक पदक दिलाया। भारत के फॉरवर्ड खिलाड़ी सिमरनजीत सिंह ने विजयी गोल के साथ दो गोल किए।

18. जापानी शहर टोक्यो ने 2024 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने वाले **पेरिस** को फ्लेम ऑफ होप सौंपी।

नोट: फ्लेम ऑफ होप या ध्वज को अग्रसरित गतिमान संदेश के साथ पेरिस पहुंचाया गया। इसने उन लोगों को भी स्मरण किया जिन्होंने कोविड -19 महामारी से अपनी जान गंवाई। फ्लेम ऑफ होप विशेष ओलंपिक खेलों का प्रतीक है। इसका उपयोग उसी भावना से किया जाता है जैसे ओलंपिक खेलों में ओलंपिक फ्लेम का उपयोग किया जाता है। फ्लेम ऑफ होप एथेंस, ग्रीस में पारंपरिक समारोह के दौरान प्रकाशित की जाती है। प्रकाशित होने के बाद, इसे विशेष ओलंपिक एथलीटों के साथ-साथ कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सदस्यों (जिसमें अधिकतर पुलिसकर्मी शामिल होते हैं) द्वारा आयोजन शहर में पैदल भेजा जाता है।

19. ट्रैक एंड फील्ड ओलंपिक प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय **नीरज चोपड़ा** है।

नोट: वह अभिनव बिंद्रा के बाद व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले दूसरे भारतीय बने। अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर, उन्होंने भारत के लिए इतिहास रचते हुए 87.58 मीटर दूर भाला फेंका। उन्होंने एथलेटिक्स पदक के लिए भारत के 121 वर्ष के इंतजार को समाप्त किया। 1920 के बाद से किसी भी भारतीय ने एथलेटिक्स में पदक नहीं जीता था जब भारत ने 1920 में बेल्जियम के एंटवर्प में ओलंपिक में भाग लेना शुरू किया।

20. पेरेस जेपचिरचिर **केन्या** से हैं जिन्होंने जापान के उत्तरी शहर साप्पोरो में महिलाओं की मैराथन जीती।

नोट: उन्होंने 2 घंटे 27 मिनट 20 सेकंड में दौड़ पूरी करके विश्व रिकॉर्ड धारक ब्रिगेड कोसगेई को अंतिम चरण में हराया। अमेरिका की मोली सीडेल ने कांस्य पदक जीता। दौड़ आधी रात को शुरू की गई थी और तापमान 88 F (31 C) तक पहुंच गया था और लगभग 30 धावक समापन रेखा तक नहीं पहुंच पाए और चेपगेटिच ने स्वर्ण जीता।

21. टोक्यो 2020 ओलंपिक खेलों में पदक तालिका में **अमेरिका** शीर्ष पर रहा।

नोट: टोक्यो 2020 ओलंपिक खेलों का समापन; 39 स्वर्ण पदकों के साथ अमेरिका शीर्ष पर रहा, उसके बाद चीन (38), जापान (27), ग्रेट ब्रिटेन (22) और रूस (20); भारत 48वें स्थान पर। इस आयोजन में अमेरिका ने कुल 113 पदक जीते। अमेरिका ओलंपिक के अंतिम दिन चीन के साथ दोतरफा संघर्ष में शामिल था।

22. टोक्यो ओलंपिक 2020 की पदक तालिका में भारत 86 देशों के बीच **48वें** स्थान पर है।

नोट: 86 देशों के बीच भारत पदक तालिका में 48वें स्थान पर रहा। 2020 टोक्यो ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 23 जुलाई से शुरू हुए और 8 अगस्त, 2021 को समाप्त हुए। 1964 (ग्रीष्मकालीन), 1972 और 1998 में मेजबानी करने के बाद, यह चौथी बार था जब जापान ने ओलंपिक खेलों की मेजबानी की। अमेरिका कुल 113 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।

23. भारतीय शहर कोलकाता सितंबर 2021 में आयोजित होने वाले एशिया के सबसे पुराने और दुनिया के तीसरे सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट 'डूरंड कप' की मेजबानी करेगा।

नोट: डूरंड कप का 130वां संस्करण 5 सितंबर से 3 अक्टूबर 2021 के बीच कोलकाता और उसके आसपास आयोजित होगा। कोविड-19 महामारी के कारण पिछले सत्र में प्रतियोगिता रद्द कर दी गई थी।

24. 19वां स्पिलिमबर्गो ओपन शतरंज टूर्नामेंट 2021 **रौनक साधवानी ने जीता।**

नोट: वह टूर्नामेंट में अपराजित रहे, उन्होंने पांच मैचे जीते और चार ड्रॉ किए। उन्होंने इटली के जोशुआडे कैप्पेलेटो, हंगरी के एरोन पास्टी, इटली के लोरेज़नो

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

लोडिसी और फ्रांस के लोइक ट्रैवाडॉन को हराया। वह 2015 में नई दिल्ली, भारत में अंडर-10 राष्ट्रमंडल चैंपियन भी थे।

25. कोमालिका बारी **तीरंदाजी** से संबंधित है।

नोट: भारत के जूनियर रिकर्व तीरंदाजों ने पुरुष और मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। अंडर 21 पुरुष रिकर्व टीम फाइनल में, धीरज बोम्मदेवरा, आदित्य चौधरी और पार्थ सुशांत सालुंखे की भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक जीता। भारतीय तिकड़ी ने स्पेन के खिलाफ 5-3 से जीत हासिल की।

26. हर्षित राजा **महाराष्ट्र** राज्य से संबंधित हैं, जो भारत के 69वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बने।

नोट: उन्होंने 2014 में जमशेदपुर में आयोजित अंडर - 13 राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप में रजत और 2014 में तमिलनाडु में आयोजित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SGFI) नेशनल्स में गोल्ड जीता। अप्रैल 2021 में, तमिलनाडु (TN) के 18 वर्षीय अर्जुन कल्याण भारत के 68वें शतरंज ग्रैंडमास्टर (GM) बने थे।

27. विश्व एथलेटिक्स अंडर 20 चैंपियनशिप का वर्ष 2021 संस्करण **नैरोबी, केन्या** में आयोजित होगा।

नोट: जेवलिन थ्रोअर कुंवर अजय राज सिंह राणा और लंबी कूद खिलाड़ी शैली सिंह विश्व एथलेटिक्स U20 चैंपियनशिप में भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे। भारत को पिछले दो संस्करणों में से प्रत्येक में U20 एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में एक चैंपियन मिला।

28. शैली सिंह **लंबी कूद के** खेल से संबंधित हैं जिन्होंने नैरोबी, केन्या में U-20 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीता है।

नोट: वह केवल 1 सेंटीमीटर के अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गईं। चैंपियनशिप के अंतिम दिन शैली का 6.59 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास स्वर्ण पदक के लिए अपर्याप्त था क्योंकि स्वीडन की मौजूदा यूरोपीय जूनियर चैंपियन माजा अस्काग 6.60 मीटर के प्रयास के साथ शीर्ष स्थान पर रहीं। शैली सिंह को अनुभवी लंबी कूद खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज और उनके पति रॉबर्ट बॉबी जॉर्ज ने प्रशिक्षित किया है।

29. युवा विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप **व्रोकला (पोलैंड)** में आयोजित की गई थी जिसमें भारत ने अब तक के सर्वाधिक 15 पदक जीते।

नोट: 15 पदक (8 स्वर्ण, 2 रजत और 5 कांस्य पदक) जो अब तक युवा विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पदक जीतने वाले पांच युवा तीरंदाजों को सीनियर टीम के सदस्य के रूप में भी चुना गया है जो USA-वर्ल्ड चैंपियनशिप-सितंबर, 2021 में भाग लेने जा रही है। कोमालिका बारी दीपिका कुमारी के बाद कैडेट और जूनियर रिकर्व महिला विश्व चैंपियंस दोनों खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय बनीं।

30. शैली सिंह **लंबी कूद** के खेल से संबंधित हैं, जिन्होंने नैरोबी, केन्या में U-20 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीता।

नोट: वह महज 1 सेंटीमीटर से स्वर्ण पदक से चूक गईं। शैली का 6.59 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास स्वर्ण पदक के लिए अपर्याप्त था क्योंकि चैंपियनशिप के अंतिम दिन स्वीडन की मौजूदा यूरोपीय जूनियर चैंपियन माजा अस्काग ने 6.60 मीटर के प्रयास के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

31. विश्व एथलेटिक्स U20 चैंपियनशिप का 2021 संस्करण **नैरोबी, केन्या** शहर में आयोजित होगा।

नोट: जेवलिन थ्रोअर कुंवर अजय राज सिंह राणा और लंबी कूद खिलाड़ी शैली सिंह विश्व एथलेटिक्स U20 चैंपियनशिप में भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे। भारत को पिछले दो संस्करणों में से प्रत्येक में U20 एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में एक चैंपियन मिला। विश्व एथलेटिक्स U20 चैंपियनशिप को 1986 में एथलेटिक्स में IAAF विश्व जूनियर चैंपियनशिप के रूप में शुरू किया गया था।

32. चेक गणराज्य के ओलोमौक में यूक्रेन के येवेन रिशेपा को हराकर चेक इंटरनेशनल टेबल टेनिस फेडरेशन

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

टूर्नामेंट जीतने वाला भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी **जी. साथियान** है।

नोट: बेल्जियम ओपन 2016 और स्पेनिश ओपन 2017 में जीत के बाद यह उनका तीसरा ITTF चैलेंजर खिताब है। इससे पहले, उन्होंने मनिका बत्रा के साथ जोड़ी बनाकर बुडापेस्ट में WTT कंटेंडर में मिश्रित युगल खिताब जीता।

33. **आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट स्टेडियम, पुणे** का नाम टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के नाम पर रखा गया है।

नोट: उद्घाटन समारोह में सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे और नीरज चोपड़ा भी मौजूद थे। ASI, पुणे ने अब तक 34 ओलंपियन, 22 राष्ट्रमंडल खेल के पदक विजेता, 21 एशियाई खेलों के पदक विजेता, छह युवा खेलों के पदक विजेता और 13 अर्जुन पुरस्कार विजेता प्राप्त किए हैं।

34. टोक्यो पैरालंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय **अवनी लेखरा** है।

नोट: उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक खेलों में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। योगेश कथुनिया ने डिस्कस थ्रो में रजत पदक जीता। यह टोक्यो पैरालंपिक में देश का पांचवां पदक है।

35. योगेश कथुनिया **डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक)** खेल से संबंधित हैं जिन्होंने टोक्यो पैरालंपिक में रजत पदक जीता।

नोट: योगेश ने अपने छठे एवं अंतिम प्रयास में 44.38 का स्कोर करके शीर्ष स्थान हासिल किया लेकिन उनके बाद ब्राजील के क्लॉडिनी बतिस्ता ने भारतीय एथलीट को शीर्ष स्थान से हटाते हुए अपने पहले प्रयास में 44.57 का स्कोर किया। योगेश की शुरुआत खराब रही क्योंकि उनका पहला थ्रो गलत माना गया, लेकिन भारतीय पैरा-एथलीट ने जल्द वापसी की और उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में 42.84 का स्कोर किया।

36. भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी **भाविनाबेन पटेल** ने टोक्यो में 2020 पैरालंपिक खेलों में महिला एकल टेबल टेनिस फाइनल में ऐतिहासिक रजत पदक जीता।

नोट: वह अपने पहले पैरालंपिक खेलों में चीनी खिलाड़ी यिंग झोउ से 0-3 से हार गईं। यह टोक्यो पैरालंपिक खेलों में भारत का पहला पदक था। वह दीपा मलिक के बाद पैरालंपिक में पदक जीतने वाली एकमात्र दूसरी भारतीय महिला बनीं, जिन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में शॉटपुट (गोला फेंक) में रजत पदक जीता था।

37. निषाद कुमार **ऊंची कूद** के खेल से संबंधित हैं जिन्होंने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में रजत पदक जीता है।

नोट: टोक्यो 2020 पैरालंपिक में भारत के लिए यह दूसरा पदक है। उन्होंने 2.06 मीटर की छलांग लगाई और ऐसा करके उन्होंने एक एशियाई रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने अमेरिका के डालस वाइज की छलांग की बराबरी भी की, जिन्होंने भी रजत पदक अपने नाम किया।

38. भारतीय पैरा-एथलीट **सुमित अंतिल** ने टोक्यो पैरालंपिक के फाइनल में स्वर्ण जीतने के बाद भाला फेंक में रिकॉर्ड तीन बार स्वर्ण पदक जीता।

नोट: इसके साथ, F64 श्रेणी में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी, सुमित अंतिल ने टोक्यो पैरालंपिक में भारत का दूसरा और एथलेटिक्स में पहला स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा के सोनीपत के 23 वर्षीय अंतिल, जिन्होंने 2015 में एक मोटरबाइक दुर्घटना के बाद घुटने के नीचे का अपना बायां पैर खो दिया था, ने अपने पांचवें प्रयास में 68.55 मीटर दूर भाला फेंका, जो पर्याप्त दूरी के लिए दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और एक नया विश्व रिकॉर्ड था।

39. पैरा-एथलीट **देवेंद्र झाझरिया** ने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में पुरुषों की भाला फेंक F46 फाइनल में रजत पदक जीता।

नोट: इससे पहले उन्होंने दो बार स्वर्ण पदक जीता था। 2004 और 2016 के खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहले से ही भारत के सबसे महान पैरालंपियन 40

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

वर्षीय झाझरिया ने 64.35 मीटर के एक नए व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत जीता।

40. भारतीय ग्रैंडमास्टर, **पी. इनियान** ने नोइसील, पेरिस में नोइसील इंटरनेशनल ओपन टूर्नामेंट जीता।

नोट: 23 अगस्त से 28 अगस्त तक आयोजित इस कार्यक्रम में इनियान ने 9 राउंड में 8 अंक हासिल किए। यूक्रेन के ग्रैंड मास्टर सोलोडोव्निचेंको यूरी 7.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि फ्रांस के ग्रैंड मास्टर कैम्ब्रेथ यानिक तीसरे स्थान पर रहे। टूर्नामेंट क्लासिकल टाइम कंट्रोल के साथ 9 राउंड का स्विस सिस्टम था। इस कार्यक्रम में 9 देशों के कुल 54 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

41. बेल्जियम ग्रैंड प्रिक्स 2021 **मैक्स वेर्स्टाप्पेन** ने जीती।

नोट: पोल-सिटर वेर्स्टाप्पेन को आधे अंक प्रदान किए गए, जिसने उन्हें ड्राइवरों की चैंपियनशिप में लुईस हैमिल्टन के तीन अंकों के भीतर पहुंचाया। विलियम्स के जॉर्ज रसेल फॉर्मूला वन के इतिहास में सबसे छोटी रेस (सभी 14 किलोमीटर) में दूसरा और हैमिल्टन की मर्सिडीज ने तीसरा स्थान हासिल किया।

पुस्तकें एवं लेखक

1. 'इन एन आइडियल वर्ल्ड' पुस्तक के लेखक **कुणाल बसु** हैं।

नोट: उपन्यास पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा प्रकाशित किया जाएगा। उपन्यास कॉलेज, राजनीति, परिवार, अपराध जांच और कट्टरता जैसे विभिन्न विषयों के साथ एक शक्तिशाली, दृढ़ और तेज-तर्रार साहित्यिक उपन्यास है। कुणाल बसु द जैपनीज़ वाइफ, द ओपियम क्लर्क, द मिनिएचरिस्ट, रेसिस्ट्स, द येलो एम्परर्स क्योर और सरोजिनीस मदर्स के लिए जाने जाते हैं।

2. "बालाकोट एयर स्ट्राइक: हाउ इंडिया एवेंज्ड पुलवामा" पुस्तक **मनन भट्ट** ने लिखी।

नोट: प्रकाशक के अनुसार, "एड्रेनलिन-पुशिंग एक्शन" के साथ "एक जीवंत रोमांचक" पुस्तक पाठकों की देशभक्ति को प्रेरित करेगी और उन्हें सशस्त्र बलों के प्रति कृतज्ञता और गर्व की भावना से भर देगी। 'दो महत्वपूर्ण घटनाओं' का विस्तृत ब्योरा देने वाली इस पुस्तक में "CRPF की बस को आत्मघाती बम हमलावर द्वारा टक्कर मारे जाने से पहले के कुछ क्षणों से लेकर बालाकोट में बम गिराये जाने के दौरान वायुसेना के विमान चालकों के बीच की आपसी बातचीत तथा इन दो घटनाओं के 12 दिनों के बीच के संवाद आदि सारी चीजें" समेटने का दावा किया गया है।

3. "द खान ऑफ खेल खुदाई" पुस्तक **हर्ष भारतुला** ने लिखी है।

नोट: पुस्तक पाठकों को संस्कृति तथा कई संस्थाओं - अफगानी और गैर-अफगानी के जटिल सैन्यव्यूहन की एक अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। कहानी पाठकों का ध्यान खींचती है, विशेषकर तब जब अफगानिस्तान में राजनीतिक परिस्थितियां दुनिया भर में सुर्खियां बनीं हुई हैं।

4. "लेपर्ड डायरीज़: द रोसेट इन इंडिया" नामक पुस्तक **संजय गुब्बी** ने लिखी।

नोट: वन्यजीव जीवविज्ञानी संजय गुब्बी द्वारा लिखित पुस्तक "लेपर्ड डायरीज: द रोसेट इन इंडिया" पुस्तक हाल ही में विमोचित की गई है। इस पुस्तक में उन्होंने तेंदुए-मानव संघर्ष को दूर करने के सुझावों के साथ-साथ तेंदुए की भोजन की आदतों, पारिस्थितिक संदर्भ और संरक्षण के बारे में बताया है।

5. "माई ओन मझगांव" पुस्तक **रमेश बाबू** ने लिखी।

नोट: इंडस सोर्स बुक्स द्वारा प्रकाशित पुस्तक में मझगांव के इतिहास और कहानी को दर्शाया गया है, वह द्वीप जिसे एक इकाई बॉम्बे के रूप में मिला दिया गया था। पुस्तक मझगांव के विस्मृत इतिहास को पुन: खोजती है और माझा गांव, या 'माई ओन विलेज' की

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

पहचान को पुनर्जीवित करती है। कैप्टन रमेश बाबू मझगांव डॉक में भारतीय नौसेना में सेवा देने के बाद मुंबई से सेवानिवृत्त हुए।

6. 'ए बेगम एंड ए रानी' पुस्तक **रुद्रांगशु मुखर्जी** ने लिखी।
नोट: यह पुस्तक पेंगुइन हाउस द्वारा प्रकाशित की गई थी। यह पुस्तक विद्रोह में दो महिलाओं की कहानी कहती है। बेगम और रानी के मरणोपरांत जीवन ने विभिन्न रंग ग्रहण किए हैं।

7. 'हाउ द अर्थ गॉट इट्स ब्यूटी' पुस्तक **सुधा मूर्ति** ने लिखी।
नोट: पुस्तक पेंगुइन रैंडम हाउस के इंप्रिंट पफिन द्वारा प्रकाशित की गई है, और इसमें प्रियंका पचपांडे के चित्रण हैं। पुस्तक युवा, उभरते पाठकों के लिए भारत के कुछ बेहतरीन कहानीकारों की रचनाओं को सुंदर चित्रमय संस्करणों में पेश करती है। सुधा मूर्ति इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष हैं।

8. 'ए डेथ इन शोनागाछी' पुस्तक **रिजुला दास** ने लिखी है।
नोट: पुस्तक पैन मैकमिलन इंडिया के इंप्रिंट पिकाडोर इंडिया द्वारा प्रकाशित की गई है। भारत के बाहर वर्ल्ड इंग्लिश के अधिकार जून 2022 में "स्मॉल डेथ्स" शीर्षक के साथ प्रकाशन के लिए अमेज़ॅन क्रॉसिंग को बेचे गए हैं। रिजुला दास पश्चिम बंगाल की एक लघु कथाकार हैं जो अभी वेलिंगटन, न्यूज़ीलैंड में हैं। उन्होंने नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, सिंगापुर में लेखन शिक्षा प्रदान की है।

9. "द ईयर दैट वाज़ नॉट - द डायरी ऑफ ए 14-ईयर-ओल्ड" पुस्तक **ब्रिशा जैन** ने लिखी है।
नोट: अनुभवी अभिनेत्री शबाना आज़मी ने कोलकाता की बालिका ब्रिशा जैन द्वारा लिखित "द ईयर दैट वाज़ नॉट - द डायरी ऑफ ए 14-ईयर-ओल्ड" पुस्तक विमोचित की। पुस्तक एक 14 वर्षीय लड़की द्वारा लिखी गई थी, जो पिछले वर्ष फैली कोविड -19 महामारी के रूप में अपनी आंखों से देखे गए लॉकडाउन के दिनों को व्यक्त करती है।

10. 'लाहौर: बुक 1 ऑफ द पार्टिशन ट्रिलॉजी' पुस्तक के लेखक **मनरीत सोढ़ी सोमेश्वर** हैं।
नोट: हार्पर कॉलिन्स पब्लिशर इंडिया द्वारा प्रकाशित पुस्तक भारत की स्वतंत्रता के अशांत वर्षों की कहानी बताती है। 'लाहौर: बुक 1 ऑफ द पार्टिशन ट्रिलॉजी' जो तीन पुस्तकों में पहली है, लाहौर में आम लोगों और महिलाओं पर विभाजन के प्रभावों पर चर्चा करती है।

11. 'रामराव: द स्टोरी ऑफ इंडियाज फार्म क्राइसिस' पुस्तक **जयदीप हार्डिकर** ने लिखी।
नोट: यह पुस्तक हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित की गई थी, यह पुस्तक 'सॉफ्टकवर' पर जारी की गई थी, जो चुनिंदा नॉन-फिक्शन पुस्तकों को विमोचित करने के लिए द प्रिंट का ई-वेन्यू है। इस पुस्तक का उद्देश्य भारत में जारी किसान आंदोलन और कृषि संबंधी आत्महत्याओं को एक व्यक्ति के अनुभव के इर्द-गिर्द केंद्रित करके प्रासंगिक बनाना है।

12. "द ड्रीम ऑफ रेवोल्यूशन: ए बायोग्राफी ऑफ जयप्रकाश नारायण" पुस्तक **बिमल प्रसाद और सुजाता प्रसाद** के द्वारा लिखी गई है।
नोट: पुस्तक क्रांतिकारी नेता और स्वतंत्र कार्यकर्ता जयप्रकाश नारायण की जीवनी को दर्शाती है, जिन्हें लोकप्रिय रूप से जेपी या लोक नायक कहा जाता है। पुस्तक का प्रकाशन पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा किया जाएगा।

13. “लेट्स गो टाइम ट्रैवलिंग अगेन: इंडियंस थ्रू द एज” पुस्तक **सुभद्रा सेन गुप्ता** ने लिखी।
नोट: पुस्तक का विमोचन पफिन बुक्स द्वारा किया गया, जो पेंगुइन बुक्स का बालपुस्तिका प्रकाशक है। सेन साहित्य अकादमी के बाल साहित्य पुरस्कार 2015 के विजेता थे। प्रसिद्ध पुस्तकें- मिस्ट्री ऑफ द हाउस ऑफ पिजन, ट्वैल्व ओ क्लॉक घोस्ट स्टोरीज़, 'जोध बाई' और 'ए क्लॉन फॉर तेनाली राम'।

14. "मिशन डोमिनेशन: एन अनफिनिश्ड क्वेस्ट" पुस्तक **बोरिया मजूमदार और कुषाण सरकार** ने लिखी।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: पुस्तक साइमन एंड शूस्टर पब्लिशर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रकाशित है। पुस्तक कई भारतीय क्रिकेटरों जैसे ऋषभ पंत, रोहित शर्मा, शुभमन गिल, आर. अश्विन, चेतेश्वर पुजारा के जीवन की घटनाओं पर आधारित लघु कथाओं के बारे में बताती है।

15. 'बैटलफील्ड' पुस्तक के लेखक **विश्राम बेडेकर** हैं।
नोट: 'बैटलफ़ील्ड' पुस्तक विश्राम बेडेकर द्वारा लिखी गई है, जिसका अनुवाद जैरी पिंटो द्वारा मराठी मूल की रणांगण पुस्तक से किया गया है। यह पुस्तक जहाज पर सवार एक भारतीय पुरुष तथा एक जर्मन-यहूदी महिला के बीच की प्रेमकथा है, जो द्वितीय विश्व युद्ध से पहले यूरोप से भाग गए थे।

16. 'एड्रेस बुक: ए पब्लिशिंग मेमॉयर इन द टाइम ऑफ कोविड' पुस्तक **रितु मेनन** ने लिखी।
नोट: मेनन, जिन्होंने 1983 में भारत की पहली नारीवादी प्रेस, काली फॉर वुमेन की सह-स्थापना की, KfW की सहयोगी संस्था, वुमेन अनलिमिटेड की संस्थापक-निदेशक हैं। मार्च 2020 में लॉकडाउन शुरू होने के कई सप्ताह बाद, मेनन ने एक डायरी लिखनी शुरू की।

विज्ञान एवं रक्षा

1. **IIT मद्रास** ने वर्चुअल रियलिटी के लिए देश का पहला कंसोर्टियम 'कंसोर्टियम फॉर VR/AR/MR इंजीनियरिंग मिशन इन इंडिया' (CAVE) लॉन्च किया है।
नोट: इस कंसोर्टियम का मुख्य उद्देश्य सदस्यों को वर्चुअल रियलिटी, ऑगमेंटेड रियलिटी, मिक्स्ड रियलिटी (XR) और हैप्टिक्स में एक साथ नई उन्नत तकनीक तथा एप्लिकेशन निर्माण में सक्षम बनाना है। उनकी अनुसंधान साझेदारी औद्योगिक प्रायोजकों और उद्योग, शिक्षा जगत एवं सरकार के प्रतिभागियों के साथ चालू की जाएगी। कंसोर्टियम सभी हितधारकों, सरकारी नीति निर्माताओं और अनुसंधान संस्थानों के साथ सर्वोत्तम अभ्यासों, संवाद को बढ़ाएगा। इसका उद्देश्य वर्चुअल, ऑगमेंटेड और मिक्स्ड रियलिटी में रुचि रखने वाले उद्योग, शिक्षा जगत, उपभोक्ताओं एवं नीति निर्माताओं के लिए एक संसाधन बनना है।

2. जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (JICA) ने **IIT हैदराबाद** में भारत सरकार के साथ भविष्य के शोधकर्ताओं हेतु परियोजना के लिए एक रिकॉर्ड ऑफ डिस्कशन (RoD) पर हस्ताक्षर किया है।
नोट: एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, परियोजना का उद्देश्य भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-हैदराबाद (IIT-H) में भारत और जापान के बीच शैक्षणिक तथा औद्योगिक सहयोग के लिए एक स्थायी मंच स्थापित करना है। संस्थान में JICA के विशेषज्ञों को भेजा जाएगा और इसके लिए विभिन्न पहलों को लागू किया जाएगा।

3. भारतीय और रूसी सेनाओं के बीच संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास 'INDRA 2021' **वोल्गोग्राड, रूस** में आयोजित किया गया।
नोट: अभ्यास भारतीय तथा रूसी सेनाओं के बीच पारस्परिकता को बढ़ाएगा। अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के आदेश के तहत संयुक्त रूप से आतंकवाद विरोधी अभियानों की योजना बनाने और इनके आयोजन के लिए भारतीय और रूसी सेनाओं के बीच संयुक्त प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करना है। अभ्यास के आयोजन में दोनों दलों के विशेषज्ञ समूहों के बीच अकादमिक चर्चा भी होगी।

4. भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित विमानवाहक पोत **INS विक्रांत** का कोच्चि तट से दूर समुद्री परीक्षण शुरू किया गया।
नोट: इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने भारत को उन गिने-चुने राष्ट्रों की विशेष सूची में शामिल कर दिया है जिनके पास इन शक्तिशाली नौसैनिक जहाजों के निर्माण की क्षमता है। अगले वर्ष नौसेना में शामिल

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

होने के बाद स्वदेशी विमान वाहक (IAC) का नाम INS विक्रांत होगा, जो भारतीय नौसेना का पहला विमानवाहक पोत था, जिसे 35 से अधिक वर्षों की सेवा के बाद 1997 में सेवामुक्त किया गया था।

5. ओडिशा में गोपालपुर के धरोहर तटीय बंदरगाह पर पहुंचने वाला पहला भारतीय नौसेना जहाज **INS खंजर** है।

   नोट: INS खंजर दो दिवसीय आजादी का अमृत महोत्सव के साथ-साथ स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ और 1971 के युद्ध की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित स्वर्णिम विजय वर्ष समारोह के अवसर पर गोपालपुर बंदरगाह पहुंचा। यह तटीय सुरक्षा एवं समुद्री ऑपरेशन के पहलुओं पर स्थानीय आबादी के साथ संबंधों को बढ़ाएगा और जागरूकता फैलाएगा।

6. भारत की प्रमुख सैन्य प्रदर्शनी, डेफएक्सपो (DefExpo) अगले वर्ष 11-13 मार्च **गांधीनगर, गुजरात में** तक आयोजित होगी।

   नोट: रक्षा मंत्रालय द्वारा हर 2 वर्ष में आयोजित किया जाने वाला डेफएक्सपो-2022 शो ऐसे समय आया है जब सरकार ने रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और भारत को सैन्य हार्डवेयर के निर्यातक के रूप में स्थापित करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है।

7. **UAE** की नौसेना के साथ भारतीय नौसेना ने द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'जायद तलवार 2021' आयोजित किया है।

   नोट: दोनों नौसेनाओं के बीच पारस्परिकता तथा तालमेल बढ़ाने के लिए नौसैनिक अभ्यास आयोजित किया गया था। भारतीय नौसेना ने फारस की खाड़ी में तैनात दो इंटीग्रल सी किंग MK 42B हेलीकॉप्टरों सहित INS कोच्चि के साथ भाग लिया। बेनुनाह श्रेणी के गाइडेड मिसाइल कार्वेट UAES अल-धाफ्रा और एक AS - 565B पैंथर हेलीकॉप्टर ने UAE से अभ्यास में भाग लिया।

8. भारत ने **सऊदी अरब** के साथ पहली बार नौसैनिक अभ्यास 'अल-मोहेद अल-हिंदी 2021' आयोजित किया।

   नोट: भारत तथा सऊदी अरब ने अपने बढ़ते रक्षा और सैन्य सहयोग को प्रदर्शित करते हुए अपना पहला नौसैनिक अभ्यास किया। भारतीय नौसेना के गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर INS कोच्चि ने अभ्यास में भाग लिया। अबू धाबी तट से दूर संयुक्त अरब अमीरात की नौसेना के साथ नौसैनिक अभ्यास करने के बाद युद्धपोत सऊदी अरब गया।

9. अर्धसैनिक बल, **भारत तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP)** ने पहली बार दो महिला अधिकारियों प्रकृति और दीक्षा को कॉम्बैट ऑफिसर के रूप में शामिल किया।

   नोट: मसूरी में ITBP अकादमी में प्रशिक्षण पूरा करने के बाद, उन्हें ITBP बटालियन में असिस्टेंट कमांडेंट के रूप में तैनात किया गया है। असिस्टेंट कमांडेंट अर्धसैनिक बलों में प्रवेश स्तर की ऑफिसर रैंक होती है। इससे पहले, इसमें केवल सिपाही रैंक में कॉम्बैट महिलाएं थीं।

10. प्रक्षेपण यान **GSLV F10** से इसरो श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, SHAR के दूसरे लॉन्च पैड से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह EOS-03 लॉन्च करेगा।

    नोट: EOS-03: पृथ्वी अवलोकन उपग्रह जिसे भू-समकालिक कक्षा में रखा जाएगा। इसका व्यास 4 मीटर है, तोरण आकार का पेलोड फेयरिंग इस मिशन में पहली बार लॉन्च किया जा रहा है। पेलोड जल निकायों, फसलों, वनस्पति की स्थिति और वन आच्छादन परिवर्तनों की निरंतर निगरानी करके प्राकृतिक आपदाओं का वास्तविक समय डेटा प्रदान करेगा। उपग्रह अपनी प्रणोदन प्रणाली का उपयोग करके अंतिम कक्षा में पहुंचेगा।

11. जम्मू-कश्मीर में 400 किमी 'जज्बा-ए-तिरंगा' रिले मैराथन के आयोजक **भारतीय थलसेना** हैं।

    नोट: इस मैराथन में 300 से अधिक सैनिकों ने भाग लिया जो भारतीय तिरंगे को नियंत्रण रेखा (LoC) के किनारे तक ले गए।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

12. भारतीय नौसेना ने **ऑस्ट्रेलिया** की नौसेना के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है जिसमें हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा तथा स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए साझा प्रतिबद्धता को मजबूत करने का प्रावधान है।
नोट: रक्षा मंत्रालय ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया - भारत नौसेना हेतु नौसेना संबंध के लिए संयुक्त मार्गदर्शन' दस्तावेज का उद्देश्य क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के लिए एक साझा दृष्टिकोण सुनिश्चित करना है। पिछले वर्ष जून में, भारत तथा ऑस्ट्रेलिया ने अपने संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष स्कॉट मॉरिसन के बीच एक ऑनलाइन समिट के दौरान रसद सहायता हेतु सैन्य बेस तक पारस्परिक पहुंच के लिए एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

13. नौसेना अभ्यास कोंकण-2021 संयुक्त रूप से भारत और **यूनाइटेड किंगडम** के बीच आयोजित किया गया।
नोट: भारत-यूके नौसेना अभ्यास में दो जहाजों के इंटीग्रल हेलीकाप्टरों और फाल्कन इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर एयरक्राफ्ट की भागीदारी थी। समन्वित पनडुब्बी रोधी प्रक्रियाओं, फायरिंग अभ्यास, संयुक्त समुद्री चित्र संग्रहण, युद्ध रचना कौशल और समुद्र में पुनःपूर्ति सहित व्यापक अभ्यास आयोजित किए गए।

14. अगस्त 2021 में, भारतीय नौसेना ने दक्षिण चीन सागर में **वियतनाम** के साथ द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास किया।
नोट: तदनुसार, भारतीय नौसेना पोत (INS) रणविजय और INS कोरा ने वियतनाम पीपुल्स नेवी फ्रिगेट VPNS Ly Thai To (HQ-012) के साथ द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास किया। यह द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास दोनों नौसेनाओं के बीच एक मजबूत बंधन को और मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। यह भारत-वियतनाम रक्षा संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक कदम है।

15. **DRDO** ने प्रतिपक्षी रडार खतरों के खिलाफ भारतीय वायु सेना (IAF) के लड़ाकू विमानों की सुरक्षा के लिए एक उन्नत चाफ प्रौद्योगिकी विकसित की है।
नोट: चाफ एक महत्वपूर्ण रक्षा तकनीक है जिसका उपयोग लड़ाकू विमानों को शत्रु के रडार से बचाने के लिए किया जाता है। भारतीय वायु सेना की वार्षिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए उद्योग को भारी मात्रा में उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी सौंपी गई है।

16. नौसेना अभ्यास कोंकण-2021 संयुक्त रूप से भारत और **यूनाइटेड किंगडम** के बीच आयोजित किया गया था।
नोट: भारत-यूके नौसेना अभ्यास में दो जहाजों के इंटीग्रल हेलीकॉप्टर और फाल्कन इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर एयरक्राफ्ट शामिल हुए। समन्वित पनडुब्बी रोधी प्रक्रियाओं, फायरिंग अभ्यास, संयुक्त समुद्री तस्वीर संकलन, कॉम्बैट फॉर्मेसन कौशल और समुद्र में पुनःपूर्ति सहित व्यापक अभ्यास आयोजित किए गए।

17. **IIT मद्रास** ने 'नियोबोल्ट' नामक भारत का पहला स्वदेशी मोटर चालित व्हीलचेयर वाहन विकसित किया है जिसका उपयोग न केवल सड़कों पर बल्कि असमतल स्थानों पर भी किया जा सकता है।
नोट: 'नियोबोल्ट' की अधिकतम गति 25 किमी प्रति घंटा है और यह एक बार पूरी तरह चार्ज होने पर 25 किमी तक जा सकती है। यह व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं को कार, ऑटो रिक्शा या मॉडीफाइड स्कूटर की तुलना में बाहर आवाजाही के सुविधाजनक, सुरक्षित और कम लागत वाले माध्यम से सशक्त बनाता है। नियोबोल्ट एक लिथियम-आयन बैटरी द्वारा संचालित है जिससे प्रति चार्ज पर 25 किलोमीटर की दूरी तय होगी।

18. द्विपक्षीय भारतीय-अमेरिकी नौसेना अभ्यास मालाबार-21 संयुक्त राज्य अमेरिका के **गुआम द्वीप** क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है।
नोट: समुद्री अभ्यास की मालाबार श्रृंखला 1992 में एक द्विपक्षीय भारतीय-अमेरिकी नौसेना अभ्यास के रूप में शुरू हुई और बीते वर्षों में प्रशांत तथा हिंद महासागर क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका की चार प्रमुख नौसेनाओं के शामिल होने के साथ इसके कद में वृद्धि हुई है। यह अभ्यास समान सोच रखने वाली नौसेनाओं के लिए पारस्परिकता बढ़ाने,

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

सर्वोत्तम कार्य-प्रणालियों से लाभ उठाने और समुद्री सुरक्षा ऑपरेशन के लिए एक सामान्य प्रक्रिया समझ विकसित करने का अवसर प्रदान करेगा।

19. संयुक्त नौसैनिक अभ्यास, 'जैर-अल-बहर' का दूसरा संस्करण भारत और **संयुक्त अरब अमीरात** के बीच आयोजित किया गया।

नोट: अभ्यास के इस संस्करण में तीन दिवसीय बंदरगाह चरण के बाद दो दिवसीय समुद्री चरण आयोजित हुआ। समुद्री चरण में सामरिक समुद्री अभ्यास हुए जिनमें सतही कार्यवाही, समुद्री डकैती-रोधी अभ्यास, वायु रक्षा, समुद्री निगरानी, बोर्डिंग ऑपरेशन और SAR अभ्यास शामिल हैं।

20. **रूस** 2023 तक भारत को क्रिवैक श्रेणी के स्टील्थ फ्रिगेट वितरित करेगा।

नोट: भारत तथा रूस ने अक्टूबर 2016 में चार क्रिवैक या तलवार श्रेणी के स्टील्थ फ्रिगेट के लिए एक अंतर-सरकारी समझौते (IGA) पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते के तहत, दो फ्रिगेट सीधे रूस से खरीदे जाने थे जबकि दो गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL) द्वारा बनाए जाने थे।

21. भारत-कजाकिस्तान संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास KAZIND-21 का पांचवां संस्करण **आयशा बीबी** में आयोजित किया जाएगा।

नोट: यह दोनों थल सेनाओं के बीच एक संयुक्त प्रशिक्षण है, जो भारत तथा कजाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देगा। यह भारत-कजाकिस्तान के सशस्त्र बलों को संयुक्त राष्ट्र के अधिकार-पत्र के तहत पहाड़ी, ग्रामीण परिदृश्यों में जवाबी कार्यवाही, आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए प्रशिक्षित करने का अवसर प्रदान करेगा।

22. मल्टी-मोड हैंड ग्रेनेड (MMHG) का पहला बैच नागपुर, महाराष्ट्र में भारतीय थलसेना को सौंपा गया। MMHG का निर्माण **इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव लिमिटेड (EEL)** ने किया है।

नोट: DRDO की टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के बाद, MMHG का निर्माण इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव लिमिटेड (EEL) द्वारा किया गया। ग्रेनेड घातक तथा सुरक्षित है और इसमें एक विशिष्ट डिजाइन है जो रक्षात्मक (विखंडन) और आक्रामक (अचेत) दोनों मोड में काम को लचीला बनाती है। इसमें अत्यधिक सटीक विलंब काल, उपयोग में उच्च विश्वसनीयता और परिवहन में सुरक्षित है।

23. अगस्त 2021 में, भारतीय नौसेना ने **फिलीपींस** के साथ दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में एक 'समुद्री भागीदारी अभ्यास' आयोजित किया है।

नोट: इसका उद्देश्य स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए समुद्री क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करना है। भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व भारतीय नौसेना के जहाज (INS) रणविजय और INS कोरा ने किया और फिलीपींस नौसेना के BRP एंटोनियो लूना, फ्रिगेट FF151 थे। इसमें दोनों नौसेनाओं के बीच पारस्परिकता समेकन के साथ कई सामरिक सैन्यव्यूहन शामिल थे।

24. **लॉकहीड मार्टिन** को 5 वर्ष की अवधि के लिए 12 C-130J-30 सुपर हरक्यूलिस एयरक्राफ्ट के भारतीय वायु सेना (IAF) बेड़े के लिए व्यापक सहायता प्रदान करने हेतु भारत सरकार की ओर से 328 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अनुबंध प्राप्त हुआ है।

नोट: इस अनुबंध के माध्यम से, लॉकहीड मार्टिन भारतीय वायुसेना के बेड़े को आवश्यक साजो-सामान और अभियांत्रिकीय सहायत अवयव प्रदान करेगा। इसका उपयोग मानवीय सहायता, एयरलिफ्ट, प्राकृतिक आपदा सहायता और खोज तथा बचाव कार्यों जैसे विभिन्न मिशनों में सहायता के लिए किया जाता है। लॉकहीड मार्टिन इन विमानों का मूल उपकरण निर्माता (OEM) है।

25. अंतर्राष्ट्रीय सैन्य तकनीकी फोरम 'ARMY 2021' का उद्घाटन **रूस** में हुआ।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: ARMY 2021 का आयोजन 22 अगस्त से 28 अगस्त 2021 तक किया जा रहा है। यह 2015 से रूसी संघ के रक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। यह वार्षिक फोरम का 7वां संस्करण है। यह आयुध तथा सैन्य उपकरणों की दुनिया की शीर्ष प्रदर्शनी है।

26. अपतटीय गश्ती पोत (OPV) ICGS विग्रह किस कंपनी द्वारा बनाया गया था जिसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा कमीशन किया गया।

नोट: L&T द्वारा भारतीय रक्षा मंत्रालय को पोत सौंपना अनुबंध के समय से पहले सभी सात OPV की सुपुर्दगी को पूरा करके 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। OPV लंबी दूरी के सतही जहाज हैं, जो द्वीप क्षेत्र सहित भारत के समुद्री क्षेत्रों में परिचालन में सक्षम हैं, जिनमें हेलीकॉप्टर परिचालन क्षमता भी है।

27. भारत और **जर्मनी** की नौसेनाओं ने यमन के निकट अदन की खाड़ी में एक संयुक्त अभ्यास किया।

नोट: भारतीय नौसेना के युद्धपोत "त्रिकंद" ने जर्मन युद्धपोत "बेयर्न" के साथ अभ्यास किया। अभ्यास में क्रॉस डेक हेलो (हेलीकॉप्टर) लैंडिंग और विजिट बोर्ड खोज तथा अभिग्रहण अभियान हुए। INS त्रिकंद को समुद्री डकैती रोधी गश्त के लिए अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है।

28. NSG ने 22 अगस्त से 28 अगस्त, 2021 तक 'गांडीव' नामक सप्ताह भर चलने वाले आतंकवाद विरोधी अभ्यास का आयोजन किया।

नोट: यह वार्षिक अभ्यास का तीसरा संस्करण है, जो NSG द्वारा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात तथा NCR के कई शहरों में बंधक तथा अपहरण जैसी स्थितियों पर इसका प्रतिक्रिया समय और प्रतिक्रिया की जांच के लिए आयोजित किया गया था। उद्देश्य: राज्य प्रशासन, पुलिस, आतंकवाद विरोधी दस्तों के आतंकवाद विरोधी कौशल को बढ़ाना और जनता के बीच जागरूकता उत्पन्न करना।

--------------0--------------

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

Gradeup Green Card

Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co